सुप्रभात
रांची, बुधवार
02.08.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net श्रावण (मलमास), कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा, संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 23



12 चंदू चैंपियन में कार्तिक आर्यन का फर्स्ट लुक रिलीज

SURJABASHA

## न्यूज डायरी

### बिहार में जारी रहेगी जातीय जनगणना

**पटना।** जातीय गनगणना पर नीतीश सरकार को बड़ी राहत मिली है। बिहार सरकार जनगणना करा सकेगी। पटना हाईकोर्ट ने अपना फैसला सुना दिया है। कोर्ट ने विरोधियों की सभी 6 याचिकाएं खारिज कर दी। हालांकि कोर्ट ने इसे जनगणना की तरह नहीं, सर्वे की तरह कराने की मंजूरी दी है। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस के विनोद चंद्रन ने यह फैसला सुनाया। याचिकाकर्ता के वकील दीनू कुमार ने कहा कि इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी जायेगी।

### अविश्वास प्रस्ताव पर 8-10 को होगी चर्चा

**नयी दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष की ओर से पेश अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा करने की तारीख तय कर ली गयी है। अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा आठ से दस अगस्त तक होगी। वहीं, अंतिम दिन पीएम नरेंद्र मोदी जवाब दे सकते हैं। इसका निर्णय लोकसभा की कार्य मंत्रणा समिति की बैठक में लिया गया। इसका विपक्षी दलों के गठबंधन और भारत राष्ट्र समिति ने बहिष्कार किया। इन विपक्षी दलों की मांग है कि प्रस्ताव पर तत्काल चर्चा शुरू हो।

### पांकी से जेजेएमपी का एरिया कमांडर धराया

**पलामू।** पलामू जिले की पांकी थाना पुलिस ने प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन जेजेएमपी (झारखंड जनमुक्ति परिषद) के एरिया कमांडर सुमन यादव उर्फ बीरेन्द्र यादव को गिरफ्तार किया है। जिले की पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन ने मंगलवार को गिरफ्तारी की पुष्टि की है।

### नहाने गये किशोर की डैम में डूबने से मौत

**कोडरमा।** जिले के डोमचांच थाना अंतर्गत प्रखंड कार्यालय के समीप स्थित कुपाय डैम में मंगलवार की सुबह परिवार के साथ नहाने गये एक किशोर (15) की डैम में डूबने से मौत हो गयी। उसकी पहचान डोमचांच थाना क्षेत्र के महथाडीह के आदित्य कुमार (17) पिता स्वर्गीय अजय साव के रूप में हुई है।

### संजय तिवारी समेत 3 के खिलाफ आरोप गठित

**रांची।** मिड डे मील की करोड़ों रुपये की राशि घोटाले के आरोपित संजय तिवारी, राजू वर्मा और सुरेश कुमार के खिलाफ मंगलवार को ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत ने आरोप गठित कर दिया। एसबीआई धुर्वा ब्रांच से करीब 100 करोड़ भानू कंस्ट्रक्शन के 34 खातों में अवैध तरीके से स्थानांतरित कर दिये गये थे।

### राज्यसभा में प्रेस पंजीयन विधेयक पेश

**नयी दिल्ली।** सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने मंगलवार को राज्यसभा में प्रेस एवं पाक्षिक पंजीकरण विधेयक 2023 पेश किया। भोजन अवकाश के बाद सभापति जगदीप धनखड़ ने विपक्ष के हंगामे के बीच प्रेस एवं पाक्षिक पंजीकरण विधेयक 2023 पेश कराया।

### वक्फ बोर्ड के गठन की प्रक्रिया की मांग

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मंगलवार को झारखंड विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में झारखंड कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर एवं ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने मुलाकात की। भेंट वार्ता के दौरान सीएम से उन्होंने राज्य में अल्पसंख्यक आयोग एवं वक्फ बोर्ड के गठन की प्रक्रिया को जल्द पूरा करने का आग्रह किया।

**गहना आभूषण**

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 56,000 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 74,000 रु./प्रति किलो |

## हंगामा और भाजपा के वॉकआउट के बीच अनुपूरक बजट पारित, झामुमो ने कहा

# जो नेता नहीं चुन सके, वे सदन कर रहे बाधित

- सदन की कार्यवाही बुधवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित
- भाजपा विधायकों ने की नियोजन नीति को स्पष्ट करने की मांग
- अनंत ओझा ने की राज्य को सूखा घोषित करने की मांग

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** विधानसभा के मानसून सत्र के तीसरे दिन मंगलवार को जमकर हंगामा हुआ। हंगामे के बीच अनुपूरक बजट पर सत्ता और विपक्ष के सदस्यों ने सदन में अपनी बात रखी। दोपहर बाद भाजपा विधायकों के वॉकआउट के बीच सदन ने ध्वनिमत से 11,988 करोड़ रुपये का अनुपूरक बजट पारित कर दिया।

इसके पहले अनुपूरक बजट पर अपना पक्ष रखते हुए सत्ता पक्ष के विधायक सुदिव्य सोनू ने कहा कि भाजपा नहीं चाहती कि सदन के समय का सदुपयोग हो। उन्होंने भाजपा पर तंज करते हुए कहा कि वह आज तक अपना नेता नहीं चुन सकी। सुदिव्य सोनू के वक्तव्य के दौरान भाजपा विधायक वेल पर हंगामा करते रहे। वे सरकार हाय-हाय के नारे लगाते रहे। बजट पास होते ही हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही बुधवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गयी।

**विधि-व्यवस्था पर चर्चा हो :** इससे पूर्व दूसरी पाली शुरू होते ही विपक्ष ने हंगामा करना शुरू किया। भाजपा विधायक अमर बाउरी ने साफ कहा कि उनकी पार्टी सदन में अनुदान की मांगों पर चर्चा नहीं करेगी। राज्य के रोजगार, लॉ एंड ऑर्डर, भ्रष्टाचार पर चर्चा होनी चाहिए। इस दौरान विपक्षी सदस्य हंगामा करते रहे। स्पीकर रवींद्रनाथ महतो विपक्षी सदस्यों को अपने सीट पर बैठने का आग्रह कर रहे थे।

### सदन के बाहर भाजपा का प्रदर्शन, राज्य को अविलंब सूखा क्षेत्र घोषित करने की मांग



सदन के बाहर अपनी विभिन्न मांगों को लेकर नारेबाजी करते भाजपा विधायक।

मानसून सत्र के तीसरे दिन भाजपा विधायकों ने सदन के बाहर प्रदर्शन किया। सीढ़ियों में बैठे भाजपा विधायक नियोजन नीति को स्पष्ट करने की मांग कर रहे थे। विधायकों ने राज्य सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया। उन्होंने सूबे को सुखाड़ क्षेत्र घोषित करने की मांग की। विधायक बिरंची नारायण नियोजन नीति को स्पष्ट करने की मांग कर रहे हैं। अपर्णा सेन गुप्ता ने हाथों में तख्ती लेकर धनबाद के निरसा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पांड्रा को अविलंब चालू करने की मांग की। अनंत ओझा हाथ में तख्ती लिये राज्य को सूखा घोषित करने की मांग कर रहे थे। बिरंची नारायण ने कहा कि राज्य में सुखाड़ की स्थिति है। राज्य सरकार लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति बदतर है। भाजपा के विधायक 60- 40 नाय चलतो... का नारा लगा रहे थे।

#### भाजपा के पेट में दर्द हो रहा है : मंत्री

सुखाड़ और नियोजन नीति को लेकर श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि सरकार अपना काम कर रही है। भाजपा को बेवजह पेट में दर्द हो रहा है। श्री भोक्ता ने कहा कि राज्य सरकार सुखाड़ को लेकर चिंतित है। पिछले वर्ष भी स्थिति अनुकूल नहीं होने से सरकार के द्वारा किसानों को विशेष सहायता राशि दी गयी थी। इस बार भी मौसम पर नजर रखी जा रही है, यदि समुचित वर्षा नहीं होती है तो सरकार इस पर आगे कदम उठायेगी।

#### मणिपुर में राष्ट्रपति शासन की मांग

इधर, राजभवन के समीप महागंठबंधन आइएनडीआइए के घटक दलों में शामिल नेताओं और कार्यकर्ताओं ने मणिपुर हिंसा के विरोध में मंगलवार को राजभवन के बाहर धरना दिया और मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की। इस संबंध में नेताओं ने झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को एक ज्ञापन भी सौंपा। धरना-प्रदर्शन में कांग्रेस, झामुमो, राजद के साथ-साथ घटक दलों की अन्य पार्टियां भी शामिल थीं। नेताओं ने कहा कि वे अपनी बातों को धीरे-धीरे पंचायत से लेकर पूरे राज्य तक पहुंचायेंगे, ताकि आने वाले दिनों में लोगों को केंद्र की नीतियों की जानकारी मिल सके और भाजपा को सत्ता से उखाड़ फेंकने में मदद मिल सके। (पेज 2 भी देखें)

## पवार की मौजूदगी में मोदी को लोकमान्य तिलक पुरस्कार

# अविश्वास के माहौल में देश का विकास संभव नहीं : पीएम

**एजेंसी**



**पुणे।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बाल गंगाधर तिलक की 103वीं पुण्यतिथि के मौके पर मंगलवार को पीएम नरेंद्र मोदी को यहां लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पीएम मोदी ने यहां राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी सुप्रीमो शरद पवार की मौजूदगी में यह पुरस्कार ग्रहण किया। इस मौके पर मोदी ने कहा कि अगर अविश्वास का माहौल है तो विकास असंभव है। पीएम ने कहा, अगर विदेशी आक्रमणकारियों के नाम पर रखी गयी चीजों का नाम बदल दिया जाता है तो आज कुछ लोग असहज हो जाते हैं। जब किसी पुरस्कार का नाम लोकमान्य तिलक के नाम पर रखा जाता है तो जिम्मेदारी बढ़ जाती है। इस अवसर पर पवार ने कहा कि भारत में पहली सर्जिकल स्ट्राइक छत्रपति शिवाजी के कार्यकाल में हुई थी।

**मैं भाग्यशाली हूं :** मोदी ने कहा, मैं बहुत भाग्यशाली हूं कि मुझे यह पुरस्कार मिला, जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपना पूरा जीवन बलिदान कर दिया। खुशकिस्मत हूं कि मुझे यह प्रतिष्ठित पुरस्कार लेने के लिए पुणे की इस पवित्र भूमि पर आने का अवसर मिला।

**गठबंधन का अनुरोध ठुकराया :** कार्यक्रम से पहले, शरद पवार ने मोदी के साथ मंच साझा न करने के विपक्षी गठबंधन के सदस्यों के अनुरोध ठुकरा दिया।

(शेष पेज 11 पर)

# अब बदल जायेंगे जन्म और मृत्यु रजिस्ट्रेशन के नियम, बिल पास

## लोकसभा में संबंधित विधेयक पर बोले मंत्री, किसी शंका की गुंजाइश नहीं

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** लोकसभा ने मंगलवार को विपक्षी दलों के सदस्यों के भारी शोर-शराबे के बीच जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण (संशोधन) विधेयक, 2023 को मंजूरी प्रदान की। नये कानून के प्रभाव में आने पर जन्म लेने वाले किसी व्यक्ति के लिए किसी शैक्षणिक संस्थान में दाखिले, ड्राइविंग लाइसेंस जारी करने, मतदाता सूची तैयार करने, नौकरी को लेकर जन्म प्रमाणपत्र को एक ही दस्तावेज के रूप में प्रयोग करने की बात है।

इसमें लोगों की सुविधा और फायदे के लिए जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र के डिजिटल रजिस्ट्रेशन और समाधान का प्रावधान किया गया है। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने सदन में संक्षिप्त चर्चा का जवाब दिया और विधेयक को सदन ने ध्वनिमत से अपनी स्वीकृति दी। चर्चा का जवाब देते हुए राय ने कहा कि इस विधेयक में किसी तरह की शंका की कोई गुंजाइश नहीं है क्योंकि मोदी सरकार इस विधेयक को बहुत ही पवित्र मन से लायी है।

(शेष पेज 11 पर)

### किसी राज्य को आपत्ति नहीं थी

गृह राज्य मंत्री कहा कि लोगों के लिए सुविधाओं को सुगम बनाने के मसकद से यह विधेयक लाया गया है और यह जनहित में लाया गया विधेयक है। मंत्री के अनुसार, इस विधेयक में सभी राज्यों से परामर्श लिया गया, लेकिन किसी ने कोई आपत्ति नहीं की। उन्होंने कहा कि इस विधेयक से जन्म एवं मृत्यु के प्रमाणपत्र का रजिस्ट्रेशन आसान हो जायेगा। चर्चा में भाग लेते हुए भाजपा के गुमान सिंह डामोर ने कहा कि इस संशोधन से आम लोगों को फायदा होगा। इससे जन्म एवं मृत्यु का डेटाबेस बनाया जा सकेगा जिससे विकास की योजनाओं को तैयार करने में मदद मिलेगी। इससे आम लोगों को काफी राहत मिलेगी। लोगों को भागदौड़ करने से मुक्ति मिलेगी।

#### चोर दरवाजे से एनआरसी लाने की यह तैयारी : ओवैसी

एआइएमआइएम के असदुद्दीन ओवैसी ने आरोप लगाया कि यह पिछले दरवाजे से लायी जाने वाली एनआरसी (राष्ट्रीय नागरिक पंजी) है। उन्होंने कहा कि सरकार को बताना चाहिए कि जनगणना कब होगी। ओवैसी ने कहा कि इस विधेयक को स्थायी समिति के पास भेजा जाना चाहिए। बहुजन समाज पार्टी की संगीता आजाद और कुछ अन्य सदस्यों ने भी चर्चा में भाग लिया।

# सीएम ने रवाना किया एलइडी प्रचार वाहन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** पेयजल एवं स्वच्छता विभाग अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में जन-जागरूकता के लिए विधान सभा परिसर से एलईडी प्रचार वाहन को सीएम ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके शुभारंभ के मौके स्पीकर रबींद्र नाथ महतो, मंत्री आलमगीर आलम, विभागीय मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, मंत्री बादल पत्रलेख, मंत्री हफिजुल हसन अंसारी के अलावा अन्य विधायक उपस्थित थे। प्रचार रथ को रवाना करने के बाद मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि इस एईडी वाहन की मॉनिटरिंग राज्य सरकार करेगी। साथ ही, इस वाहन में आधी हिस्सेदारी केंद्र सरकार व आधा राज्य सरकार का होगा।

# एम्स के बाद अब धनबाद से छिन सकता है सुपर स्पेशियलिटी का तमगा

- अत्याधुनिक मशीनें भेजी जायेंगी एम्स कल्याण और जबलपुर

**सुधीर**

**रांची।** शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (एसएनएमएमसीएच) धनबाद से एम्स के बाद सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल का तमगा छिन सकता है। यहां लायी गयी अत्याधुनिक मशीनों को एम्स कल्याण व जबलपुर भेजने की तैयारी चल रही हैं। हॉस्पिटल को मशीनें उपलब्ध करानेवाली एजेंसी हाइट्स ने कहा है कि निकट भविष्य में अस्पताल शुरू होने के आसार नहीं दिख रहे हैं। ऐसे में यहां पड़ी-पड़ी मशीनें खराब हो जायेंगी। इसलिए मशीनों को दूसरी जगह शिफ्ट करना जरूरी है। इससे एसएनएमएमसीएच कैंपस में बने सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के शुरू होने का सपना टूटता दिख रहा है। एजेंसी ने कहा है कि जब सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल शुरू होगा, तो दूसरी मशीनें धनबाद के लिए मुहैया करायी जायेगी। एसएनएमएमसीएच कैंपस में सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल बनकर तैयार है, पर चिकित्सक नहीं मिलने के कारण इसे शुरू नहीं किया जा सका है। (शेष पेज 11 पर)

> सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के लिए मशीन मुहैया कराने वाली एजेंसी हाइट्स ने मशीनों को दूसरी जगह शिफ्ट करने संबंधित जानकारी दी है। हालांकि, अबतक मशीनों को दूसरी जगह शिफ्ट करने संबंधित कोई लिखित निर्देश केंद्रीय स्वास्थ्य मुख्यालय से प्राप्त नहीं हुआ है। मुख्यालय से जैसा निर्देश आयेगा। उसी के आधार पर आगे कार्य किया जायेगा। -**डॉ ज्योति रंजन प्रसाद, प्राचार्य, एसएनएमएमसीएच, धनबाद।**

# कारोबारी विष्णु अग्रवाल की रिमांड पर आज सुनवाई

- जमीन घोटाले में गिरफ्तार अग्रवाल भेजे गये जेल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** जमीन घोटाले में गिरफ्तार झारखंड के बड़े कारोबारी विष्णु अग्रवाल को इडी की विशेष अदालत दिनेश राय की कोर्ट में पेश किया गया। ईडी ने सात दिनों की रिमांड की मांगी, जिस पर बुधवार को बहस होगी। सोमवार को लंबी पूछताछ के बाद इडी नें उन्हें बरियातू के चेशायर होम रोड में एक एकड़ की जमीन खरीदने के मामले में देर रात गिरफ्तार किया था। न्यूक्लियस मॉल के मालिक विष्णु अग्रवाल को इडी कोर्ट ने न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। जमीन घोटाले में और पूछताछ के लिए इडी उन्हें रिमांड पर लेने वाली है। रिमांड मंजूर होने पर उन्हें बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार से इडी दफ्तर लाया जायेगा। इससे पहले कोर्ट में गिरफ्तारी का विरोध करते हुए व्यवसायी के अधिवक्ता ने उनकी गिरफ्तारी के कारणों की लिखित में ईडी से जानकारी मांगी।

(शेष पेज 11 पर)

# कहीं गुम हो गया पीटीआर का इकलौता बाघ, सघन खोज जारी

## खोजने में लगाये गये हैं 300 से अधिक वनकर्मी और 500 से अधिक कैमरे

**खबर मन्त्र टीम**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** नेशनल टाइगर कंजर्वेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने हाल में ही बाघों की गिनती से संबंधित आंकड़े जारी किया है। इस रिपोर्ट में पलामू टाइगर रिजर्व (पीटीआर) के इलाके में एक बाघ को बताया गया, लेकिन यह बाघ कहां है? किसी के पास कोई जानकारी नहीं है। लापता बाघ की तलाश में 300 से अधिक कर्मी, 500 से अधिक कैमरे लगाये गये हैं। पलामू टाइगर रिजर्व इलाके में पिछले चार महीने से बाघ नहीं देखा गया है। 18 मार्च को पलामू टाइगर रिजर्व के कुटकु रेंज में बाघ की तस्वीर और वीडियो कैद हुई थी। उसके बाद से पीटीआर के इलाके में कोई भी बाघ का वीडियो या तस्वीर निकल कर सामने नहीं आया।

दरअसल, यह बाघ मध्यप्रदेश के इलाके से पलामू टाइगर रिजर्व के इलाके में दाखिल हुआ था। (शेष पेज 11 पर)



पलामू टाइगर रिजर्व के इलाके में बाघ की तलाश में 300 से भी अधिक कर्मियों को तैनात किया गया है। पीटीआर का हिस्सा कोर और बफर एरिया में बंटा हुआ है। दोनों में 150-150 ट्रैकर की तैनाती की गयी है, इसके अलावा एक-एक दर्जन से अधिक वनरक्षी भी तैनात हैं। दोनों एरिया में बाघों पर निगरानी के लिए डीएफओ रैंक के अधिकारी तैनात किये गये हैं। बाघ की तलाश में विभिन्न इलाकों में 500 से अधिक ट्रैपिंग कैमरा लगाये गये हैं। बाघ की तलाश के लिए हर रेंज में अलग-अलग टीम बनायी गयी है। मार्च के अंतिम सप्ताह से ही बाघ की खोज के लिए अभियान चलाया जा रहा है, लेकिन बाघ की जानकारी नहीं मिल पा रही है।

#### कैसे होती है बाघों की गिनती

बाघों की गिनती में तकनीक के साथ अन्य तरीकों का भी सहारा लिया जाता है। बाघों की गिनती पग मार्क (पदचिह्न), स्कैट, शिकार, कैमरा ट्रैप आदि से पहले बाघों को चिह्नित किया जाता है। उसके बाद सभी के सैंपल को वाइल्ड लाइफ इंस्टिट्यूट देहरादून भेजा जाता है। वहां से रिपोर्ट मिलने के बाद बाघ की पुष्टि होती है। कई मामलों में स्कैट का डीएनए टेस्ट भी होता है। बाघों की निगरानी के लिए अलग-अलग टीम होती है। जिस इलाके में बाघ के मौजूद होने की जानकारी मिलती है, वहां ट्रैपिंग कैमरा लगाये जाते हैं।

### गार्डर लांचिंग मशीन गिरने से 15 की मौत

**मुंबई।** महाराष्ट्र के ठाणे में बड़ा हादसा हो गया है। यहां शाहपुर के पास एक गर्डर लॉन्चिंग मशीन गिरने से 15 लोगों की मौत हो गयी है। कई लोग लोग घायल हो गये हैं। जानकारी के अनुसार हाईवे पर रात में निर्माण कार्य के समय यह बड़ा हादसा हुआ। शाहपुर पुलिस का कहना है कि समृद्धि एक्सप्रेस हाईवे के तीसरे चरण का निर्माण हो रहा है। पुल तैयार करने में मशीन का इस्तेमाल किया जा रहा था। इसी दौरान 100 फीट की ऊंचाई से गर्डर मशीन गिर गयी। बताया जा रहा है कि अभी 10-15 लोग अब भी अंदर फंसे हो सकते हैं।

## खबर एक नजर में

### स्वास्थ्य निदेशालय ने 28 कर्मचारी बदले

**रांची।** स्वास्थ्य निदेशालय ने राज्य स्तर के 28 कर्मियों का तबादला कर दिया है। इसे लेकर सोमवार की देर रात अधिसूचना जारी कर दी गयी थी। निदेशक प्रमुख डॉ वीरेंद्र कुमार सिंह ने नियंत्री पदाधिकारी को निर्देश दिया है कि सभी कर्मचारियों को 6 अगस्त तक विरमित कर दें, अन्यथा 8 अगस्त से स्वतः विरमित समझे जाएंगे।

### धर्मेंद्र दीक्षित को निदेशक, संस्कृति का अतिरिक्त प्रभार

**रांची।** झारखंड सचिवालय सेवा के अधिकारी और पर्यटन विभाग के संयुक्त सचिव धर्मेंद्र कुमार दीक्षित को वैकल्पिक व्यवस्था के तहत अपने कार्यों के अतिरिक्त संस्कृति विभाग के निदेशक का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। इस संबंध में पर्यटन, कला-संस्कृति एवं खेलकूद विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।

### झाप्रसे के दो अधिकारी बने एसडीओ

**रांची।** झारखंड प्रशासनिक सेवा (झाप्रसे) के दो अधिकारियों को एसडीओ को पद पर पोस्टिंग की गयी है। अंचलाधिकारी बेरमो, बोकारो के पद पर पदस्थापित मनोज कुमार की सेवा भू-राजस्व विभाग से वापस लेते हुए इन्हें अनुमंडल पदाधिकारी खोरी महुआ, गिरिडीह के पद पर पदस्थापित किया गया है। वहीं, सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी रांची के पद पर पदस्थापित शैलेश कुमार की सेवा भू राजस्व विभाग से वापस लेते हुए उन्हें अगले आदेश तक अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो, बोकारो के पद पर पदस्थापित किया गया है। इस संबंध में कार्मिक प्रशासनिक सुधार राजभाषा विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।

### मृत चिकित्सा पदाधिकारी का कर दिया ट्रांसफर

**रांची।** स्वास्थ्य विभाग में चिकित्सा पदाधिकारियों के किए गए ट्रांसफर पोस्टिंग में मृत पदाधिकारी का भी ट्रांसफर कर दिया है। चतरा जिले के टंडवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ कृष्ण कुमार का निधन हो जाने के बाद भी उनका ट्रांसफर कर दिया गया। मालूम हो कि सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के तहत डॉ कृष्ण कुमार को टंडवा सीएचसी से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जलडेगा, सिमडेगा स्थानांतरित कर दिया गया है।

### झारखंड सरकार जातीय जनगणना कराये : मोर्चा

**रांची।** झारखंड सरकार, बिहार सरकार की तर्ज पर राज्य में जातीय जनगणना या सर्वे कराये। पटना हाईकोर्ट ने बिहार को जातीय जनगणना कराने को हरी झंडी दे दी है। इसका राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा स्वागत करता है। राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि जनगणना या सर्वे से ओबीसी समुदाय को न्याय मिलेगा और देश का तेजी से विकास होगा। इसलिए झारखंड की सरकार भी प्रदेश में भी जातिगत जनगणना या सर्वेक्षण कर ओबीसी का हक अधिकार सुनिश्चित करे।

### बीआरपी-सीआपी का विस घेराव आज

**रांची।** बीआरपी-सीआरपी-एसएस संघ झारखंड प्रदेश की ओर विभिन्न मांगों को लेकर आज विधानसभा का घेराव एवं प्रदर्शन किया जाएगा। संघ का कहना है कि सरकार उनकी मांगों पर गंभीरता से ध्यान नहीं दे रही है। घेराव कार्यक्रम में सभी जिलों के बीआरपी सीआरपी हिस्सा लेंगे। इस प्रदर्शन के माध्यम से सरकार को अगाह किया जायेगा कि अगर जल्द ही उनकी मांगों पर विचार किया जाये नहीं तो पूरे प्रदेश में शैक्षणिक व्यवस्था को ठप किया जायेगा।

### बाबूलाल मरांडी ने प्रधानमंत्री को दी बधाई

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को प्रतिष्ठित लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किये जाने पर झारखंड की जनता की ओर से बधाई दी है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र के लिए सदा त्याग की भावना से जनता के जीवन में बदलाव लाने, अंत्योदय के संकल्प को पूरा करने के लिए सतत प्रयत्न करने वाले प्रधानमंत्री करोड़ों लोगों की प्रेरणा पुंज हैं। लोकमान्य तिलक की तरह भारत के सांस्कृतिक गौरव को प्रतिष्ठित करने में अद्वितीय पहल की जनता मुक्तकंठ से सराहना कर रही है।

### अवैध खनन में शामिल वाहनों की दें रिपोर्ट



**पलामू, गढ़वा और लातेहार के डीसी और एसपी को हाइकोर्ट का निर्देश**

**रांची।** पलामू, गढ़वा और लातेहार में अवैध माइनिंग से संबंधित मामले को लेकर पंकज कुमार यादव की जनहित याचिका की सुनवाई मंगलवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। कोर्ट ने मामले में पलामू, गढ़वा और लातेहार के उपायुक्त एवं एसपी को दिया निर्देश किया है कि वे अवैध माइनिंग करने वाले वाहनों की चेकिंग करें और 2 सप्ताह में रिपोर्ट दें। कोर्ट ने कहा कि अवैध रूप से वाहनों से लौह अयस्क, समेत अन्य खनिजो के अवैध रूप से ट्रांसपोर्टेशन की बात कही जा रही है। बता दें कि पूर्व में ही इन तीनों जिलों में अवैध माइनिंग की जांच को लेकर गठित 3 सदस्य के कमेटी की रिपोर्ट कोर्ट में प्रस्तुत की जा चुकी है।
दरअसल, यह मामला एक संचालक से माइनिंग चलाने के लिए माइनिंग विभाग के अधिकारी द्वारा 20 लाख रुपए की मांग से जुड़ा है। इस मामले में डिप्टी डायरेक्टर रैंक के एक अधिकारी की भूमिका बताई गई है, लेकिन उनके खिलाफ जो जांच हुई उसे बाद में जांच को बंद कर दिया गया था। प्रार्थी का कहना था पलामू सहित कुछ जिलों में अवैध माइनिंग में अरबों का पैसों का खेल चलता है। इसकी रोकथाम होनी चाहिए। सरकार के जो अधिकारी इस अवैध माइनिंग में संलिप्त हैं उनके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए।

## विधानसभा का मानसून सत्र : सदन में लोबिन हेम्ब्रम ने अपनी ही सरकार को घेरा, कहा

# पेसा कानून लागू होने तक खनन बंद हो

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झामुमो विधायक लोबिन हेंब्रम ने अपनी ही सरकार पर सदन के अंदर और बाहर जमकर हमला बोला। सदन के अंदर पेसा को लेकर सरकार के द्वारा ड्राफ्ट पब्लिश किये जाने पर नाराजगी जताते हुये कहा कि राज्य सरकार जनता को लॉलीपॉप दे रही है। उन्होंने कहा कि गुरुजी इस मामले में जमीनी सच्चाई नहीं जान पा रहे हैं। विधायक लोबिन हेंब्रम ने पेसा कानून को लेकर अपनी ही सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि जब राज्य में पेसा कानून बना ही नहीं तो फिर खनन दोहन को लेकर सरकार ग्राम सभा की बात कैसे कह रही है। लोबिन हेंब्रम ने कहा कि मंत्री बादल सदन को गुमराह कर रहे हैं। इसके जवाब में मंत्री बादल ने सदन से कहा कि अगर माइनिंग लीज आवंटन में कहीं नियम का उल्लंघन हुआ है तो बताया जाये। इसके बाद विपक्ष ने सदन के भीतर लगातार हंगामा किया। यह देखते हुए स्पीकर ने दोपहर 12.30 बजे तक के लिए सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी।

लोबिन हेम्ब्रम ने कहा कि इस सरकार ने एक भी ऐसा काम नहीं किया है। स्थानीय नीति, नियोजन नीति, एसपीटी, सीएनटी सभी के सभी जो मुद्दे चुनावी मुद्दे थे, जनता से वादा करके झामुमो ने वोट मांगा था, उसे पूरा करने में मुख्यमंत्री विफल साबित हुये हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी को इसका खामियाजा 2024 के चुनाव में पार्टी को उठाना पड़ेगा।



**बिना नियोजन नीति के नियुक्तियां फिर फंसेंगी : बिरंची**

प्रथम पाली में सदन की कार्यवाही निर्धारित समय पर शुरू हुई। प्रश्नकाल शुरू होते ही भाजपा विधायक बिरंची नारायण ने कहा कि नियोजन नीति स्पष्ट नहीं है और सरकार नियुक्ति कर रही है। फिर कोई कोर्ट चला जायेगा। नियुक्तियां फिर फंसेगी। कार्यवाही के दौरान सदन के भीतर भी भाजपा के विधायक प्रदर्शन कर रहे थे। वहीं, विधायक राजेश कच्छप ने बालू की कीमत को लेकर सवाल किया। सरकार ने जवाब दिया कि बालू को लेकर स्टॉक यार्ड बनाया हुआ है। लेकिन राजेश कच्छप ने जानना चाहा कि ये स्टॉक यार्ड कहां-कहां है। इसके जवाब में बादल पत्रलेख ने बताया कि जेएसएमडीसी का राज्य में 21 जगह यार्ड बना हुआ है। इन जगहों से बालू स्पलाई की जा रही है।

### एलिफैंट कॉरिडोर का निर्माण हो : अंबा प्रसाद

**रांची।** विधानसभा के मानसून सत्र के तीसरे दिन कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद ने एलिफेंट कॉरिडोर बनाने की मांग की। सदन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए उन्होंने कहा कि हजारीबाग के अंतर्गत बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र समेत राज्य में वृहत पैमाने पर हो रहे खनन कार्य के कारण हाथियों के पारंपरिक रास्ते बंद हो गये हैं। जिसके कारण हाथियों एवं इंसानों में आये दिन टकराव देखने को मिल रहा है। राज्य में एलीफेंट कोरिडोर बनाने के मामले पर पहल की गई लेकिन, इस संबंध में किसी भी प्रकार का परिणाम नहीं निकला। राज्य स्तर से इसकी अधिसूचना भी जारी नहीं की गई। जिसके कारण हाथी गलियारा नाम की कोई चीज अस्तित्व में नहीं है। इस पर सरकार ने स्वीकारते हुये बताया कि हाथियों का विचरण क्षेत्र का विस्तार अधिक होने के कारण खनन एवं अन्य विकास कार्यों से हाथियों का आवागमन मार्ग प्रभावित होता है।

### 100 यूनिट फ्री बिजली का फायदा नहीं उठा पा रहे आदिवासी : प्रदीप

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** विधानसभा में अनुपूरक बजट पर चर्चा के दौरान कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव ने कहा कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजना एक सौ यूनिट फ्री बिजली का लाभ आदिवासी, दलित और अल्पसंख्यक समुदाय के लोग नहीं उठा पा रहे हैं। राज्य के कई ऐसे आदिवासी बहुल क्षेत्र हैं, जहां अभी तक बिजली विभाग ने मीटर ही नहीं लगाया है। जिसके कारण उन्हें फिक्स बिजली बिल का भुगतान करना पड़ रहा है। इसलिये बिजली विभाग जल्द से जल्द मीटर लगाये। उन्होंने कहा कि झारखंड फिर सूखे की चपेट में आने वाला है। अभी तक सूखा राहत की राशि 3200000 में से मात्र 1200000 किसानों को ही मिला है। वहीं 60 प्रतिशत किसानों का ही कर्जमाफी हो सका है। यानी 40 प्रतिशत किसान अभी भी इस योजना के लाभ से वंचित हैं। इसलिए सरकार जल्द से जल्द सभी किसानों का कर्ज माफी करे।

इस दौरान उन्होंने भाजपा पर तीखा हमला बोला। अनुपूरक बजट पर चर्चा के दौरान उन्होंने कहा कि इसी हाउस ने स्पेशल सत्र बुलाकर 1932 खतियान आधारित स्थानीय नियोजन नीति और ओबीसी आरक्षण 27 प्रतिशत करने का बिल पास किया था। लेकिन, राजभवन ने इस बिल को वापस कर दिया। वाकई में भाजपा ईमानदारी पूर्वक चाहती है कि 1932 के आधार पर स्थानीय नियोजन नीति बने और ओबीसी को आरक्षण मिले, तो भाजपा राजभवन जाकर राज्यपाल का संदेश विधानसभा सचिवालय को भिजवाये।

## विधायकों और 4.50 लाख अफसर-कर्मियों को मिलेगा कैशलेस मेडिकल बीमा का लाभ

**अफसर-कर्मियों को देने होंगे वार्षिक 6 हजार प्रीमियम, कैबिनेट के फैसले के बाद विभागीय संकल्प जारी**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य के सभी विधायक, करीब साढ़े चार लाख वर्तमान एवं सेवानिवृत अफसर, कर्मियों और उनके परिजनों को कैशलेश मेडिकल इंश्योरेंस की सुविधा मिलेगी। कैबिनेट में प्रस्ताव को हरि झंडी मिलने के बाद अब स्वास्थ्य विभाग ने त्वरित कार्यवाही करते हुए इसको लेकर संकल्प जारी कर दिया है। बतातें चलें कि 2014 में निवर्तमान सरकार ने मेडिकल इंश्योरेंस को लेकर कैबिनेट से प्रस्ताव पारित किया था। परंतु बाद में इसे लागू नहीं किया जा सका था। इसकी मांग राज्य सरकार के गजटेड अफसर और कर्मी लगातार कर रहे थे और आंदोलन भी कर रहे थे। अब जाकर यह स्कीम धरातल पर उतर पायी है। इससे अफसरों और कर्मियों में खुशी की लहर दौड़ गयी है।

## अधिकारियों की लापरवाही से हुआ दो हजार करोड़ का नुकसान : लंबोदर महतो

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** अनुपूरक बजट पर अपने विचार रखते हुए आजसू विधायक लंबोदर महतो ने कहा कि हेमंत सरकार बने 43 महीने हो गये। लेकिन, अब तक बालू घाटों की नीलामी नहीं हो सकी है। संबंधित विभाग के पदाधिकारियों की लापरवाही के कारण सरकार को 2000 करोड़ से अधिक के राजस्व का नुकसान हुआ और ऊपर से जनता बालू के लिए परेशान रही। कहा कि अनुपूरक बजट की जरूरत नहीं है। सरकार ने मूल बजट में जो राशि का प्रावधान किया था, वह अभी तक खर्च नहीं हो पाया है। उन्होंने कहा कि 60-40 के आधार पर किसी प्रकार की नियुक्ति नहीं होनी चाहिये। उन्होंने कहा कि सरकार को जल्द से जल्द 1932 खतियान आधारित स्थानीय नियोजन नीति लाकर नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करना चाहिये। उन्होंने बेरमो को जल्द से जल्द जिला बनाने की भी मांग की।

## झारखंड में भी जातीय जनगणना जरूरी राज्य सरकार जल्द करे पहल : सुदेश महतो

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** पटना हाइकोर्ट ने बिहार में जातिगत जनगणना के खिलाफ दायर सभी याचिका को खारिज कर दी है। इस फैसले पर आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि कोर्ट का यह फैसला स्वागत योग्य है। जातीय जनगणना कराने को लेकर आजसू पार्टी लगातार मुखर रही है लेकिन झारखंड सरकार ने कोई पहल नहीं की है। बिहार की तर्ज पर झारखंड में भी जातीय जनगणना जरूरी है। राज्य सरकार जातीय जनगणना प्रारंभ करने की दिशा में पहल करे। जातीय जनगणना होने से राज्य की बड़ी आबादी की सामाजिक और आर्थिक स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। जातीय जनगणना नहीं होने से पंचायत चुनाव में ओबीसी के हजारो पदों पर चुनाव लड़ने से यह समुदाय वंचित रह गया। राज्य सरकार अपनी प्रतिबद्धता की कसौटी पर खरा उतरे।

### झारखंड सरकार भी अब जातीय सर्वेक्षण कराये : राजेंद्र प्रसाद



**रांची।** पिछड़ी जातियों की जातीय गणना, और आर्थिक राजनीतिक शैक्षणिक स्थिति का सर्वेक्षण करने की इजाजत बिहार सरकार को पटना हाईकोर्ट द्वारा दिए जाने का मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने स्वागत किया है। प्रसाद ने कहा कि इससे पिछड़ी जातियों की वास्तविक जातीय आंकड़े के अलावे पिछड़ी जाति की आर्थिक, राजनीतिक, शैक्षणिक स्थिति का भी पता चल पाएगा। उन्होंने कहा कि देश में सभी जातियों का सर्वेक्षण और जातीय आधारित जनगणना होनी चाहिए जिससे देश में जातीय जनसंख्या को लेकर जो भ्रम है, वह सामने आ सके। उन्होंने झारखंड सरकार से भी जातीय जनगणना अविलंब कराने की मांग की है।

## भाजपा ने गोहत्या पर पूर्ण रोक लगाने की मांग की

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखंड में बढ़ते गौ हत्या पर भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा ने हेमंत सरकार को ज़िम्मेवार ठहराते हुये कहा कि प्रदेश में गोकशी और गो मांस के अवैध व्यापार के साथ साथ अवैध व्यापार करने वालों का भी मन बढ़ गया है। हेमंत सरकार की तुष्टिकरण की नीति के कारण अवैध व्यापार करने वाले कानून अपने हाथ में लेकर कार्य कर रहे हैं। यहां तक कि पुलिसिया तंत्र को भी ठेंगा दिखाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ताजा मामला जामताड़ा का है जहां गोकशी का विरोध करने पर युवक को ही उल्टे पीट दिया गया। गो हत्या व गो मांस का अवैध व्यापार करने वालों का विरोध करने पर वे हमला बोल रहे हैं। इन मामलों में सीधे हेमंत सरकार जिम्मेवार है। सरकार और उनके विधायक बहुसंख्यक समाज की आस्था से खिलवाड़ कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि आदिवासी सरकार का दंभ भरने वाली हेमंत सरकार तुपुदाना ओपी प्रभारी एसआई संध्या तोपनो की हत्या के आरोपियों को सजा नहीं दिला पायी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अवैध व्यापार करने वालों को खुली छूट मिली है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार गो मांस का अवैध व्यापार और गो हत्या पर अविलंब रोक लगाए।

## 23 जिला भू-अर्जन पदाधिकारी बदले

### सुनील चंद्र रांची के डीएएलओ, अंजना की सेवा कार्मिक को वापस

**शुभ्रा रानी देवघर और निर्भय बने हजारीबाग के जिला भू-अर्जन पदाधिकारी**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भूमि, सुधार एवं राजस्व विभाग ने एक अगस्त को 23 पदाधिकारियों का तबादला किया है। झारखंड प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को भू-अर्जन पदाधिकारी के पदों पर उनकी नई पोस्टिंग की गई है। इनकी सेवा हाल ही में कार्मिक प्रशासनिक सुधार विभाग से मिली थी। रांची में डीएएलओ पद पर पदस्थापित अंजना कुमारी दास की सेवा कार्मिक विभाग को वापस कर दी गयी है।

**इनका इन जिलों में पदस्थापन :** शुभ्रा रानी को जिला भू-अर्जन पदाधिकारी देवघर बनाया गया है। इसी तरह वैभव कुमार सिंह जिला भू-अर्जन पदाधिकारी चतरा, रितेश जयसवाल जिला भू-अर्जन पदाधिकारी कोडरमा, जयवंती देवगन जिला भू-अर्जन पदाधिकारी लातेहार, द्वारिका बैठा जिला भू-अर्जन पदाधिकारी बोकारो, सुनील चंद्र जिला भू-अर्जन पदाधिकारी रांची, महेंद्र छोटन उरांव जिला भू अर्जन पदाधिकारी धनबाद, संदीप अनुराग टोपनो जिला भू-अर्जन पदाधिकारी दुमका, छुटेसवर कुमार दास जिला भू अर्जन पदाधिकारी साहिबगंज, नीतू कुमारी जिला भू अर्जन पदाधिकारी गिरिडीह, निर्भय कुमार जिला भू-अर्जन पदाधिकारी हजारीबाग, रवि किशोर राम जिला भू-अर्जन पदाधिकारी सिमडेगा, अजय सिंह बड़ाईक जिला भू-अर्जन पदाधिकारी पाकुड़, विनोद कुमार जिला भू अर्जन पदाधिकारी गुमला, जय ज्योति समानता जिला भू-अर्जन पदाधिकारी लोहरदगा, सरोज तिर्की जिला भू-अर्जन पदाधिकारी खूंटी, मोहम्मद एजाज अनवर जिला भू-अर्जन पदाधिकारी गढ़वा, हेमा प्रसाद जिला भू-अर्जन पदाधिकारी पदाधिकारी सरायकेला खरसावां, लिली एनोला लकड़ा जिला भू अर्जन पदाधिकारी चाईबासा, कुमुदिनी टुडू जिला भू अर्जन पदाधिकारी पलामू, गौरांग महतो जिला भू अर्जन पदाधिकारी कोडरमा और वीरेंद्र कुमार को जिला भू अर्जन पदाधिकारी रामगढ़ के पद पर पदस्थापित किया गया है।

## गंभीर संकट के दौर से गुजर रहा देश : अतुल अंजान

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी झारखंड राज्य परिषद की दो दिवसीय बैठक सीपीआई कार्यालय अल्बर्ट एक्का चौक में रांची में वरिष्ठ साथी राजेंद्र प्रसाद यादव की अध्यक्षता मंगलवार को हुई। बैठक में मुख्य रूप से पार्टी के राष्ट्रीय सचिव अतुल कुमार अंजान ,पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता, राज्य सचिव महेंद्र पाठक मौजूद थे।

पार्टी के राष्ट्रीय सचिव अतुल कुमार अंजान ने कहा कि नरेंद्र मोदी कि सरकार मणिपुर को जला रही है। वहां की महिलाओं के साथ दुराचार हो रहा है। उन्होंने कहा कि देश जबरदस्त संकट के दौर से गुजर रहा है। आरएसएस और बीजेपी किसी भी प्रकार से सत्ता में बने रहना चाहती है जबकि जनता महंगाई, बेकारी, कुशासन और धार्मिक उन्माद पैदा करने के खिलाफ सत्ता से उन्हें बेदखल करना चाहती है।

अतुल कुमार अंजान ने कहा कि 2024 की लोकसभा के लिए भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने अपने उम्मीदवार चयन कर बिना शोर-शराबे के क्षेत्र में सक्रिय कर दिया है। व्यापक स्तर पर जनता से धन इकठ्ठा करने का अभियान चलाए जाने की योजना है। राजनीतिक सांगठनिक और चुनाव संबंधित नीतियों से लैस कर बूथों पर उनकी जिम्मेदारी और जनता की भागीदारी के लिए उन्हें प्रशिक्षित किया जाएगा। राज्य को सुखाड़ क्षेत्र घोषित करने, अभिलंब राहत कार्य चालू करने, भारतमाला एक्सप्रेस-वे एवं सिंहपुर कठोतिया माइंस में अधिग्रहित भूमि के बदले उचित मुआवजा देने, 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर सभी प्रखंड एवं जिला मुख्यालयों में कार्यक्रम आयोजित करने, 1 सितंबर को पूरे राज्य में किसान मांग दिवस पर सभी जिला मुख्यालय में प्रदर्शन करने, सितंबर से अक्टूबर माह में सभी जन संगठनों के सम्मेलन करने सहित नवंबर माह में विशाल जन रैली रांची में करने का निर्णय लिया गया।

## आइएनडीआइए के घटक दलों ने राजभवन के समीप दिया धरना

# मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मणिपुर में पिछले तीन महीनों से चल रहे हिंसा के विरोध में रांची में आइएनडीआईए गठबंधन से जुड़े राजनीतिक दलों ने मंगलवार को राजभवन के समक्ष धरना दिया एवं मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की। इस मौके पर नेताओं ने राष्ट्रपति के नाम राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा।

मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि मणिपुर की घटना ने देश को शर्मसार किया है, बावजूद इस मामले में प्रधानमंत्री चुप्पी साधे हुए हैं। वे ना तो सदन में चर्चा कर रहे हैं और ना ही राष्ट्रपति शासन की सिफारिश कर रहे हैं। कांग्रेस पार्टी मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग को लेकर आइएनडीआइए के बैनर तले धरना पर बैठी है। उन्होंने कहा कि मन की बात छोड़िए, मनमानी छोड़िए और मणिपुर की बात करते हुए राष्ट्रपति शासन लगाइए।

**मणिपुर में लोकतंत्र का उड़ाया जा रहा मजाक: बंधु**

महाधरना के दौरान कांग्रेस नेता बंधु तिर्की ने कहा कि मणिपुर की घटना ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जो सरकार चल रही है वह लोकतंत्र का मजाक उड़ा रही है। महाधरना के जरिए वे लोग अपनी अपनी बातों को पूरे राज्य तक पहुंचाएंगे, ताकि आने वाले दिनों में लोगों को केंद्र की नीतियों की जानकारी मिल सके और भाजपा को सत्ता से उखाड़ फेंकने में मदद मिल सके।

**सदन में विपक्षी दल के नेता को बोलने नहीं दिया जाता : अतुल**

सीपीआई के राष्ट्रीय सचिव अतुल अंजान ने कहा कि सदन में भी विपक्ष के नेता को बोलने को मौका नहीं दिया जा रहा है, सत्य का हनन हो रहा है, संवैधानिक और सदन की मायार्दाओं और परंपराओं का हनन हो रहा है। सदन की गरिमा सरकार के द्वारा ही धूमिल की जा रही है।



**धरना को इन्होंने किया संबोधित**

धरना कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर, मासस से पूर्व विधायक अरूप चटर्जी, सुशांतो मुखर्जी, सीपीआई से प्रकाश विलव, माले से जर्नादन प्रसाद, भाकपा से अजय सिंह, महेन्द्र पाठक, ममता देवी, जदयू प्रदेश महासचिव श्रवण कुमार, आम आदमी पार्टी के संयोजक डीके सिंह, यासमिन, राजद से रंजन कुमार यादव, तृणमूल कांग्रेस से संजय पांडे, जेएमएम-नंद किशोर मेहता, हेमलाल मेहता, कांग्रेस पार्टी से केशव महतो कमलेश, राकेश सिन्हा, अमुल्य नीरज खलखो ने संबोधित किया।

**मणिपुर की सरकार को बर्खास्त किया जाए : विनोद पांडेय**

जेएमएम के केन्द्रीय महासचिव विनोद पांडेय ने कहा कि अविलंब मणिपुर की निकम्मी सरकार को बर्खास्त किया जाए और जनता की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रपति शासन लगाया जाए। उन्होंने कहा भाजपा की नीति एवं सिद्धांत को पूरा देश जान चुका है। देश की जनता भाजपा को कभी माफ नहीं करेगी।

**सरकार सरपरस्ती हो रही है मणिपुर की घटना : राधाकृष्ण :**

राजद नेता राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि मणिपुर घटना सरकार की सरपरस्ती में घट रही है। इससे पूरे देश वाकिफ है लेकिन लगता है कि प्रधानमंत्री को इसका ध्यान ही नही है। प्रधानमंत्री सदन में बोलने के बजाए चुनावी रणनीति में लगे हैं। धरना कार्यक्रम का संचालन रांची जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो एवं जेएमएम के रांची जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम ने किया।

किसान समृद्धि केंद्र पर सांसद आदित्य साहू ने राज्य सभा में पूछे सवाल

## झारखंड में हैं 1714 किसान समृद्धि केंद्र



**रांची।** सांसद आदित्य साहू ने मंगलवार को राज्य सभा में केंद्र सरकार द्वारा स्थापित किसान समृद्धि केंद्र से संबंधित जानकारी चाही। श्री प्रसाद के अतारांकित प्रश्न का उत्तर देते हुए केंद्रीय रसायन और उर्वरक मंत्रालय राज्यमंत्री भगवंत खुबा ने बताया कि देश में मौजूदा उर्वरक खुदरा दुकानों को प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र में परिवर्तित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि किसान समृद्धि केंद्र किसानों की कृषि संबंधी समस्याओं के समाधान में सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने बताया कि राज्य में 1714 किसान समृद्धि केंद्र स्थापित किए गए हैं।

# आइएनडीआइए ने दिया जिला मुख्यालय पर महाधरना

गठबंधन के वरिष्ठ नेता पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता हुए शामिल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

## वक्ताओं ने मणिपुर हिंसा और भाजपा सरकार की नीतियों की कड़ी निंदा की



**जमशेदपुर।** इंडियन नेशनल डेवलपमेंट इंक्लुसिव अलायंस यानी इंडिया के आह्वान पर जमशेदपुर के उपायुक्त कार्यालय के समक्ष मणिपुर में जातीय हिंसा एवं महिला माता-बहनों के चीरहरण अत्याचार के खिलाफ एवं भाजपा सरकार के नीति के विरुद्ध महाधरना-प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन संयुक्त रूप से कांग्रेस पार्टी, झामुमो, राजद, आप पार्टी, सीपीआई, सीपीआई (एम), माले, जदयू पार्टी के द्वारा आयोजित की गई। गठबंधन दल के वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी एवं भारी संख्या में कार्यकर्तागण शामिल हुए। महाधरना-प्रदर्शन कार्यक्रम का अध्यक्षता जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे ने किया। कार्यक्रम का संचालन राकेश तिवारी ने किया। सभा को संबोधित करते हुए आनन्द बिहारी दुबे गठबंधन दल के सभी नेताओं का स्वागत किया तथा आह्वान किया कि सभी मिलकर भाजपा के दमनकारी नीति को उखाड फेकें। झामुमो के केंद्रीय महासचिव मोहन कर्मकार समेत अन्य नेताओं ने कहा कि मणिपुर में आदिवासी समाज के बीच जहर घोलकर डबल इंजन सरकार ने तीन माह से शांति भंग कर आपस में लडा कर भयावह माहौल बना दिया है। महिलाओं को निर्वस्त्र किया गया, अमर्यादित कार्य की गई, यह घोर अन्याय है। झामुमो नेता राजू गिरी ने कहा भाजपा सरकार के राज में जानबूझकर कर दंगा फसाद करा कर लोगों के बीच दहसत फैला कर माहौल बिगाड रही है। इसके पीछे चुनावी फायदा देखती है। झामुमो अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के चेयरमैन हिदायतुल्ला खान ने कहा कि सम्पूर्ण भारत में लोगों के बीच नफरत फैला दी गई है। अब ट्रेन में भी लोगों को गोली मार दी जा रही है। भारत की जनता को आगे आना होगा। देश को बचाना होगा। कांग्रेस के जिला प्रभारी बलजीत सिंह बेदी ने कहा कि सम्पूर्ण देश के साथ साथ झारखण्ड के सभी जिला मुख्यालयों में भाजपा के खिलाफ महाधरना कार्यक्रम आयोजित हुआ है। मौसम खराब होने के बावजूद मोदी जी के नीति के विरुद्ध बड़े संख्या में कार्यकर्तागण शामिल हुए है, इंडिया गठबंधन दल काफी मजबूत हुआ है, हम सभी मिलकर भाजपा को हराकर मणिपुर तथा देश में शांति स्थापित करेंगे। धरना कार्यक्रम को सीपीएम नेता जे पी सिंह, सीपीआई एमएल के सुभाष यादव, गणपति करूवा, सीपीआई के शशि कुमार, रामफल चौधरी, झामुमो नेता दुलाल भुईया, शेख बदरूद्दीन, प्रमोद लाल, राज लकड़ा, लालटू महतो, हरिमुखी मनोज यादव, महाबीर मुर्मू, कांग्रेस पार्टी से रियाजुद्दीन खान, धर्मेंद्र सोनकर, नलिनी सिन्हा, राजद से योगेन्द्र यादव, के डी सिंह, आप से शंभू सिंह गांधी, जेडीयू विकास प्रसाद ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में पूर्व सांसद सुमन महतो, प्रदेश महामंत्री विजय खान, प्रदेश सचिव राकेश तिवारी, काल्टू चक्रवर्ती, के के शुक्ला, सुरेश धारी, सामंता कुमार, चन्द्रभान सिंह, ब्रजेन्द्र तिवारी, राजकिशोर यादव, अवधेश सिंह, संजय सिंह आजाद, रामदरस चौधरी, मनोज झा, अमित राय कार्यकारीअध्यक्ष ग्रामीण, रामलाल प्रसाद पासवान, अंसार खान, रजनीश सिंह समेत, सीपीआई एम के नागराजू, विश्वजीत डे, के के मजुमदार अन्य नेता शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन राकेश तिवारी ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन संजय सिंह आजाद ने दिया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान जन गान मन गाकर किया गया।

## स्पीड न्यूज

### इनर व्हील क्लब जमशेदपुर ईस्ट का स्थापना दिवस समारोह



जमशेदपुर। प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी इनर व्हील क्लब जमशेदपुर ईष्ट की 13 वीं स्थापना समारोह का आयोजन होटल रामादा में की गई। इस अवसर पर डॉ रीता झा, (मुख्य अतिथि), डिस्ट्रिक्ट अलोकानंदा बक्शी ,डिस्ट्रिक्ट आई एस ओ निभा मिश्रा, कई डिस्ट्रिक्ट डिगनिटरी तथा अन्य क्लब प्रेसिडेंट, सेक्रेटरी आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर क्लब द्वारा 2022-23 में की गई सारे प्रोजेक्ट्स की विस्तारित जानकारी क्लब सेक्रेटरी मधुमिता सान्याल द्वारा दी गई। क्लब द्वारा पिछले वर्ष डिस्ट्रिक्ट से प्राप्त ढेर सारे पुरस्कारों के बारे में भी अवगत कराया गया। क्लब अध्यक्ष अर्चना ने सभी सदस्यों के सहयोग के लिए अपनी आभार व्यक्त किया तथा 2023-24 के नये अध्यक्ष के रूप में संपा उपाध्याय को कार्यभार सौंपा। नये अध्यक्ष संपा उपाध्याय ने नई कमेटी के सारे सदस्यों से परिचित कराया। 2023-24 के एग्जीक्यूटिव कमेटी : सम्पा उपाध्याय- प्रेसिडेंट, अर्चना- इमिडिएट पास्ट प्रेसिडेंट,मधुमिता सान्याल-वाइस प्रेसिडेंट, संचिता दे-सेक्रेटरी,नीलिमा प्रकाश- ट्रेजरार, अंजुबाला-आई एस ओ और सोनाली महन्ती-एडिटर। इस कार्यक्रम को डॉ नीलम ने कुशलतापूर्वक संचालन किया।

### मरने के बाद भी दुनिया देखेंगी प्रेम देवी की आंखें



जमशेदपुर। आदित्यपुर सिटी पैलेस निवासी प्रेम देवी अग्रवाल (73 साल) पति स्वर्गीय रामकिशोर अग्रवाल की आंखें मृत्यु के पश्चात भी रोशनी देती रहेगी। मारवाड़ी महिला मंच जमशेदपुर की पहल पर मंच की कार्यकारिणी सदस्य ललिता सरायवाला की मामी सास प्रेम देवी अग्रवाल के निधन के पश्चात उनके पुत्र जितेंद्र अग्रवाल एवं बेटी बीरा अग्रवाल की सहमति से आदित्यपुर निवास पर ही सोमवार 31 जुलाई की देर शाम नेत्रदान करवाया गया। जिससे दो लोगों की दुनिया रोशन होगी। इस नेक कार्य में रोशनी संस्था की अध्यक्ष तरु गांधी, सचिव परविंदर तथा डॉ अजय गुप्ता, मंच की नेत्रदान प्रमुख सुशील खीरवाल की अहम भूमिका रही। समाज के सभी बंधुओं से अपील है कि अगर किसी के घर में ऐसी घटना होती है और वे अगर नेत्रदान करवाने में इच्छुक हो तो मंच की अध्यक्ष बीना अग्रवाल (9304833999), सुशीला खीरवाल (9431952424) एवं सीमा अग्रवाल (7858016351) से संपर्क कर सकते हैं।

### जुलाई में टाटा स्टील ने की रिकार्ड बिक्री : टीवी नरेंद्रन



जमशेदपुर। टाटा स्टील ने जुलाई माह में काफी अच्छा बिक्री लक्ष्य हासिल किया है। कंपनी के ब्रांड टाटा स्टील नेस्ट का इस्तेमाल नेस्ले इंडिया ने 1500 टॉयलेट अपने सीएसआर प्रोजेक्ट के तहत बनवाया है। इसी तरह टाटा स्ट्रक्चरा का इस्तेमाल पोर्ट ब्लेयर एयरपोर्ट में किया गया है जिसका उद्घाटन पिछले दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था। उस एयरपोर्ट में 1400 टाटा स्ट्रक्चरा का इस्तेमाल हुआ है। टाटा टिस्कॉन ने करीब 10 मिलियन ग्राहकों के बीच अपने संदेश को पहुंचाया है जिसका नारा है : समझदार बने बेहतर चुने। टाटा आशियाना ने जुलाई माह में रिकॉर्ड 160 करोड़ों रुपए की कमाई की है। उक्त जानकारी टाटा स्टील के ग्लोबल सीईओ एंड एमडी टीवी नरेंद्रन ने एमडी ऑनलाइन कार्यक्रम में कर्मचारियों को दी। इस कार्यक्रम में कर्मचारी अपने प्रबंध निदेशक से सीधे संवाद करते हैं। एमडी ने कर्मचारियों से आह्वान किया कि विसल ब्लोअर प्लेटफार्म का इस्तेमाल कंपनी हित में करें । यह प्लेटफार्म एथिक्स के खिलाफ काम करने वाले लोगों को पकड़ने के लिए बनाया गया है इसका बेहतर से बेहतर इस्तेमाल किया जाना चाहिए।

### सरायकेला-खरसावां में ब्राउन शुगर के साथ फिरोज गिरफ्तार

जमशेदपुर। सरायकेला खरसावां जिला की पुलिस ने ब्राउन शुगर के खिलाफ एक बड़ा अभियान चला रखा है। इस अभियान के तहत मंगलवार को आदित्यपुर मुस्लिम बस्ती से 750 पुरिया ब्राउन शुगर के साथ एक तस्कर फिरोज को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। जिले के एसपी डॉ विमल कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि आदित्यपुर मुस्लिम बस्ती में ब्राउन शुगर खरीद बिक्री हो रही है जिसके बाद एक टीम का गठन किया गया। टीम ने मोहम्मद फिरोज नामक युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ किया और पूछताछ के क्रम उसकी तलाशी भी ली गई। इसी दौरान उसके पास से 750 पुड़िया ब्राउन शुगर बरामद किया गया।

# नि:शुल्क कृत्रिम अंग एवं कैलीपर प्रत्यारोपण शिविर के पहले दिन 126 लाभुक आये

मध्य प्रदेश, बिहार, ओडिशा, बंगाल से भी आये लोग

45 लोगो को दी गयी कान की मशीन, 2 लोगो को दिया गया कृत्रिम अंग

400 से अधिक लोगो ने कराया पंजीकरण

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

## स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने वर्चुअल किया समारोह का उद्घाटन



शिविर के उद्घाटन का दृश्य।



दिव्यांग बालक के पैर की माप लेते विशेषज्ञ।

**जमशेदपुर।** मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी शाखा ने मंगलवार को अग्रसेन भवन, साकची में निःशुल्क कृत्रिम अंग एवं कैलीपर प्रत्यारोपण शिविर का उद्घाटन कर दिव्यांगों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है।

तीन दिवसीय शिविर की शुरूआत सम्मानित अतिथियों की उपस्थिति में दीप प्रज्वलन के साथ हुई। मुख्य अतिथि एसएसपी प्रभात कुमार और विशिष्ट अतिथि चीफ सेफ्टी टाटा स्टील नीरज सिन्हा, उद्घाटनकर्ता झारखंड प्रांतिय मारवाड़ी युवा मंच अध्यक्ष अरुण गुप्ता ने अपने उत्साहवर्धक शब्दों और समर्थन से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। शाखा अध्यक्ष मोहित मूनका ने इस पहल पर गर्व व्यक्त किया और नर सेवा के एक प्रमुख उपक्रम के रूप में इसके महत्व पर प्रकाश डाला।

उन्होंने यह सुनिश्चित करने के लक्ष्य पर जोर दिया कि अधिक से अधिक जरूरतमंद व्यक्ति इस नेक प्रयास से लाभान्वित हो सकें।

शिविर के पहले दिन जबरदस्त प्रतिक्रिया देखी गई, जिसमें लगभग 167 व्यक्तियों ने सहायता के लिए पंजीकरण कराया।

श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति की एक समर्पित टीम, जो जयपुर से आई थी, ने पंजीकृत प्रतिभागियों के लिए माप किया। झारखंड, बिहार, ओडिशा और पश्चिम बंगाल सहित विभिन्न क्षेत्रों जैसे कि दुमका, पाकुड़, झरिया, औरंगाबाद, बड़ा बाजार, पटना और अन्य क्षेत्रों से लोग सहायता मांगने के लिए शिविर में शामिल हुए।

इस प्रक्रिया में प्रत्येक व्यक्ति की विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुरूप कृत्रिम अंग और कैलीपर्स बनाना शामिल था, जो उन्हें आत्मविश्वास से और स्वतंत्र रूप से चलने में सक्षम बनाता था। इंदर अग्रवाल एशिया अध्यक्ष ने कहा युवा मंच जो कार्य कर रहा है वो काबिले तारीफ है। श्री भगवान महावीर विलाकंग सहायता समिति के चेयरमैन ललित केडिया ने कहा कि मारवाड़ी युवा मंच समुदाय की सेवा के लिए समर्पित है और लोगों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डालने के लिए प्रतिबद्ध है।

उद्घाटन समारोह के दौरान मंच संचालन उपाध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल ने किया। मौके पर भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति से नेमी अग्रवाल, सचिव अंचल, अरविंद जी, झारखंड प्रांतीय से महामंत्री सार्थक, विष्णु गोयल, समाज से संदीप मुरारका अभिषेक अग्रवाल गोल्डी शर्मा संजय देबू का सरवन देबू का बीना अग्रवाल मंजू खंडेलवाल संतोष अग्रवाल एवं आदि समाज के गणमान्य अतिथि उपस्थित थे।

## जेएफसी ने क्रोएशियाई शार्प शूटर पेटार को टीम में किया शामिल



जमशेदपुर। जमशेदपुर एफसी ने चेन्नईयिन एफसी से एक साल के लोन पर क्रोएशियाई स्ट्राइकर पेटार स्लिस्कोविक के साथ अनुबंध पूरा कर लिया है। हीरो इंडियन सुपर लीग के पहले सीजन में दमदार प्रदर्शन के बाद स्लिस्कोविक मेन ऑफ स्टील में शामिल हो गए। उन्होंने क्लब के लिए सिर्फ 17 मैच खेले हैं और 8 गोल किया है, इसके अलावा वह 4 असिस्ट भी कर चुके हैं। क्रोएशियाई खिलाड़ी के पास तकनीकी क्षमता और ताकत के साथ-साथ अविश्वशनीय गोल करने की क्षमता भी है। पेटार ने इससे पहले कई शीर्ष क्लबों में खेला है। 2010 और 2015 के बीच जर्मनी में एफएसवी मेनज में वर्तमान बायर्न म्यूनिख बॉस थॉमस ट्यूशेल के तहत कई बार खेल चुके हैं। जर्मनी और स्विटजरलैंड के अन्य क्लबों में खेलने के बाद, उन्होंने आखिरकार एक स्थायी स्थान बना लिया और 2022 में चेन्नईयिन एफसी चले गए।

## राष्ट्रपति से मिले रघुवर, कहा- झारखंड में बढ़े आदिवासियों पर अत्याचार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिलते भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास।

**जमशेदपुर/नयी दिल्ली।** झारखंड के पूर्व सीएम एवं भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास में मंगलवार को नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जी से मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने झारखंड में बढ़ते भ्रष्टाचार और बिगड़ती कानून व्यवस्था की स्थिति से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि राज्य में महिलाओं और आदिवासियों का अत्याचार बढ़ गए हैं। कानून व्यवस्था की स्थिति दिन पर दिन चौपट होती जा रही है। राज्य में बेटियां खुद को असुरक्षित महसूस कर रही हैं। इसके बाद नई दिल्ली में दास ने केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से मुलाकात की। इसमें उन्होंने बताया कि धालभूमगढ़ में बनने वाले एयरपोर्ट के लिए वन विभाग की आपत्तियों और अड़चनों को दूर कर लिया गया है। कुछ कानूनी अड़चनें हैं, उन्हें दूर कर जल्द से जल्द एयरपोर्ट निर्माण का कार्य शुरू करने का आग्रह किया। इस एयरपोर्ट के निर्माण के लिए पहले ही बने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की सरकार द्वारा 100 करोड़ रुपए की राशि भेजी जा चुकी है। इसपर सिंधिया ने सकारात्मक कार्रवाई का भरोसा दिया। इसके साथ ही उड़ान योजना के तहत तैयार दुमका, पलामू के चियांकी और बोकारो एयरपोर्ट से भी जल्द उड़ान शुरू करने का आग्रह किया। इस पर केंद्रीय मंत्री ने शीघ्र विमान सेवा शुरू करने के लिए आश्वस्त किया। इसके बाद रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से मुलाकात के दौरान उन्होंने टाटा-दानापुर एक्सप्रेस को बक्सर तक बढ़ाने का आग्रह किया। इस पर रेल मंत्री ने अधिकारियों को जल्द कार्रवाई का निर्देश दिया। साथ ही रांची- जमशेदपुर भाया कांड्रा होकर नई रेल लाइन के निर्माण के लिए डीपीआर बनाने का निर्देश भी अधिकारियों को दिया।

# दोबारा भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनने के बाद आज नगर लौट रहे रघुवर दास

भाजपा जमशेदपुर महानगर ने की भव्य स्वागत एवं अभिनंदन की तैयारी

मानगो चौक से लेकर एग्रिको तक के रास्ते में कार्यकर्ता स्वागत में रहेंगे सक्रिय

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के नेतृत्व में भाजपा की नवगठित राष्ट्रीय पदाधिकारी की टीम में राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। रघुवर दास को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाये जाने पर एक ओर जहां जमशेदपुर सहित पूरे झारखंड के भाजपा कार्यकर्ता उत्साहित हैं। तो वहीं, दूसरी ओर कार्यकर्ताओं के उत्साह को देखते हुए भाजपा जमशेदपुर महानगर ने भी रघुवर दास के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाये जाने और बुधवार को उनके प्रथम शहर आगमन पर भव्य एवं ऐतिहासिक स्वागत की तैयारी की है। रघुवर दास के प्रथम शहर आगमन पर होने वाले स्वागत को लेकर कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी साझा की गई। भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव ने बताया कि बुधवार को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास के जमशेदपुर आगमन पर ऐतिहासिक स्वागत एवं अभिनंदन के कार्यक्रम के लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गयी है। बुधवार सुबह 11:30 बजे शहर में प्रवेश करने पर मानगो शहीद खुदीराम बोस चौक से लेकर एग्रिको स्थित आवास तक विभिन्न मंडल के भाजपा कार्यकर्ता अपने जनप्रिय नेता का स्वागत करेंगे। जिसमें भाजपा कार्यकर्ता विभिन्न स्थानों पर ढोल-नगाड़ों पुष्पमाला, आतिशबाजी एवं लड्डू वितरण कर उनका स्वागत एवं अभिनंदन करेंगे।

## दूरदर्शन के शो वेलडन इंडिया में दिखे झारखंड के पैडमैन तरुण

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर/घाटशिला।** अगर रेंगना आता हो तो चलने की कोशिश करें, अगर चलना आता है तो दौड़ने की कोशिश करें, अगर दौड़ना आता हो तो उड़ने की कोशिश करे, लेकिन बहुत कम लोग इस जुनून को जी पाते है, ऐसे ही जज्बे को जीने वाले है जमशेदपुर के...., इन मशहूर प्रेरणादायी पंक्तियों को पढ़ते हुये दूरदर्शन पर प्रसारित कार्यक्रम वेलडन इंडिया की शुरूआत सोमवार को होस्ट सुशांत कुमार ने किया। सोमवार 31 जुलाई को दोपहर 2 बजे झारखंड के पैडमैन के नाम से चर्चित निश्चय फाउंडेशन के संस्थापक तरुण कुमार के जीवनी व संघर्षपूर्ण कार्यों पर आधारित वेलडन इंडिया कार्यक्रम का प्रसारण दूरदर्शन पर किया गया। कार्यक्रम के दौरान तरुण कुमार के कार्यों पर आधारित 55 मिनट 28 सेकंड अवधि के वृतचित्र का प्रसारण किया गया। वेलडन इंडिया कार्यक्रम में समाज के लिए प्रेरक कहानियों पर आधारित एपिसोड प्रसारित किए जाते है।

# हॉकी ऐस फाउंडेशन के 7 कैडेट, सब-जूनियर इंडिया कैंप के लिए शॉर्टलिस्ट किये गये

सब-जूनियर इंडिया कैंप 21 से 30 अगस्त, 2023 तक राउरकेला में आयोजित होगा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर/भुवनेश्वर।** हॉकी ऐस फाउंडेशन द्वारा संचालित अकादमियों के सात प्रतिभाशाली कैडेटों को प्रतिष्ठित सब-जूनियर इंडिया कैंप के लिए चुना गया है, जो 21 से 30 अगस्त, 2023 तक राउरकेला में आयोजित होने वाला है। ये युवा एथलीट हॉकी ऐस फाउंडेशन द्वारा संचालित दो अकादमियों से हैं: जमशेदपुर में नवल टाटा हॉकी अकादमी (एनटीएचए), और भुवनेश्वर में ओडिशा नवल टाटा हॉकी हाई परफॉर्मेंस सेंटर (ओएनटीएचपीसी)। हॉकी ऐस फाउंडेशन को टाटा ट्रस्ट और टाटा स्टील द्वारा संयुक्त रूप से बढ़ावा दिया जाता है। हॉकी ऐस फाउंडेशन के चेयरमैन चाणक्य चौधरी ने कहा, हमें खुशी है कि हमारे सात प्रतिभाशाली कैडेटों को सब-जूनियर इंडिया कैंप के लिए चुना गया है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि हमारे कोचों और कैडेटों दोनों की कड़ी मेहनत और समर्पण को दशार्ती है। हम उन्हें आगामी शिविर के लिए शुभकामनाएं देते हैं। सब-जूनियर इंडिया कैंप इन युवा एथलीटों को अपना कौशल दिखाने और राष्ट्रीय चयनकर्ताओं को प्रभावित करने का सुनहरा अवसर प्रदान करता है। उन्हें देश के बेहतरीन खिलाड़ियों के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करने और शीर्ष स्तर के कोचों से सीखने का अवसर मिलेगा। टाटा स्टील और टाटा ट्रस्ट के सहयोग से 2017 में स्थापित, जमशेदपुर में नवल टाटा हॉकी अकादमी में 13 से 18 वर्ष की आयु के 52 कैडेट रहते हैं। यह प्रत्येक कैडेट के लिए समग्र विकास के अवसर प्रदान करता है और एक विदेशी तकनीकी पार्टनर के समर्थन और टाटा स्टील खेल विभाग के खेल विज्ञान मार्गदर्शन से लाभ उठाता है।

### शिविर में अपना स्थान सुरक्षित करने वाले सात असाधारण कैडेट

1. रोहित तिर्कीः खूंटी के रहने वाले एक फारवर्ड खिलाड़ी, जिन्हें नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस-लखनऊ छात्रवृत्ति के लिए भी चुना गया था।
2. रोहित प्रधानः सिमडेगा के मिडफील्डर, जिन्होंने पिछले महीने राउरकेला में आयोजित सब-जूनियर नेशनल के दौरान ₹बेस्ट प्लेयर ऑफ मैच₹ का खिताब जीता था।
3. घूरन लोहराः सिमडेगा के एक मिडफील्डर जो टाटा ट्रस्ट-सिनी क्षेत्रीय विकास केंद्र के माध्यम से एनटीएचए में शामिल हुए।
4. प्रदीप मंडल - असम के डिफेंडर, जिन्हें सब-जूनियर नेशनल सेमीफाइनल के दौरान ₹सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार₹ मिला।
5. योजिन मिंज - सुंदरगढ़ के अटैकर, जिन्हें सब-जूनियर नेशनल चैंपियनशिप में दो बार बेस्ट प्लेयर का अवॉर्ड मिला।
6. रोहित कुल्लू - सुंदरगढ़ के डिफेंडर, अपने असाधारण ड्रैग फ्लिकिंग कौशल के लिए जाने जाते हैं।
7. सुरेश शर्मा - मणिपुर के मिडफील्डर, जिन्हें ड्रैग फ्लिकर के रूप में विशेषज्ञता प्राप्त है।

## खबर एक नजर में

### एशिया अवार्ड 2023 से सम्मानित होंगे सहारा सिटी निवासी डॉ रंजन कुमार मिश्रा



**जमशेदपुर।** डॉक्टर रंजन कुमार मिश्रा वर्तमान में नेताजी सुभाष विश्वविद्यालय जमशेदपुर में डीन-आई टी के रूप में कार्यरत हैं और सहारा सिटी के डेल्टा ए ब्लॉक के फ्लैट नम्बर 258 में रहते हैं। उन्हें एशिया एजुकेशन लीडरशिप समिट एंड अवार्ड्स -2023 द्वारा 'इनोवेटिव प्रोफेसर अवार्ड ऑफ द ईयर' के लिए नामांकित किया गया है जो मुंबई में दिया जाएगा। यह पुरस्कार शिक्षा के क्षेत्र में सबसे प्रतिष्ठित योगदान के लिए दिया जाता है। उन्हें पहले ही विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है। उन्होंने यह पुरस्कार उनके विश्वविद्यालय, छात्रों और परिवार के सदस्यों को समर्पित किया है। इस शानदार सफलता पर सहारा सिटी के सचिव पूर्व सैनिक सुशील कुमार सिंह ने बधाई देते हुवे कहा कि आपकी उपलब्धि से हम सब कॉलोनीवासी गर्वान्वित महसूस कर रहे हैं। कॉलोनी के साथ साथ शहर जिला राज्य एवं देश के लिये गर्व की बात है। इससे युवाओं को भी अपने जीवन मे बेहतर करने की प्रेरणा मिलेगा।

### नारायण आइटीआइ में तुलसी दास की पुण्यतिथि मनी



जमशेदपुर। नारायण आई टी आई लुपुंगडीह, चांडिल में गोस्वामी तुलसीदास की पुण्यतिथि मनायी गयी। इस अवसर पर संस्थान के संस्थापक डॉक्टर जटा शंकर पांडेय ने कहा कि गोस्वामी जी का जन्म 1532 में हुआ था और उनकी मृत्यु 30 जुलाई 1623 में हुई। पांडेय ने कहा कि जब सारा देश मुगल बादशाह से परेसान था तब उन्होने राम चरित मानस की रचना कर भारतीय संस्कृति तथा हिन्दू धर्म की रक्षा की। देश उनका सदा के लिए आभारी रहेगा। इस अवसर पर उपस्थित संस्थान के प्राचार्य जयदीप पांडे, भगत लाल तेली, कृष्णा महतो उपस्थित थे।

### इलाइट टावर में सावन महोत्सव की धूम



जमशेदपुर। आदित्यपुर स्थित ईलाइट टॉवर के महिलाओ के द्वारा गत शनिवार को सावन महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओ ने सावन की हरियाली छटा बिखेरती हुए माहौल को सावनमय कर दिया। महोत्सव के दौरान विविध रूप और हरे रंग से सुसज्जित महिलाओं ने नृत्य , संगीत सहित अन्य कार्यक्रम की प्रस्तुति कर आपस में सावन की खुशियां बांटी। इस दौरान अनेक मनोरंजन गेम्स, सावन हाऊसी भी खेला गया। कार्यक्रम में सुधा सिंह, बबीता राय, खुशबू, रूबी, सरिता, सीमा, पायल एवं अन्य ईलाइट टावर की महिलाएं भी शामिल थी।

### गायत्री परिवार के युवाओं ने पौधरोपण किया



**जमशेदपुर।** गायत्री परिवार टाटानगर का युवा प्रकोष्ठ नवयुगदल द्वारा श्रीनाथ शिखर सोसाइटी मानगो में पौधा रोपण किया गया। इस से पूर्व बैदिक मंत्रों के साथ सभी पौधों का पूजन सोसाइटी के पदाधिकारियों के साथ नवयुगदल के सह संयोजक पुष्पेंद्र कुमार जिला महिला प्रतिनिधि बहन मंजू मोदी और मानगो प्रज्ञा महिला मंडल के संयोजीका बहन रेखा शर्मा ने किया। इस परिसर में 100 फलदार पौधे जैसे आम, अमरूद, बेल, कटहल आदि के पौधे लगाए गए। वहीं दुसरी तरफ साहित्य विस्तार केंद्र बारीडीह के युवाओं द्वारा 51 अलग अलग घरों में जाकर तूलसी, आम, अमरूद, कटहल के पौधों के साथ अखंड ज्योति पत्रिका का बितरण कर पौधे लगाने के प्रति जागरूपता अभियान चलाया गया। इस अभियान में उपजोन युवा प्रतिनिधि जितेंद्र कुमार सचान, मृत्युंजय कांत शर्मा, सूबेदार पंडित, शोभा सचान, शीमा खत्री, कुंवर प्रसाद मालाकर, शंकर कुमार, बिरेन्द्र नाथ पांडेय, संजय वर्मा, बासुदेव पाल, श्याम शर्मा, हरि ओम, रवि नेवार ने योगदान दिया।

### कुणाल षाडंगी पहुंचे मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी शाखा के कार्यालय



जमशेदपुर। बहरागोड़ा के पूर्व विधायक एवं भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता कुणाल षाडंगी स्टील सिटी के ऑफिस पहुंचकर आगमी कार्यक्रम कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर की जानकारी ली। कुणाल सारंगी कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर को लेकर गांव एवं सोशल मीडिया में काफी दिनों से प्रचार-प्रसार कर रहे हैं और स्टील सिटी के इस कार्यक्रम में गति प्रदान करने के लिए लोगों को इस कैंप के लिए जागरूक कर रहे हैं। सारंगी ने स्टील सिटी के ऑफिस पहुंचकर सदस्यों से कैंप के बारे में जानकारी ली और विधि व्यवस्था के बारे में जाना। सारंगी स्टील सिटी के इस मेगा प्रोजेक्ट की प्रशंसा की और कहा स्टील सिटी संस्था जिस गति के साथ कार्य कर रही है वह काफी प्रशंसा लायक है साथ ही अग्रिम शुभकामनाएं दी। अध्यक्ष मोहित मनका ने बताया सारंगी का साथ स्टील सिटी शाखा के युवाओं को सदैव प्राप्त होता रहा है युवा नेता युवा मंच की बातें काफी बारीकी से समझते हैं और तत्कालीन उस पर एक्शन लेते है एवं कुणाल सारंगी ने बहरागोड़ा, बोड्डाम, पदमडा और भी कई ग्रामीण क्षेत्रों में प्रचार प्रसार करने में काफी मदद की।

### बागबेड़ा में महिलाओं के बीच मना सावन महोत्सव



जमशेदपुर। बागबेड़ा स्तिथ अनुग्रह नारायण संस्थान में बागबेड़ा रोड न 6 निवासी गीता कुमारी के द्वारा सावन महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद सदस्य डॉ कविता परमार शामिल हुई। साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में माला कुमारी (संकाय सदस्य, बैंक ऑफ इंडिया पूर्वी सिंहभूम), धर्मेंद्र कुमार, वरिष्ठ बीमा सलाहकार जमशेदपुर मंडल, बागबेड़ा मुखिया राजकुमार, उमा मुंडा, पंचायत समिति की झरना मिश्रा के रूप में मंच पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन सह सफल संचालन एवम धन्यवाद ज्ञापन गीता कुमारी ने किया। कार्यक्रम के शुरू में सभी अतिथियों को अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया। साथ ही सभी एस ए जी की सभी अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष को भी अंग वस्त्र देकर डॉ कविता परमार जी के हाथो सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सभी महिलाओं के बीच वक्ता के रूप में राजकुमार मुखिया धर्मेंद्र कुमार ने महिलाएं के बीच केंद्र सरकार की योजनाओं की विस्तृत रूप से सुकन्या योजना की जानकारी दी। माला कुमारी ने नारी सशक्तिकरण पर भी बताया की किस तरह से नारी अपना स्वरोजगार करें एवम डॉ कविता परमार ने नारियों को अपनी मजबूती पर जोर दिया की किस तरह आप अपने स्वास्थ्य एवम समय पर भोजन करने और अपना और परिवार का ध्यान रखने पर जोर दिया। सावन महोत्सव में अंतिम में महिलाओं के द्वारा गीत संगीत का कार्यक्रम किया गया जिसमे सभी महिलाओं ने शिरकत किया। आज के सावन महोत्सव में बिनीता देवी, रेणु सिन्हा, अल्पना सिंह, सुजाता सिंह, अमित कुमार व अन्य महिलाएं उपस्थित थीं।

**स्पीड न्यूज**

## उपायुक्त ने की जेएसएलपीएस से संचालित योजनाओं की समीक्षा



मेदिनीनगर। जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने मंगलवार को एनआईसी सभागार में जेएसएलपीएस द्वारा संचालित योजनाओं को लेकर समीक्षात्मक बैठक की। बैठक में उपायुक्त ने बिरसा हरित ग्राम योजना, पशुपालन, जोहार परियोजना, दीदीबाड़ी, बंधन विकास केंद्र, डीडीयू-जेकेवाई जैसे कई योजनाओं की समीक्षा की। उपायुक्त ने जेएसएलपीएस द्वारा संचालित योजनाओं में शिथिलता को देखते हुए असंतोष प्रकट की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति में तेजी लाएं, इसके लिए पूरी लगन के साथ कार्य करें अन्यथा लापरवाही बरतने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने जोहार परियोजना में बने एफपीसी को धान खरीद बिक्री जैसे अन्य कार्य में शामिल करने, बिरसा हरित ग्राम योजना, बंधन विकास कार्यक्रम, जॉब एंड स्किल में प्रगति लाने का निर्देश सबंधित पदाधिकारी को दिया। साथ ही उन्होंने सुखाड़ को देखते हुए सभी प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधको को निदेशित किया कि अपने-अपने क्षेत्रो में आजीविका की गतिविधियों को बढ़ाएं। बैठक में उपायुक्त शशि रंजन के अलावा उप विकास आयुक्त रवि आनंद, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जिला प्रबंधक, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक, परियोजना पदाधिकारी सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## मुखिया ने कई आंगनबाड़ी केंद्रों सहित विद्यालय का किया औचक निरीक्षण



**छतरपुर पलामू।** छतरपुर प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत दीनादाग मुखिया सविता देवी ने ग्रामीणों की शिकायत मिलने पर कई आंगनबाड़ी केंद्रों सहित विद्यालय का औचक निरीक्षण किया जिसमें उन्होंने कई तरह के गड़बड़ियां पाया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र महुगाई, डुमरिया, देवताही दीनादाग को बंद पाया। रेगानिया केंद्र खुला तो था पर एक भी बच्चे नहीं थे। अब ऐसे में अंदाजा लगाया जा सकता है कि आंगनवाड़ी केंद्र कितने सुचारू ढंग से संचालित हो रहा है और नौनिहालों का पोषाहार मिल रहा है या नहीं। उन्होंने बताया कि विद्यालय को लेकर भी ग्रामीणों का कई बार शिकायत मिला। जिसके औचक निरीक्षण करने उत्क्रमित मध्य विद्यालय तिलहरवा में गई। मैंने पाया कि यहां बच्चों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का घोर अभाव है। क्लास के टाइम बच्चों को बेवजह स्कूल से बाहर घूमते देखा गया। विद्यालय परिसर में साफ-सफाई की काफी अभाव दिखा। यहां तक की शिक्षक अपने बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज कर स्कूल से बाहर घूमते दिखे। मध्यान भोजन की बात करें तो इसमें भी काफी गड़बड़ियां मिले। कई बार तो यहां मध्यान भोजन बनता ही नहीं। बच्चों को यहां अंडा फल इत्यादि नहीं दिया जाता। यहां अंडे व फल क्यों नहीं दिया जा रहा है यह पूछने पर जवाब आया कि हम बच्चों को बिस्किट देते हैं। वहीं एक और विद्यालय एनपीएस महुगाई में पाया गया कि पेंट पोचारा का पैसा भी निकासी कर विद्यालय का सौंदर्यीकरण नहीं किया गया। इस प्रकार से शिक्षा के मंदिर के संचालन करने वाले व शिक्षकों के द्वारा ही इसकी धज्जियां उड़ाई जा रही है। यह एक बड़ी चिंताजनक बात है। उन्होंने कहा कि ऐसे भ्रष्ट लोगों के ऊपर अविलंब कार्रवाई की जाए।

## जेएनवी जपला 2 के बच्चों ने चलायी नामांकन को लेकर जागरूकता



हुसैनाबादपलामू। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित जवाहर नवोदय विद्यालय जपला 2 के बच्चों ने मंगलवार को नामांकन को लेकर जागरूकता रैली निकाली गई। पुस्तकालयाध्यक्ष आशमुनी प्रसाद व पीजीटी अभिषेक सिंह के नेतृत्व में इसकी शुरूआत विद्यालय परिसर से की गयी। जो मेहदीनगर, सैदाबाद, स्टेशन रोड, मुख्य बाजार रोड, छतरपुर रोड आदि मुख्य पथों का भ्रमण करते हुए सत्र 2023-24 में वर्ग छह में नामांकन के लिये जागरूक किया। उक्त वर्ग में नामांकन दाखिल के लिये प्रवेश परीक्षा का आवेदन भरने की प्रक्रिया जारी है। सरकारी स्कूलों में वर्ग 5 में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को ससमय ऑनलाइन फार्म भरना है जिसमे अधिक से अधिक अभिभावक अपने बच्चों के दाखिला हेतु प्रवेश परीक्षा भरवाए।

## आइएनडीआइए में शामिल दलों ने मणिपुर की घटना के खिलाफ किया प्रदर्शन



मेदिनीनगर। मणिपुर में हो रही हिंसा के खिलाफ इंडिया गठबंधन में शामिल सभी दलों ने पलामू जिला मुख्यालय में भाजपा के खिलाफ उग्र प्रदर्शन किया। झामुमो के कार्यकर्ता झामुमो के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा के नेतृत्व में जिला कार्यालय से हजारों की संख्या में रैली के रूप में निकले। छह मुहान पर कांग्रेस, राजद, सीपीआई, आप एक कार्यकर्ता अपने अपने अध्यक्ष के नेतृत्व में पदयात्रा में शामिल हो गए। सभी दलों के नेताओं ने समाहरणालय में धरना प्रदर्शन कर रहे नेताओं को संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन कांग्रेस के जिलाध्यक्ष जैश रंजन पाठक ने किया। मौके पर झामुमो अध्यक्ष सिन्हा ने कहा कि मणिपुर में हो रही हिंसा को रोकने की जगह डबल इंजन की सरकार चुप है। जैश रंजन पाठक ने कहा कि 2024 में भाजपा जमींदोज होने वाली है, इंडिया गठबंधन सरकार बनाने वाली है। ये लोग बांटने तोड़ने की राजनीति करते हैं, आज लोग एकजुट हो चुके हैं। माले के वरिष्ठ नेता के डी सिंह, राजद के जिलाध्यक्ष मनोज विश्वकर्मा ने कहा कि आने वाला वक्त इंडिया का गठबंधन का है। आप संयोजक चंद्रबली चौबे ने कहा कि देश को हिंसा नहीं शांति पसंद है, नरेंद्र मोदी जनता को मूर्ख समझते हैं। प्रदर्शन में झामुमो के सचिव सन्नू सिद्दिकी, युवा मोर्चा अध्यक्ष सन्नी शुक्ला, महिला मोर्चा की अध्यक्ष सुशीला मिश्रा, महानगर अध्यक्ष रंजीत जायसवाल, व्यवसायिक मोर्चा के अध्यक्ष दीपू चौरसिया, अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष फजायल अंसारी, पिछड़ा मोर्चा के अध्यक्ष ललन चौधरी, मो शाहनवाज सहित सभी दल के कार्यकर्ता शामिल थे।

## भाजपा नेता ने हरिहरगंज व पीपरा में बिजली आपूर्ति को लेकर सौंपा ज्ञापन



हरिहरगंज पलामू। हरिहरगंज तथा पिपरा प्रखंड में पर्याप्त विद्युत आपूर्ति की मांग को लेकर भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष सह समाजसेवी राजीव रंजन के नेतृत्व में सामाजिक कार्यकर्ताओं का एक टीम विद्युत महाप्रबंधक मेदिनीनगर पलामू से मिल कर चर्चा किया। साथ ही चार सूत्री मांग का ज्ञापन सौंपा। जिसमे हरिहरगंज तथा पिपरा प्रखंड को 23 से 24 घंटा पर्याप्त बिजली आपूर्ति करने, हरिहरगंज तथा पिपरा प्रखंड के सब स्टेशन के लिए 14 मेगा वाट विद्युत आपूर्ति करने, हरिहरगंज सब स्टेशन में 10 एमवीए का पावर ट्रांसफार्मर लगाया जाए ताकि ओवरलोड की समस्या समाप्त हो सके। राजीव रंजन ने बताया कि जीएम द्वारा 2 से 3 दिनों में हरिहरगंज तथा पिपरा को पर्याप्त बिजली उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर मृत्युंजय सिंह, अवधेश मेहता, दिनेश पासवान, शंभू यादव आदि उपस्थित थे।

## मनातू प्रखंड के पंचायत सेवक गये सामूहिक हड़ताल पर



**मनातू पलामू।** मनातू प्रखंड के सभी पंचायत सेवक अपनी मांगों को लेकर सामूहिक हड़ताल पर चले गये। पंचायत सेवकों ने मांग पत्र मनातू बीडीओ को सौंपकर मांगों पर पहल करने की मांग की है। पंचायत सेवकों ने कहा कि हमलोग वर्ष 2016 से अभी तक कार्यरत हैं। सरकार काम के एवज में मानदेय और स्थाई करण पर विचार नहीं कर रही है। मांग पत्र सौंपनेवालों में पंचायत स्वयंसेवक रविंद्र यादव, शिवपूजन यादव, मनोज यादव, मनोज ठाकुर, सबीता देवी, प्रेमशंकर प्रसाद, प्रवीण गुप्ता, विरेंद्र कुमार, अंजनी कुमार, विजय प्रसाद, पिंटु प्रसाद का नाम शामिल है।

# जेजेएमपी का एरिया कमांडर सुमन यादव गिरफ्तार

### पांकी थाना क्षेत्र के खबरमंडा गांव से पकड़ा गया

खबर मन्त्र संवाददाता



**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** प्रतिबंधित नक्सली संगठन जेजेएमपी के एरिया कमांडर सुमन यादव उर्फ वीरेंद्र यादव को पांकी थाना क्षेत्र के खबरमंडा गांव से गिरफ्तार किया गया है।

इस संबंध में एसडीपीओ आलोक कुमार टूटी ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि जेजेएमपी के एरिया कमांडर सुमन यादव उर्फ वीरेंद्र यादव पिता स्वर्गीय बांधों यादव उर्फ नंदकिशोर यादव ग्राम खबरमंडा स्थित अपने घर पर आया हुआ है। उक्त सूचना के आधार पर वरीय पदाधिकारी को सूचित किया गया। वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर एक पुलिस टीम गठित कर ग्राम खबरमंडा स्थित अभियुक्त के घर छापेमारी किया गया। पुलिस को देखकर एरिया कमांडर सुमन यादव घर से निकलकर भागने लगा।

जिसे पुलिस ने दौड़ाकर दबोच लिया। उन्होंने बताया कि समुन वर्ष 2017 से जेजेएमपी उग्रवादी संगठन में सक्रिय था जिसपर पर पांकी एवं मनिका थाना में लेवी वसूलने, पुलिस के साथ मुठभेड़ करने एवं मारपीट करने तथा धमकी देने समेत कई मामले विभिन्न थानों में दर्ज है। एसडीपीओ टूटी ने बताया कि लेस्लीगंज अनुमंडल क्षेत्र में सक्रिय जेजेएमपी के लिए काम करने वाले स्लिपर सेलों पर पुलिस की पैनी नजर है। जेजेएमपी और टीएसपीसी के लिए काम करने वालों पर कार्रवाई की जा रही है।

इसे लेकर पुलिस उग्रवादियों के विरूद्ध सघन छापेमारी अभियान चला रही है। छापेमारी दल में थाना प्रभारी रंजीत प्रसाद यादव के साथ एसआई कुंदन कुमार पासवान, पुलिस जवान रामेश्वर यादव, विभव शुक्ला, रविंद्र कुमार शुक्ला सहित अन्य शामिल थे।

### डालटनगंज विधायक ने विधानसभा में पलामू में सुखाड़ का मामला उठाया

# पलामू को विशेष पैकेज दे सरकार : आलोक

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** डालटनगंज-चैनपुर-भंडरिया विस क्षेत्र के विधायक आलोक चौरसिया ने विधानसभा सत्र संचालन के दौरान नियमावली 147 के तहत पलामू प्रमंडल में सुखाड़ का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि पलामू प्रमंडल झारखंड का एक ऐसा जिला है जो अकाल व सुखाड़ के नाम से जाना जाता है। लगभग प्रत्येक वर्ष पलामू सुखाड़ का दंश झेलता आया है। इस वर्ष भी सुखाड़ की स्थिति से गरीब किसान जूझ रहे हैं। किसानों द्वारा खेतों में लगाई गई फसल व धान के बीचड़े सूख गये हैं। खेत में दरार फट चुका है। किसान महंगे बीज खरीदकर खेतों में बोने का काम किया लेकिन इस वर्ष भी मौसम किसानों का साथ नहीं दे रहा है। जिस कारण किसान के सपने धरा के धरा ही रह गया। सरकार से कई बार पलामू प्रमंडल की ओर ध्यान आकृष्ट कराया गया परंतु आज तक न खेतों को सिंचित करने के लिए नहरों को ठीक किया गया और न ही छोटे नदियों को बांधा गया। जिस कारण पानी का संग्रह नहीं हो पा रहा है। उन्होंने कहा कि गांव के खेतों में पानी एवं पशुओं को पीने का पानी की व्यवस्था भी करना कठिन हो गया है। शहर से लेकर गांवों तक के पानी का स्तर जमीन से काफी नीचे चला गया है। जिस कारण लोग पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। वहीं नदियों के अतिक्रमण किये जाने के कारण नदियां खोखला हो गई है। यदि समय रहते सरकार कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं करती है तो पलामू प्रमंडलवासियों को 1966 के अकाल की स्थिति का सामना करना पड़ेगा। चौरसिया ने सदन के माध्यम से सरकार से मांग किया है कि पलामू के खेतों को कैसे सिंचित किया जाये व पानी संग्रह करने के उपाय करने के लिए सरकार विशेष पैकेज की व्यवस्था करे।

### प्रधानमंत्री आवास, जमीन दाखिल खारिज, जमीन हड़पने का मामला आया सामने

# उपायुक्त ने जनता दरबार में सुनी लोगों की फरियाद, दिये निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** उपायुक्त शशि रंजन ने मंगलवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे ग्रामीणों ने उपायुक्त को अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए समाधान करने हेतु अनुरोध किया। जनता दरबार में आये समस्याओं का अवलोकन करते हुए उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को आवेदन अग्रसारित करते हुए निर्धारित समय सीमा पर निष्पादन करने का निर्देश दिया। जनता दरबार मे पाटन थाना क्षेत्र के ग्राम बंजारी निवासी बेबी देवी, रूबी देवी, सबिता देवी, मीना देवी, नीलम देवी, सुषमा देवी ने उपायुक्त से प्रधानमंत्री आवास देने की गुहार लगाई। इसी तरह मेदिनीनगर प्रखंड क्षेत्र के चंचला कुमारी और रीता कुमारी ने उपायुक्त से सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ देने की गुहार लगाई। इसी तरह तरहसी थाना क्षेत्र के बिनोद कुमार सिंह ने उपायुक्त से पलामू जिला के तरहसी प्रखण्ड में एफपीओ के गठन में अनियमितता की शिकायत करते हुए जांच करवाने की मांग की। जनता दरबार में मुख्य रूप से जमीन संबंधी, प्रधानमंत्री आवास व जमीन दाखिल खारिज, जमीन हड़पने, राशन कार्ड, वृद्धा पेंशन आदि से सबंधित कई आवेदन आये जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर निर्धारित समय सीमा के अंदर निष्पादित करने का निर्देश दिया।

# हर जिले में रेडक्रॉस का सेवा कार्य अव्वल : शशि रंजन

### सोसाइटी के एक्सक्यूटिव एवं सदस्यों के प्रतिनिधिमंडल ने की डीसी से मुलाकात

इंद्रजीत सिंह डिंपल ने उपायुक्त को पूरी स्थिति से अवगत कराते हुए अनुरोध किया- रेडक्रॉस के सेवा कार्यों में विस्तार की आवश्यकता है

खबर मन्त्र संवाददाता




**मेदिनीनगर।** रेड क्रॉस सोसाइटी पलामू प्रमंडल के एक्सक्यूटिव एवं सक्रिय सदस्यों का प्रतिनिधिमंडल रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष सह उपायुक्त शशि रंजन से उनके कार्यालय कक्ष में मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल में मुख्य परियोजना पदाधिकारी इंद्रजीत सिंह डिंपल ने उपायुक्त को रेड क्रॉस की पूरी स्थिति से अवगत कराते हुए अनुरोध किया कि रेड क्रॉस के सेवा कार्यों में विस्तार की आवश्यकता है। पहले रेड क्रॉस के पास ब्लड बैंक, आरोग्य सदन, डीडीआरसी, एक्स-रे केंद्र एवं ईसीजी सेंटर था। अब मेडिकल कॉलेज बनने के पश्चात रेडक्रॉस से आरोग्य सदन, डीडीआरसी, एवं ब्लड बैंक के संचालन का हस्तांतरण करा लिया गया हैं। इस दौरान उपायुक्त शशि रंजन ने सभी सदस्यों की बात सुनी और बताया कि रेड क्रॉस के सेवा कार्य हर जिले में अव्वल है और उनका प्रयास रहेगा कि उनकी देखरेख में पलामू में भी रेड क्रॉस बेहतर से बेहतरीन काम कर सकें। उन्होंने प्रशिक्षु आईएएस रवि कुमार को रेड क्रॉस के बारे में पूरी जानकारी प्राप्त करने एवं संस्था की बेहतरी के लिया विचार प्राप्त कर मार्गदर्शन देने का अनुरोध किया। कुछ सदस्यों ने विचारों के क्रम में अनुरोध किया कि रेड क्रॉस का चुनाव विगत कुछ वर्षों से टाला जा रहा है। इसलिए लोकतांत्रिक मर्यादा के अनुसार चुनाव आवश्यक है। जिस पर उपायुक्त ने कहा कि यह सारी बातों को रवि कुमार जी देख लेंगे और जल्द ही इन पर विचार करने के लिए हम लोग पुन : बैठक करेंगे। उपायुक्त के स्वागत कार्यक्रम में मुख्य रूप में निलेश अग्रवाल, रंजीत मिश्रा, रिंकू दुबे, राकेश सोनी, कोषाध्यक्ष अमिताभ कुमार मिश्रा उर्फ पप्पू मिश्रा, पंकज जायसवाल, सुधांशु पाठक, रोहित जैन, संजय अग्रवाल, जितेंद्र कुमार, प्रिंस कुमार आदि शामिल थे।

## विश्रामपुर में 30 लोगों को मिला आयुष्मान कार्ड



बिश्रामपुर (पलामू)। आयुष्मान भारत-मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत संचालित आयुष्मान पखवाड़ा के तहत मंगलवार को बीडीओ प्रशांत हेम्ब्रम ने 30 नए लाभुकों के बीच आयुष्मान कार्ड वितरित किया। यहां बताते चलें कि पूरे राज्य में 21 जुलाई से चार अगस्त तक आयुष्मान पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसी के तहत सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के माध्यम से आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। इस योजना के तहत सभी गुलाबी , पिला और हरा राशनकार्ड धारकों को आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है .इससे उन्हें पांच लाख तक प्रति वर्ष,प्रति परिवार मुफ्त इलाज हो सकेगा। लाभुकों के बीच आयुष्मान कार्ड वितरित करते हुए विश्रामपुर बीडीओ प्रशांत हेम्ब्रम ने कहा कि गरीब परिवारों के लिए यह योजना काफी लाभदायक सिद्ध हो रहा है।

# आंख के इंफेक्शन कंजक्टिवाइटिस से जिलेवासी परेशान

इस मौसम में आंख का आना रोग होता है, लोग रहें सतर्क : डॉ प्रसुन

गजेंद्र कुमार



**मेदिनीनगर।** वर्षा ऋतु में उमस एवं भीषण गर्मी के कारण लोग काफी परेशान हैं वहीं उमस भरी गर्मी एवं तेज धूप के कारण कई संक्रमित रोग लोगों को ग्रसित कर रहा है। इस दौरान बच्चों में सर्दी, खांसी, बुखार, उल्टी एवं वयस्क लोगों में तेज बुखार, शरीर दर्द, पेट फुलना, अपच समेत कई संक्रमित रोग से लोग ग्रसित हो रहे हैं। वहीं दूसरी ओर पलामू जिला में आंख का आना से लोग काफी परेशान हैं। इस रोग को आंख का इंफेक्शन कंजक्टिवाइटिस कहा जाता है। इस रोग को लोग आंख का आना के साथ ही साथ गुलाबी आंख भी बोलते हैं जो संक्रमितजनित रोग है। इस रोग से बच्चे समेत वयस्क, बुजूर्ग भी ग्रसित हो रहे हैं। इस संबंध में नेत्र रोग विशेषज्ञ डा प्रसुन कुमार ने बताया कि इस मौसम में आंख का आना एक बीमारी होता है जो संक्रमण के कारण होता है। उन्होंने इस रोग पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इसके कई लक्षण हैं। आंख का लाल होना, आंख से पानी आना, चुभना, खुजली होना, जलन होना तथा दर्द होना इसके महत्वपूर्ण लक्षण हैं। इसके प्रति लोगों को अपनी सजगता दिखाते हुए दूसरे के प्रति भी सजग होने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जिस व्यक्ति को यह रोग अपने में ग्रसित कर लेता है उसे तेज धूप या तेज लाईट आंखों को परेशान करता है। इसमें घरेलू उपचार या अज्ञान लोगों से उपचार नहीं कराना चाहिए बल्कि नेत्र रोग विशेषज्ञ से परामर्श लेने के बाद इस रोग का उपचार करायें। उन्होंने कहा कि इस रोग से लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है। यह रोग ठीक होनेवाला है। इसकी अवधि एक सप्ताह तक ही होती है। जो काफी पीड़ादायक होता है।

## ईको क्लब के बच्चों ने लगाये फूल के पौधे



**मेदिनीनगर।** रजवाडीह मध्य विद्यालय के ईको क्लब के बच्चों ने विद्यालय परिसर में फूल के पौधे लगाये। प्रधानाध्यापक परशुराम तिवारी ने बताया कि बहुप्रतीक्षित बारिश की हल्की फुहार से प्रफुल्लित बच्चों ने फूल के पौधे लगाये। इस बार मौसम की बेरूखी चिंतित करने वाली है। खेती-बारी तो दूर पीने के पानी का गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है। पर किसी भी परिस्थिति में खुशी ढूंढ लेने वाले बच्चों ने अपने घर से फूल के पौधे लाकर विद्यालय के फूलवारी को समृद्ध किया। छात्रा कली, पूजा, संध्या, नंदनी, वैष्णवी, प्राची, सोनाली, नैंसी, निशा, माला, छात्र शांतनु व पंचम ने फूल के पौधे लगाये। इस अवसर पर शिक्षिका निशा, प्रियंका कुमारी, पूनम रानी व शिक्षक विजय कुमार ठाकुर क्लब के सदस्यों के साथ सक्रिय थे।

## कलश यात्रा के साथ 24 घंटें का अखंड कीर्तन प्रारंभ



**पांडू पलामू।** पांडू प्रखंड के ग्राम करमडीह में 24 घंटा का अखंड कीर्तन प्रारंभ किया गया। वही गाजे बाजे के साथ जल यात्रा निकाला गया। लोग गांव में भ्रमण करते हुए राम जानकी मंदिर में पूजा अर्चना कर बाकी नदी के संगम से मंत्र उच्चारण के साथ कलश में जल भर कर अखंड स्थल यज्ञशाला में कलश स्थापना किया गया। जलयात्रा मुख्य अतिथि वृद्ध खैरा मंदिर के महंथ बुष्णुचित स्वामी जी महाराज के देखरेख में निकाला गया। आचार्य गंगाधर पाठक व यजमान के रूप में अरविंद कुमार सिंह व बबलू कुमार सिंह उपस्थित थे। मौके पर ग्रामीण सुनेश्वर प्रसाद सिंह उर्फ ददू ने कहा कि यह अखंड कीर्तन का कार्यक्रम सैकड़ों वर्ष पहले से होते आ रहा है। यह बात उनके बाबा आदित्य सिंह कहा करते थे। मौके पर जिप सदस्य मीना देवी,जनेश्वर सिंह, पूर्व बीस सुत्री अध्यक्ष ब्रज भूषण सिंह, अविनाश कुमार सिंह, पारस नाथ सिंह, श्याम सुंदर सिंह, उपेंद्र सिंह, धनंजय कुमार सिंह, बबलू सिंह, पुकार सिंह, मुन्ना सिंह, कामता सिंह, पृथ्वी प्रजापति सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## पलामू में पहली बार छात्रों ने करीब से देखा तारामंडल



**चैनपुर पलामू।** प्रखंड के चेड़ाबार स्थित यूफोरिया 21 सेंचुरी विद्यालय में सभी विद्यार्थियों को पृथ्वी के भौगोलिक अध्ययन के लिए विद्यालय प्रबंधन द्वारा निःशुल्क एवं आकर्षक प्लैनेटेरियम (तारामंडल) शो का आयोजन किया गया। यह शो रांची के जेमिनी प्लैनेटेरियम के द्वारा पलामू में पहली बार आयोजित किया गया। पहली से 8वीं कक्षा तक वाले इस विद्यालय के लगभग 350 बच्चों ने आज खगोल विज्ञान को बहुत पास से देखा और समझा। विद्यालय के प्रधानाचार्य विवेक तिवारी ने कहा कि छात्रों के बौद्धिक विकास हेतु इस प्रकार का आयोजन आगे भी किया जाता रहेगा।

## विहिप के प्रतिनिधिमंडल ने डीसी का किया स्वागत



मेदिनीनगर। विश्व हिंदू परिषद पलामू का एक प्रतिनिधि मंडल नये उपायुक्त शशि रंजन से उनके कार्यालय में मुलाकात कर उन्हे श्री मदभगवतगीता की एक प्रति भेंट कर उनका स्वागत किया। प्रतिनिधि मंडल में पलामू विहिप के जिला मंत्री सूबेदार दामोदर मिश्र, अमित तिवारी, राजीव गोयल,अंकित गुप्ता, संदीप प्रसाद गुप्ता, विकाश कुमार कश्यप, आकाश कुमार, दिलीप गिरी, प्रकाश विश्वकर्मा शामिल थे।

# मनातू प्रमुख, जिला परिषद सदस्य, उप प्रमुख पंसस ने किया मनरेगा योजना का निरीक्षण

कई जगहों पर मनरेगा में बिना कार्य कराये की गयी पैसे की निकासी

खबर मन्त्र संवाददाता



**मनातू पलामू।** मनातू प्रखंड प्रमुख गीता देवी, जिला परिषद सदस्य प्रदीप कुमार चावला, मनातू उप प्रमुख धनवंती देवी, मनातू पंचायत समिति सदस्य पदमा उतरी पुनम देवी ने मनातू प्रखंड के पदमा पंचायत में मनरेगा योजनाओं का निरीक्षण किया। जिसमें पाया कि अधूरे कार्य होने या कार्य बिना कराये मुखिया द्वारा पैसे की निकासी कर ली गई है। कहीं खेत में मेढ़बंदी किया गया है। प्रमुख ने कहा कि कई योजना के अलावे दीदी बाड़ी योजना भी अधिक संख्या में खोला गया है। पैसा की निकासी की गई है। जो स्थल पर काम भी नहीं हुआ है। जांच के दौरान स्थल पर एक भी शिलापट नहीं है। खुसबुदीन बीबी के नाम से योजना खोल कर 35190 रूपये निकासी की गई है। कई जगहों पर बिना काम कराये पैसे की निकासी का मामला सामने आया है। कई जगहों पर मनरेगा में लापरवाही बरती गयी है। जांच में बीपीओ को कई बार प्रमुख ने फोन किया लेकिन योजना स्थल पर नहीं आये। इससे स्पष्ट है कि पंचायत सेवक, रोजगार सेवक, बीएफटी जेई, मुखिया, बीपीओ के मिलीभगत से अवैध रूप से बगैर एमबी के पैसा निकासी की गई है। प्रमुख ने मनातू बीडीओ से मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की है। इससे ग्रामीणों में काफी आक्रोश है।

## गैस सिलेंडर ब्लास्ट की घटना में एक और मौत, मृतकों की संख्या दो हुई



**हरिहरगंज पलामू।** शहरी क्षेत्र के अररुआ खुर्द निवासी आजम रिजवी के घर पिछले 24 जुलाई को हुई एलपीजी गैस सिलेंडर ब्लास्ट होने की घटना के घायलों की लगातार मौत हो रही है। इस बीच रांची में इलाजरत 35 वर्षीय अख्तर अली ने मंगलवार को दम तोड़ दिया। वह अररूआ खुर्द निवासी अकबर अली का पुत्र है। उक्त घटना में मृतकों की संख्या बढ़कर दो हो गई है। इससे पहले सोमवार को मोहन लाल की मौत हुई थी। मालूम हो कि उक्त घटना में सात लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे। इनमें चार का अभी भी रांची में तथा पटना में इलाज चल रहा है। समाजसेवी सह झामुमो नेता अतहर हुसैन ने बताया कि गंभीर स्थिति को देखते हुए जख्मी रौशन कुमार को बनारस ट्रामा सेन्टर रेफर कर दिया गया है। वहीं बुधवार को मृतक अख्तर अली को मिट्टी दिया जाएगा। सिलेंडर ब्लास्ट की घटना में लगातार हो रही मौत से क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है।

# संत तुलसीदास डिग्री कॉलेज में कैंपस सेलेक्सन शिविर आयोजित

>> शिविर में 60 युवकों का एसआइएस ने किया चयन, नियुक्ति पत्र का हुआ वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता



**बिश्रामपुर (पलामू)।** रेहला - बी मोड़ स्थित संत तुलसीदास डिग्री कॉलेज के सभागार में केंपस सलेक्शन हेतु शिविर आयोजित किया गया। शिविर का उदघाटन कॉलेज के सचिव डॉ शशि नाथ चौबे व प्राचार्य संतोष कुमार मिश्र ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में कॉलेज के बतौर प्रतिनिधि नामधारी कॉलेज के भूगोल विभागाध्यक्ष अरविंद कुमार व विनोद पाठक तथा एसआईएस के राजेश गुप्ता उपस्थित थे। शिविर में सबसे पहले छात्रों को एसआईएस के पदाधिकारियों द्वारा भर्ती प्रक्रिया के बारे में बताया गया। इसके बाद छात्रों का निबंधन कराया गया। जिसके बाद भर्ती प्रक्रिया आरंभ की गई। सभी मानकों और मापदंडों को पूरा करने वाले 60 छात्रों का चयन हुआ। जिन्हें शिविर में ही नियुक्ति पत्र भी दे दिया गया। सभी छात्रों को एक सप्ताह के अंदर बेलचंपा स्थित एसआईएस प्रशिक्षण केंद्र में बुलाया गया है,जहां कागजातों के जांचोपरांत सभी को सीधे भर्ती किया जायेगा। मौके पर कॉलेज के परीक्षा नियंत्रक शशि रंजन सिंह, प्रो कृष्ण कुमार चौबे, डॉ श्याम मिश्रा, रंजन दुबे, राकेश शुक्ला, रामजी चौबे, संतोष शुक्ला, ज्योति कुमारी, आशा कुमारी, देव प्रकाश पांडे, अमित कुमार, आशीष पांडे, दिलीप चौबे, जितेंद्र पाठक, रामेश्वर राम, राधिका रमन, संजय पांडेय सहित कई लोग मौजूद थे।

# अमरुद उत्पादन कर नये कृतिमान स्थापित कर रहे हैं हरिहरगंज के किसान : कर्नल संजय कुमार सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता



**हरिहरगंज (पलामू)।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत सरसोत वर्तमान समय में अमरूद उत्पादन के लिए विख्यात है। पूरे जिले में इसकी चर्चा हो रही है। सिंचाई का पूरा व्यवस्था नहीं होने के कारण यहां के किसान रवि और खरीफ फसल को छोड़ फलों के खेती में अपना समय दे रहे हैं। क्षेत्र भ्रमण के दौरान भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक सह किसान ब्रिगेड संरक्षक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह सरसोत (लुकुआ) स्थित अमरूद बागान पहुंचे और वहां के किसानों से मिले। इस दौरान कर्नल संजय ने बताया कि खेती किसानी अर्थव्यवस्था का मेरुदंड है हालांकि इस बर्ष बारीश नहीं होने की वजह से खरीफ और दलहन फसलों का उत्पादन प्रभावित हुआ है और सुखाड़ की स्थिति उत्पन्न हो गई है। इसके बावजूद भी यहां के किसानों ने अमरूद का पैदावार कर नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। उन्होंने स्थानीय किसान विजय कुमार मेहता की सराहना करते हुए कहा कि इन्होंने अपनी लगन और मेहनत से इस बंजर भूमि में अमरूद का खेती कर दिखाया। यह पूरे पलामू के लिए गर्व की बात है। यहां की अमरूद की आसपास के राज्यों में भारी डिमांड है। हालांकि किसान विजय मेहता ने बताया कि इस बार बारिश नहीं होने और बिजली की लचर व्यवस्था के कारण अमरूद की खेती बहुत प्रभावित हुई है। पौधे में लगे फूल सूखकर गिर गए, जिसके चलते मुझे लगभग पचास लाख रुपए का नुकसान हुआ है। हम किसान अपने दम पर खेती करने को मजबूर हैं हमें सरकार की तरफ से ना तो कोई सब्सिडी दी दी जा रही है और ना ही भरपूर बिजली मुहैया कराया जा रहा है। दुसरे किसान घनश्याम विश्वकर्मा तथा अखिलेश मेहता ने बताया कि हम लोगों ने भी यहां पर लगभग 50 एकड़ में अमरूद का पौधा लगाना शुरू कर दिया है। उन्होंने कर्नल संजय से इस समस्या का समाधान करने का आग्रह किया। कर्नल संजय सिंह ने भी अमरूद का पौधा रोपण किया तथा सभी किसानों को आश्वस्त कराया कि जल्द ही वे जिला पदाधिकारियों से मिलकर इस समस्या को उनके सामने रखेंगे और इसके निराकरण का प्रयास करेंगे। मौके पर किसान उमेश प्रसाद वर्मा, वैकुंठ वर्मा, दिनेश मेहता, अजय सिंह, सत्यनारायण यादव, मनोहर सिंह और सुभाष कुमार उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## डॉ रंजन सिन्हा नये सिविल सर्जन बने



**देवघर।** जिले के नए सिविल सर्जन डॉ रंजन सिन्हा को बनाए गए। अधिसूचना के बाद सोमवार को नए सिविल सर्जन के रूप में डॉ रंजन सिन्हा को बनाया गया। इसके पहले सिविल सर्जन के पद पर डॉ युगल किशोर चौधरी कार्यरत थे।

## गैंगस्टर प्रिंस खान के पिता ने किया समर्पण

**धनबाद।** गैंगस्टर प्रिंस खान के पिता नासिर खान ने मंगलवार को धनबाद न्यायालय में आत्मसमर्पण किया। जिसमें न्यायालय ने उसे जेल भेज दिया है। मामले में अधिवक्ता उदय भट्ट ने बताया कि इकबाल खान गोलीकांड मे नामजद अभियुक्त के तौर पर निसार खान का नाम दर्ज है। मामले में कई गवाहों को धमकाने का भी आरोप उन पर पूर्व से लगा हुआ है। मारवाड़ी महिला समिति चिरकुंडा शाखा की ओर से निशुल्क भोजन वितरण किया गया।

## सात गैर जमानतीय वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

**देवघर।** देवघर जिला के देवीपुर थान क्षेत्र अंतर्गत मारपीट के एक पुराने मामले में कोर्ट द्वारा निर्गत गैर जमानतीय वारंटी सात अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। गिरफ्तार सात अभियुक्त में से तिलौना निवासी बुधन गोस्वामी, पिता भूपत गोस्वामी, संतोष कुमार, दयानंद गोस्वामी, राजेश गोस्वामी, तीनों पिता बुधन गोस्वामी और राजपुरा निवासी भगत यादव, लालू यादव, कालू यादव, तीनों पिता स्वर्गीय गणेश महतो शामिल है।

## 15 अगस्त को बेरमो में निकलेगी तिरंगा यात्रा

**बेरमो।** भाजपा नेता एवं शांति श्याम फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रकाश कुमार सिंह ने कहा है कि 15 अगस्त को तिरंगा यात्रा का आयोजन बेरमो में किया जाएगा। प्रकाश कुमार सिंह ने कहा है कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आह्वान पर घर .घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है और बेरमो में भी इसे भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा।

## सिंदरी कॉलेज में सांस्कृतिक सप्ताह

**सिंदरी।** सिंदरी कॉलेज सिंदरी में आइक्यूएसी और सांस्कृतिक ईकाई के तत्वावधान में सांस्कृतिक सप्ताह की शुरूआत मंगलवार को की गई। इसमें पोस्टर मेकिंग, पेंटिंग, निबंध लेखन प्रतियोगिता व वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इसमें रौशन कुमार पाण्डेय, ज्योति कुमारी, जूली, खुशबू कुमारी, अंजली कुमारी, विकास कुमार दास, प्रतिमा कुमारी, मोनिका कुमारी, प्रेरणा सहित कई विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।

## सेंट्रल स्कूल में बाल वाटिका का उद्घाटन

**बेरमो।** बेरमो प्रखंड के बोकारो थर्मल डीवीसी सेंट्रल स्कूल में बाल वाटिका का उदघाटन परियोजना प्रधान वा डीजीएम द्वारा दीप प्रज्वलित एवं क्लास रूम का फीता काटकर किया गया। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर वा प्राचार्य द्वारा बुके देकर आयोजन स्थल तक लेकर गए। यहां बच्चों ने कार्यक्रम प्रस्तुत किये।

# झरिया में सिंह मेंशन समर्थक धनंजय यादव की हत्या से उबाल

### पुरानी अदावत में बच्चों के सामने मारी गोली, पुलिस जांच में जुटी, बम बरामद

खबर मन्त्र संवाददाता

**झरिया।** झरिया थाना क्षेत्र के चौथाई कुल्ही( बंद कलाली) निवासी श्री भघवान यादव के घर घुसकर अपराधियों ने उनके 36 वर्षीय पुत्र धनंजय यादव को अपराधियों ने मौत की घाट उतार दिया । अपराधियों ने तलवार, भुजाली से शरीर के क ई अंग पर प्रहार कर काट डाला। जिसके बाद गोली मार कर मृत्यु हो जामे की पुष्टि कर बम फेका। घटना की खबर सूनकर झरिया थानेदार संतोष कुमार सिंह दल बल के साथ पहुचे। साथ ही भारी संख्या मे मृतक के समर्थक पहुच गये थे। पुलिस घटना स्थल से एक जिन्दा बम बरामद किया । साथ ही शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दी। समाचार लिखे जाने तक शव पोस्टमार्टम से नहीं लौटा है। इस घटना के बाद से सिंह मेंशन के साथ-साथ क्षेत्र के लोगों में काफी गुस्सा है। इधर पुलिस हत्यारों की तलाश में छापामारी अभियान शुरू कर दी है।

### विवादों से रहा है पुराना रिश्ता



धनंजय यादव(फाइल फोटो)

मृतक व घोर विरोधी रामबाबू धिक्कार गत चुनाव के दौरान रघुकुल के साथ मिलकर काम किया था। जिसके बाद धनंजय यादव सिंह मेंशन का दामन थाम लिया । इससे पूर्व में कोयला का काला धंधा पर अपना वर्चस्व को लेकर दोनों आपसे में भीड गये। चार वर्ष पूर्व भी धनंजय के घर पर विरोधियों द्वारा बम से प्रहार किया गया था। बताया जा रहा है कि 36 वर्षीय धनंजय सिंह मेंशन के लिए काम करता था. इस वर्ष विगत 19 जनवरी को धनंजय और रघुकुल समर्थक रामबाबू धिक्कार के बीच सिंह नगर गुलगुलिया बस्ती में खूनी संघर्ष हुआ था. उस समय धनंजय के दोस्त निरंजन तांती की पीट पीट कर व तलवार घोंप कर हत्या कर दी गई थी. इस मामले में रामबाबू धिक्कार फरार चल रहा है. सोमवार की देर रात लगभग 12 :30 बजे घर में घुस कर की गई इस हत्या ने पूरे इलाके में हड़कंप मचा दिया है. गोली, भुजाली का प्रहार और फिर बम के धमाके. जाहिर है अपराधी पूरी तैयारी के साथ और हर हालत में अपना मंसूबा साधने की नीयत से आए थे।

### भाजपा समर्थकों को बनाया जा रहा निशाना : रागिनी

भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की सदस्य रागिनी सिंह ने कहा कि अपराधियों का मनोबल किस तरह बढ़ा हुआ है, उसका अंदाजा लगाया जा सकता है। अपराधियों का दल किसी के घर में घुसकर परिजनों के सामने गोली, भुजाली व चाकुओं से शरीर को चीर देता है। जाहिर है के झरिया में भाजपा समर्थकों को निशाना बनाया जा रहा है। इस से पहले भी निरंजन तांती की हत्या हुई, आरोपी फरार है। पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी है। यह सब किसके इशारे पर हो रहा है, झरिया की जनता बखूबी समझती है। इस प्रकार का कुकृत्य करने वालों को आने वाले समय में जनता जवाब देगी।

### हत्यारे बख्शे नहीं जायेंगे

झरिया थानेदार संतोष कुमार सिंह ने कहा कि हत्यारे चाहे जो भी हो जल्द होगे गिरफ्तार। पुलिस साक्ष्य के आधार पर जांच पड़ताल कर रही है। इसके अलावे हर विंदु पर पुलिस की नजर है। परिजन की ओर से शिकायत के आलोक में केश दर्ज किया जायेगा।

## डीपीएस बोकारो के विद्यार्थियों ने झारखंड विधानसभा का किया शैक्षणिक भ्रमण



विधानसभा के भ्रमण पर गये डीपीएस बोकारो के विद्यार्थी।

**बोकारो।** डीपीएस बोकारो के 50 विद्यार्थियों के दल ने झारखंड विधानसभा का भ्रमण कर विधायिका की कार्यप्रणाली से अवगत हुए। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो से भेंट की। श्री महतो ने बच्चों से मिलकर प्रसन्नता व्यक्त की और इस प्रकार का भ्रमण उनके बौद्धिक विकास में सहायक बताया। विद्यार्थी विधानसभा के मुख्य सचेतक सह बोकारो विधायक बिरंची नारायण तथा रांची के उपायुक्त एवं डीपीएस बोकारो के पूर्ववर्ती छात्र राहुल कुमार सिन्हा से मिले। बच्चों के साथ उनके शिक्षक भी मौजूद थे। प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने कहा कि किताबी ज्ञान के साथ .साथ बच्चों को बाहर की दुनिया में छिपे ज्ञान से भी अवगत कराना इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण का उद्देश्य है।

## मारवाड़ी महिला समिति ने गरीबों को कराया भोजन



गरीबों को भोजन करातीं मारवाड़ी महिला समिति की सदस्य।

**चिरकुंडा।** मारवाड़ी महिला समिति चिरकुंडा शाखा की ओर से सावन का अधिकमास को लेकर शाखा समिति कार्यालय में मंगलवार को भवन के आसपास व सुंदरनगर के गरीब लोगों को निशुल्क भोजन वितरण किया गया। समिति के ललिता अग्रवाल ने कहा कि 600 गरीब लोगों को भोजन कराया गया। मौके पर समिति के अध्यक्ष मंजू अग्रवाल,भगवती रूंगटा, ललिता अग्रवाल, कुसुम खरकिया, रेणु काथुरिया, सीमा अग्रवाल, अनीता देवी, सुमित्रा अग्रवाल, बीना अग्रवाल आदि थे।

## सेवानिवृत्त कर्मचारियों को इडी ने किया सम्मानित

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट से जुलाई 2023 माह में सेवानिवृत होने वाले 8 अधिशासी तथा 29 अनाधिशासी कर्मियों के लिए बोकारो क्लब के बैडमिंटन हॉल में आयोजित विदाई समारोह में बतौर मुख्य अतिथि ईडी एफ एंड ए सुरेश रंगानी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में सीजीएम (ट्रैफिक) अनिमेष कुमार झा ने सम्मानित किया। उन्होंने सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों को सेवा प्रमाण पत्र तथा उपहार भी भेंट किये। कार्यक्रम का संचालन एजीएम डॉ नंदा प्रियदर्शिनी ने किया।

## सेवानिवृत्त अधिकारी को सीजीएम ने किया सम्मानित

**बोकारो/चंद्रपुरा।** डीवीसीए चंद्रपुरा ताप विद्युत केंद्र के दो सेवानिवृत्त हुए अधिकारी अमित बनर्जी और जयसू राम को तेजस भवन के सम्मेलन कक्ष में आयोजित एक समारोह में सीजीएम और प्रोजेक्ट हेड सहित अन्य अधिकारियों ने उपहार और पौधा भेंट कर उन्हें सम्मानित किया।

# कार चालक ने कई को रौंदा, धराया

खबर मन्त्र संवाददाता

**कुमारधुबी।** मैथन से कुमारधुबी की ओर आ रही हुंडई इयोन कार संख्या जेएच 10 बिक्यु 9516 तीन चार लोगों को मारते हुए भाग रही थी। तभी मैथन मोड़ स्थित रुकसाना मेडिकल के समीप स्थानीय लोगों ने कार को पकड़ लिया। लोगों को कार रोकता देख कार में सवार एक युवक एवं युवती मौका देख भाग खड़े हुए। वहीं कार चला रहा चालक अविनाश कुमार चौधरी जो कि धनबाद के भूली का रहने वाला है लोगो को हत्थे चढ़ गया। चालक काफी नशे में था। जिसकी सूचना कुमारधुबी पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच चालक एवं कार को जब्त कर थाने ले गई। घायल कुमारधुबी चौक समीप निवासी चंचल यादव एवं सूरज यादव ने बताया कि वे दोनों अपने बाइक यामाहा क्रक्स जेएच 09 ए 5964 से मैथन की ओर जा रहे थे। तभी सामने से तेज गति से आ रही कार ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे दोनों के पैर में गंभीर चोट आई है। दोनों का इलाज स्थानीय नर्सिंग होम में किया जा रहा है। बताया जाता है कि इससे पुर्व भी मैथन मेन गेट के समीप कार कुछ लोगों को मार कर भाग रहा था।

### ट्रक ने बाइक सवार को कुचला, मौत, सड़क जाम

**पुटकी।** पुटकी थाना क्षेत्र के करकेन्द डैफोडिल स्कूल के समीप मंगलवार की सुबह तेज गति से चल रहे ट्रक ने मोटरसाइकिल सवार को बुरी तरह कुचला दिया ।जिससे मौके पर हीं मोटरसाइकिल सवार की हुई मौत। बाइक पर सवार वासुदेवपुर 14 नंबर निवासी मुकेश पासवान उम्र लगभग 35 वर्ष पिता स्व0 उमेश पासवान अपने बच्चे को करकेन्द ज्ञान ज्योति स्कूल छोड़ने आया था ।लौटने के क्रम में तेज गति से चल रहे ट्रक न0-जेएच 10 एबी 0669 ने मोटरसाइकिल सवार को अपनी चपेट में ले लिया ।जिससे मोटरसाइकिल सवार की दर्दनाक मौत घटनास्थल पर ही हो गई ।घटना की सूचना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने जेएच 2 धनबाद बोकारो और धनबाद कतरास मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। घटना की जानकारी पर पुटकी पुलिस अपने दल बल के साथ घटनास्थल पहुंचकर लोगों को समझाने बुझाने का प्रयास करने लगी मगर आक्रोशित लोगों ने मुआवजा की मांग को लेकर कई धंटे तक धनबाद, बोकारो, कतरास मुख्य मार्ग जाम रहा। काफी समझाने-बुझाने के बाद जाम हटाया गया।

# प्रखंड मुख्यालय पर प्रदर्शन कर सौंपा 11 सूत्री मांग पत्र

**गोमो।** अखिल भारतीय किसान सभा तोपचांची अंचल कमेटी द्वारा तोपचांची प्रखंड सह अंचल मुख्यालय पर प्रदर्शन कर 11 सूत्री मांग पत्र दिया गया। कार्यक्रम का आरंभ मानटांड कि चौक से जुलूस निकालकर तोपचांची बाजार होते हुए प्रखंड मुख्यालय पहुंचा जहां प्रदर्शन के साथ जुलूस सभा में तब्दील हो गया। जिसकी अध्यक्षता हुबलाल सिंह तथा संचालन परशुराम महतो ने किया। सभा को संबोधित करते हुए सीपीआईएम धनबाद जिला कमेटी से किसान मोर्चा के प्रभारी डॉ मनिंदर सिंह ने कहा कि झारखंड में कम बारिश के कारण मात्र 9% रोपनी हुई है तथा सुखाड़ की भयावह स्थिति है इसके बावजूद केंद्र और राज्य की सरकार कान में तेल डाल कर चैन से सोई हुई है। आज किसानों के ऊपर अपना अस्तित्व खेती बचाने के साथ-साथ देश और संविधान को भी बचाने की जरूरत है। कहा कि किसानों के हक में काम करें अन्यथा हमें उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा सभा को बैजनाथ महतो, रोहित कुमार ,हुबलाल सिंह सुरेंद्र सिंह इत्यादि ने संबोधित किया अंतिम में प्रखंड विकास पदाधिकारी तथा अंचल अधिकारी को मांग पत्र सौंपा गया प्रखंड विकास पदाधिकारी से प्रतिनिधि मंडल की वार्ता भी हुई इसके बाद कार्यक्रम की समाप्ति की घोषणा की गई।

## रोटरी क्लब चास ने लगाया योग शिविर

**बोकारो।** रोटरी क्लब चास द्वारा योग शिक्षिका जया के दिशा निर्देशन में योग शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर चास रोटरी की अध्यक्ष पूजा बैद ने कहा कि नियमित योग करने से हम शारीरिकए मानसिक रूप से स्वस्थ रहते हैं। शिविर में विभिन्न आसनों एवं प्राणायाम के बारे में विस्तृत रूप से बताते हुए सबको योग करवाया गया। जया ने कहा की योग दिमाग को स्वस्थ एवं शरीर को तंदुरुस्त बनाता है। चास रोटरी के पूर्व अध्यक्ष कुमार अमरदीप ने कहा कि योग स्वस्थ जीवन शैली तथा बेहतर जीवन जीने में हमारी काफी सहायता करता है।

# छात्रा के अपहरण का प्रयास, टेंपो सहित युवक धराया

खबर मन्त्र संवाददाता



पुलिस गिरफ्त में अपहरण का आरोपी युवक।

**झरिया।** जोड़ापोखर थाना क्षेत्र के जामाडोबा में मंगलवार एक अगस्त को कक्षा 9 की छात्रा से छेड़छाड़ और अपहरण के प्रयास में एक टेंपो चासक को हिरासत मे लिया गया है। मदर टेरेसा स्कूल जामाडोबा की कक्षा 9 की छात्रा ने बताया कि आरोपी टेंपो चालक वाजिद अली लगातार तीन दिनों से उसके साथ छेड़छाड़ कर रहा है. मंगलवार को भी स्कूल से नगीना बाजार भौंरा स्थित अपने घर जाने के लिए निकली। तभी स्कूल गेट के पास वो आकर उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा। टेंपो चालक ने कहा कि तुम मेरा दिल मत तोड़ो, नहीं तो बहुत बुरा होगा। इतना कहकर वो छात्रा को जबरन टेंपो में बिठाने लगा। जिसके बाद छात्रा हल्ला करने लगी। छात्रा की शोर सुनकर मौके पर स्थानीय लोग इकट्ठा हो गये और आरोपी टेंपो चालक वाज़िद अली को पकड़कर जोड़ापोखर पुलिस के हवाले कर दिया। स्कूल के सचिव किशोर कुमार ने कहा कि टेंपो चालक को सजा दिलाने के लिए हर तरह का प्रयास किया जाएगा। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेते हुए टेम्पो संख्या जेएच 10 सीपी 4876 को जब्त कर जांच शुरू कर दिया है।

## करंट लगने से महिला की मौत

**झरिया।** पाथरबंगला जामाडोबा निवासी असंगठित मजदूर धनंजय राम की 32 वर्षीय पत्नी मीरा देवी की मौत मंगलवार की सुबह करंट लगने से हो गई। पुलिस ने पंचनामा कर शव परिजनों को सौंप दिया है। लोगों ने बताया कि सुबह 4 बजे ट्रांसफारमर पर 11 हजार केबी का तार टूट कर गिर गया। इसी बीच मीरा देवी ने नहाने के लिए बाथरूम गई। बाथरूम का बल्ब जलाने के लिए स्वीच ऑन किया तो करंट की चपेट में आ गई।


### कार्यालय : जिला परिषद,चतरा
(E.mail: districtboardchatra@gmail.com)

–: शुद्धि पत्र :–

इस कार्यालय के पत्रांक 798/जि0प0, दिनांक 10.07.2023 द्वारा चतरा प्रखण्ड अन्तर्गत प्रस्तावित कार्य के लिए आमंत्रित अतिअल्पकालीन ई0-निविदा आमंत्रण सूचना सं0-15/23-24 (PR No. 302023 District (23-24) # D) से प्रकाशित निविदा में निम्न प्रकार आंशिक संशोधन किया जाता है–

1. ई-निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – 03.08.2023 से 10.08.2023 के अपराह्न 5:00 बजे तक
3. जिला परिषद, चतरा में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, Bank Credit Certificate, Affidavit (Original copy) एवं ऑनलाईन समर्पित कागजातों की एक प्रति जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 11.08.2023 अपराह्न 03:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने का स्थान :– जिला परिषद, चतरा।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय –12.08.2023 अपराह्न 2:00 बजे।

शेष शर्तें यथावत् रहेगी।

जिला अभियंता,
जिला परिषद,चतरा

PR 303709 District(23-24).D


# एफसीआइएल प्रबंधन के खिलाफ भाजपा का चार को मशाल जुलूस

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी।** एफसीआइएल द्वारा पीपी कोर्ट के माध्यम से अतिक्रमण हटाने से पहले पुनर्वास की व्यवस्था पर भाजपा सिंदरी नगर कमेटी की बैठक रोहड़ाबाँध कार्यालय में मंगलवार को संपन्न हुई। नगर अध्यक्ष अरविंद पाठक ने कहा कि धनबाद ग्रामीण जिलाध्यक्ष ज्ञान रंजन सिन्हा की उपस्थिति में पुनर्वास की मांग को लेकर आंदोलन करेगी। एफसीआईएल प्रबंधन के खिलाफ सिन्दरी नगर भाजपा नोटिसधारियों को साथ लेकर आगामी 4 अगस्त को मशाल जूलूस निकालेगी। भाजपा नगर कमेटी उसी दिन से आंदोलन की शुरूआत भी करेगी। अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रकाश बाउरी ने कहा कि सारे कार्यकर्ता सिन्दरी में जनसम्पर्क पर ध्यान दें। एफसीआईएल प्रबंधन को पुनर्वास करने पर मजबुर करें। भाजपा सिंदरी नगर का एक प्रतिनिधिमंडल धनबाद सांसद पशुपतिनाथ सिंह से पुनः मिलेगा। बैठक में जिलाकार्यसमिति सदस्य राकेश तिवारी, ब्रजेश सिंह, सुमन चौधरी, नगर महामंत्री इंद्रमोहन सिंह, अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला महामंत्री रविश्वर मराण्डी, नगर उपाध्यक्ष गणपति बाउरी, मनीष सिन्हा, संजय महतो, महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष अणिमा सिंह, नगर मंत्री सुनील शर्मा, नगर कोषाध्यक्ष रामजी सिंह, पूर्व नगर महामंत्री जगदीश बाउरी, युवा मोर्चा नगर महामंत्री बिरेन्द्र कुमार सितह अन्य मौजूद थे।

# जेबीकेएसएस सुप्रीमो जयराम महतो से मिले कसमार इकाई के सदस्य



**बोकारो/कसमार।** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति कसमार इकाई के आंदोलनकारियो के प्रतिनिधिमंडल ने झारखण्डी भाषा खतियान संघर्ष समिति अध्यक्ष टाईगर जयराम महतो के घर मानटांड़एतोपचांची में औपचारिक मुलाकात की। इस दौरान भाषा और खतियान आंदोलन को मुकाम तक पहुंचाने के लिए विचारऋविमर्श किया तथा कसमार में जनसभा के लिए आमंत्रित किया। कसमार प्रखंड जेबीकेएसएस आंदोलनकारी के सदस्यों ने कहा कि जयराम महतो के नेतृत्व में झारखंड में बदलाव होगा और झारखंडियों को तभी वाजिब हक अधिकार मिल पायेगा। मौके पर जेबीकेएसएस कसमार इकाई के अमरलाल महतोए भुनेश्वर महतोए सुखदेव रामए सुबोध कुमार महतोए सुजीत महतोए प्रशांत महतोए माटी चित्रकार भुनेश्वर महतोए अंशुधन महतोए यादव महतोए गयाराम महतोए प्रकाश महतो आदि मौजूद रहे।


### शपथ-पत्र

मैं रामचंद्र मांझी पिता स्वर्गीय सुकृत मांझी उम्र करीब 50 वर्ष ग्राम मनिका,पोस्ट मनिका,थाना मनिका,जिला लातेहार,राज्य झारखंड,राष्ट्रीयता भारतीय शपथ पूर्वक निम्नलिखित घोषणा करता हूं।
(1) यह कि मैं उपरोक्त पता का निवासी हूं।
(2) यह कि मेरा पुकारू नाम बीरबल पासवान है।
(3) यह कि मेरा सभी कागजात में मेरा नाम रामचंद्र मांझी है।
(4) यह कि मैं रामचंद्र मांझी एवं बीरबल पासवान दोनों एक ही व्यक्ति का नाम है जो मेरा ही नाम है मैं दोनों नाम से जाना पहचाना जाता हूं।
(5) यह कि मेरा बीरबल पासवान का आधार कार्ड को बंद करते हुए रामचंद्र मांझी के नाम से आधार कार्ड को चालू किया जाए। इसी आशय का मैं यह शपथ पत्र कर रहा हूं।
मैं रामचंद्र मांझी हलफन इकरार करता हूं कि ऊपर लिखे ब्यान मेरे ज्ञान एवं विश्वास में सही सत्य व दुरुस्त है।
उपरोक्त शपथ कर्ता ने मेरे समक्ष अपना हस्ताक्षर किया जिनका पहचान मैंने किया अधिवक्ता।



### विशेष शाखा, झारखण्ड, राँची।

आवश्यक नोटिस

विज्ञापन के माध्यम् से निलंबित रसोईया सतीश लकड़ा वि0शा0 झारखण्ड, राँची को सूचित किया जाता है कि वे शीघ्र विशेष शाखा मुख्यालय राँची में उपस्थित हो। निलंबित रसोईया सतीश लकड़ा विगत दि0-09.10.2019 से अपने कर्त्तव्य से बिना किसी सूचना/ अनुमति/अवकाश से अनुपस्थित है। कर्त्तव्य से अनुपस्थित रहने के आरोप में इनके विरूद्ध वि0शा0 विभागीय कार्यवाही सं0-05/2021 एवं विभागीय कार्यवाही सं0-19/2021 चलाई गयी। विभागीय कार्यवाही के संचालन के दौरान अपचारी को नोटिस दिया गया तथा इनकी सुविधा के लिए विभागीय कार्यवाही का विशेष रूप से पुलिस उपाधीक्षक वि0शा0 कार्यालय सिमडेगा में भी संचालन किया गया, परंतु अपचारी उपस्थित नहीं हो सके। संचालन पदाधिकारी द्वारा संचालनोपरांत अपचारी को दोषी पाया गया है। अनुशासनिक पदाधिकारी द्वारा अपचारी से संचालन पदाधिकारी के मंतव्य के विरूद्ध स्पष्टीकरण की मांग की गई तथा उन्हें बार-बार स्मारित भी किया गया, परंतु इनका स्पष्टीकरण अभी तक अप्राप्त है। एतद द्वारा अपचारी निलंबित रसोईया सतीश लकड़ा, पिता-प्रभुदान लकड़ा, सा0-कामतारा, दीपाटोली, पोस्ट-तामड़ा, थाना+जिला-सिमडेगा को सूचित किया जाता है कि 15 दिनों के अंदर अनुशासनिक पदाधिकारी पुलिस अधीक्षक (स्था0), वि0शा0 झारखण्ड, राँची के समक्ष उपस्थित हो कर अपना बचाव स्पष्टीकरण समर्पित करना सुनिश्चित करें। स्पष्टीकरण अप्राप्त रहने की स्थिति में उक्त विभागीय कार्यवाही में अंतिम आदेश (सेवा से बर्खास्तगी का) पारित कर दिया जाएगा।

पुलिस अधीक्षक(स्था0),
विशेष शाखा झारखण्ड, राँची।

PR 303738 (Police) 23-24 (D)


# जन समस्याओं का प्राथमिकता से करें समाधान : उपायुक्त

## जनता दरबार

खबर मन्त्र संवाददाता



अपने कार्यालय में लोगों की समस्याएं सुनते उपायुक्त।

**धनबाद।** मंगलवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान उनके द्वारा जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की समस्याएँ सुनी एवं अश्वासन दिया गया कि उनके सभी शिकायतों का जल्द से जल्द जाँच कराते हुए उचित समाधान कराया जाएगा। जनता दरबार में एमआइजी हाउसिंग कॉलोनी धनबाद से आई महिला ने अपने पति की किडनी के इलाज हेतु आवेदन दिया। महिला ने बताया कि उनके 36 वर्षीय पति की दोनों किडनी खराब हो चुकी है। उनके पति प्राइवेट संस्थान में नौकरी करते थे, उनकी आर्थिक स्थिति बहुत ही दयनीय हो चुकी है। उन्होंने उपायुक्त से इलाज हेतु मदद की गुहार लगाई। उपायुक्त श्री वरुण रंजन ने इस मामले को सिविल सर्जन को हस्तांतरित करते हुए मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी योजना के तहत लाभ पहुंचाने का निर्देश दिया। इस दौरान जनता दरबार में पुटकी अंचल क्षेत्र से आए लोगों ने रैयती जमीन पर स्थित तालाब को बचाने के संदर्भ में उपायुक्त को एक आवेदन सौंपा। उन्होंने बताया की बीसीसीएल के सिजुआ एरिया नंबर 5 के महाप्रबंधक द्वारा कोयला उत्खनन की आड़ में आउटसोर्सिंग कंपनी के माध्यम से चंद्रा मौजा में अवस्थित रैयती जमीन पर स्थित बड़ा तालाब को साजिश के तहत ओबी डंप कर भरने का प्रयास कर रही है। उपायुक्त श्री वरुण रंजन ने इस मामले को पुटकी अंचलाधिकारी एवं बीसीसीएल को हस्तांतरित करते हुए निष्पादन के निर्देश दिए।

### कम पैसे पर रेलवे ने किया भूमि अधिग्रहण

जनता दरबार में कलियासोल प्रखंड से आए ग्रामीणों ने आदिवासियों का रैयती जमीन रेलवे द्वारा कम पैसों में अधिकरण करने के संबंध में उपायुक्त को एक आवेदन सौंपा। उन्होंने बताया कलियासोल प्रखंड के अंतर्गत नारीपहाड़ी ग्राम के कलुबाथन ओपी के अंतर्गत रेलवे संशोधन एक्ट 2008 के तहत डीएफसीसी मालवाहक रेल परियोजना के अंतर्गत एसटी का जमीन अधिग्रहण किया जा रहा है। अधिग्रहण के समय कुछ खाते की जमीन का मुआवजा वर्ष 2017-18 में बहुत कम भुगतान किया गया है, साथ ही कई ग्रामीणों को अब तक मुआवजा नहीं मिला है। उपायुक्त ने इस मामले को संबंधित पदाधिकारी को हस्तांतरित करते हुए जांच कर निष्पादन हेतु निर्देशित किया।


### Government of Jharkhand
### Urban Development & Housing Department
### Medininagar Municipal Corporation

e-Procurment Retender Very Short Tender Notice (5th Call)

| S.l. | Tender id | Name of work | Estimate | Earnest Money | Tender Fee | Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Part – A | | | | | | |
| 1 | UDHD/MMC/AMRUT2/07/2023-24 | Construction of Water Bodies in Palamau Division in Ward no. 18 (Jharna Talab) | 11804299 | 236100 | 10000 | 12 माह |

| S.l. | Particulars | Details |
|---|---|---|
| Part – B | | |
| 1 | Date Of Publication Of Tender On Website | 02/08/2023 AT 10:00 PM |
| 2 | Mode Of Submission Of Bids | E-Tendering Http//:Jharkhandtenders.gov.In |
| 3 | Date Start Of Submission Of Bids | 02/08/2023 AT 10:00 PM |
| 4 | Last Date/Time Of Submission Of Bids | 10/08/2023 AT 02:00 PM |
| 5 | Date Of Bid Opening | 11/08/2023 AT 02:00 PM |
| 6 | Last Date/Time Of Submission At Office Cost of BOQ, Earnest Money And Tender Document | 11/08/2023 12.00 PM to 01:00 PM |
| 7 | Name & Address Of Office Inviting Tender | Municipal Commissioner, Medininagar Municipal Corporation |
| 8 | Contact No. Of Procurement Officer | 9431105183 |
| 9 | Helpline Number Of E-Procurement Cell | 9304883244 |

NOTE :- Only E-Tender will be accepted. Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in & Notice Board office of the Medininagar Municipal Corporation

नगर आयुक्त,
–सह– प्रशासक
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 303758 (District) 23-24 (D)

# पाकिस्तान की करतूत

पाकिस्तान बड़े पैमाने पर ड्रोन के जरिये नशीले पदार्थों की आपूर्ति करता रहा है। यह खेल देश के सीमावर्ती इलाकों में लंबे समय से जारी है। पाक की धरती से उड़ने वाले ये ड्रोन कश्मीर व पंजाब के सीमावर्ती इलाकों में आतंकियों को हथियार व पैसा मुहैया कराने के लिये नशे की खेप लगातार गिराते रहे हैं। जबकि पाक ने कभी इस सच्चाई को स्वीकार नहीं किया कि उसकी धरती से लगातार भारत विरोधी गतिविधियां ड्रोन के जरिये जारी हैं। लेकिन हाल ही में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के विशेष रक्षा सहायक मलिक मोहम्मद खान ने एक टीवी साक्षात्कार के दौरान स्वीकार किया कि सीमा पार से भारत में नशीले पदार्थों की तस्करी के लिये पाकिस्तानी ड्रोनों का इस्तेमाल किया जा रहा है। जाहिर है पाकिस्तानी प्रधानमंत्री के सलाहकार की यह स्वीकारोक्ति इस बात की पुष्टि करती है कि शरीफ सरकार की नाक के नीचे ड्रोन के जरिये मादक पदार्थों का धंधा धड़ल्ले से जारी है। यानी नशा तस्करों को रोकने के लिये कोई प्रयास नहीं किये जा रहे हैं। दरअसल, अब तक पर्याप्त सबूतों के बावजूद पाकिस्तान लंबे समय से किसी भी रूप में सीमा पार से आतंकवाद को सहायता या बढ़ावा देने में अपनी किसी भी तरह की भूमिका से इनकार करता रहा है। पिछले दिनों जम्मू-कश्मीर व सीमावर्ती राज्य पंजाब में ड्रोन के जरिये ड्रग्स व हथियार की खेप गिराने की तमाम घटनाएं सामने आई हैं। कई ड्रोनों को सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने मार भी गिराया है। हाल ही में राष्ट्रीय सुरक्षा पर हुए सम्मेलन में मुख्यमंत्री भगवंत मान ने गृहमंत्री अमित शाह से ड्रोन पंजीकरण को अनिवार्य बनाने का आग्रह किया था। साथ ही उन्हें बताया था कि सीमा पार से हथियारों और हेरोइन की तस्करी के लिये बड़े पैमाने पर पाकिस्तान से ड्रोनों का इस्तेमाल किया जा रहा है।

# आत्मघाती होती प्रतिभा

देश के शीर्ष शिक्षण संस्थाओं में लाखों छात्रों में चुने गये प्रतिभाशाली छात्र थे, जिनसे देश को बड़ी उम्मीदें थीं। जाहिर है इन शिक्षण संस्थानों के अत्यधिक चुनौतीपूर्ण और प्रतिस्पर्धी माहौल से पार पाने में ये छात्र विफल रहे हैं। बहुत संभव है कई अन्य कारण भी हो सकते हैं, लेकिन प्रथम दृष्टया प्रतिस्पर्धी माहौल का दबाव ही होता है। जिसके चलते ही वे आत्मघाती कदम उठाते हैं। राज्यसभा में पेश किये गये आंकड़ों में खुलासा हुआ कि बीते पांच वर्षों में देश के चोटी के संस्थानों में 69 छात्रों ने आत्महत्याएं की। इनमें देश के शीर्ष इंजीनियरिंग संस्थान आईआईटी के 31 व एनआईटी के 22 छात्र शामिल हैं। इसी तरह एम्स में 13 व आईआईएम में तीन छात्रों ने आत्महत्या कर ली। आंकड़ों का विश्लेषण करने पर पता चलता है कि मरने वालों में 32 छात्र सामान्य श्रेणी के और 37 छात्र आरक्षित श्रेणी के थे। यह निष्कर्ष बताता है कि दोनों अलग-अलग पृष्ठभूमि के छात्र लगातार समान रूप से तनाव से प्रभावित रहे हैं। ये निष्कर्ष अब तक के इस तरह के आरोपों को खारिज करता है कि ये आत्महत्याएं किसी तरह के सामाजिक भेदभाव का नतीजा होती हैं। वहीं दूसरी ओर इन आंकड़ों के जरिये एक चौंकाने वाला खुलासा भी सामने आया कि इन संस्थानों से पढ़ाई बीच में ही छोड़ने वाले छात्रों की संख्या भी लगातार बढ़ी है। इन पांच सालों में जहां 8319 छात्रों ने आईआईटी में अपनी पढ़ाई पूरी नहीं की। वहीं दूसरी ओर करीब 5623 छात्रों ने वर्ष 2018 से 2022 तक एनआईटी से बाहर निकलने का विकल्प चुना। समाज विज्ञानियों का मानना है कि पढ़ाई का दबाव झेलने के बाद आत्महत्या करने वाले छात्र मां-बाप के सामने अपनी बात नहीं रख पाते। वे अपराधबोध से ग्रसित रहते हैं कि जिन मां-बाप ने उनकी पढ़ाई के लिये जीवन भर तपस्या की है, उन्हें वे कैसे निराश करें।

# बंगाल में हुई चुनावी हिंसा लोकतंत्र पर कुठाराघात



बंगाल में चुनावी हिंसा होना कोई नई बात नहीं है बल्कि इसका एक ऐतिहासिक पृष्ठभूमि है। देखा जाय तो कांग्रेस के समय से ही यहां राजनीतिक चुनावी हिंसा हो रहा है।और सिद्धार्थ शंकर राय के समय में तो यह हिंसा राष्ट्रीय पहचान बन गया था। इसे ऐसे भी कहा जा सकता है कि बंगाल में इस चुनावी हिंसा की बुनियाद कांग्रेस ने ही डाला था।उसके बाद वामपंथी पार्टियों ने इस हिंसा को आगे बढ़ाया और अब तृणमूल कांग्रेस इस हिंसा को चरम पर लेकर पहुंच गई है। तृणमूल कांग्रेस इस राजनीतिक चुनावी हिंसा को जिला ,प्रखंड स्तर से लेते हुए जमीनी स्तर पर गांव गांव, व्यक्ति व्यक्ति तक पहुंचा दिया है । बंगाल में पंचायत चुनाव की घोषणा के बाद से शुरू हुआ यह हिंसा थमने का नाम नहीं ले रहा है ,जो मतगणना के दिन और उसके बाद तक जारी रहा है । और इस तरह पूरे पंचायत चुनाव की प्रक्रिया में लगभग 4 दर्जन लोगों की हत्याएं हो चुकी है। लेकिन सवाल यह उठना लाजिमी है कि क्या यह हिंसा कोई अचानक हुआ है? या फिर यह एक सुनियोजित, प्रायोजित राजनीतिक चुनावी हिंसा है।

पिछले विधानसभा चुनाव में ममता बनर्जी जब सत्ता में आई, उस वक्त चुनाव के पहले, चुनाव के समय और चुनाव के बाद भी उनके कार्यकर्ता खून की होली खेल रहे थे, जमकर गुंडागर्दी की गई, लोग मारे गए, लोग बेघर हो गए और बड़ी संख्या में लोग बंगाल छोड़ कर पलायन करने को मजबूर हुए। इस हिंसा में राज्य की विपक्षी पार्टी भाजपा के कार्यालय पर और भाजपा कार्यकताओं के घरों को जलाया गया,हमला किया गया और महिलाओं से खुलेआम बलात्कार किया गया ।और इस हिंसा की आग अभी थमी भी नहीं थी कि पुनः पंचायत चुनाव में हिंसा का तांडव किया गया।

1 जनवरी 1998 को तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी )की स्थापना हुई। जब टीएमसी की स्थापना हुई थी तो उसका उद्देश्य राज्य में कानून और लोकतंत्र स्थापित करने का था ,आम जनता जो भ्रष्टाचार और हिंसा से त्रस्त हो चुकी थी,उसे उससे मुक्ति दिलाने की थी ।लेकिन आज पश्चिम बंगाल में टीएमसी के गठन को हुए 25साल हो गए हैं और बंगाल के सत्ता में आए हुए भी 11वर्ष हो रहे है। तब सिर्फ हर तरह की सत्ता में टिके रहने के लिए इस राजनीतिक चुनावी हिंसा में राज्य को झोंक देना कहां तक उचित है?1जनवरी 2023 को टीएमसी के स्थापना दिवस पर ममता बनर्जी द्वारा मां,माटी और मानुष की बात करना और उनके द्वारा अपने संघर्षों से लोगों को सशक्त बनाने की बात करना पूरी तरह बेमानी लगती है। 11 वर्षों के शासन में ममता के नेतृत्व में भ्रष्टाचार एक राष्ट्रीय ही नहीं अंतरराष्ट्रीय मामला बन गया है । बंगाल में भ्रष्टाचार के कई मामले लोकतंत्र को शर्मसार किया है। शारदा और नारदा के पैसे के बलबूते तथा और भी कई चिटफंड कंपनियों के पैसे ,जो आम लोगों का था, उसका इस्तेमाल कर सत्ता में ममता बनर्जी आई ।बंगाल के घोटालों का ईडी और सीबीआई की जांच ने पूरी तरह पदार्फाश कर दिया हैं। नियुक्ति घोटाला, शारदा घोटाला, नारदा घोटाला गाय तस्करी घोटाला सहित अनेकों घोटाले सामने आए है। ऐसी स्थिति में बंगाल की सरकार को घोटाले की सरकार कहना कहीं से भी गलत नहीं होगा ।बंगाल हिंसा के मामले में आज भी वहीं खड़ा है जहां चार पांच दशक पहले था बल्कि उससे भी बुरी स्थिति में पहुंच गया है।



– सुनीता सिंह

> बंगाल में भ्रष्टाचार के कई मामले लोकतंत्र को शर्मसार किया है। शारदा और नारदा के पैसे के बलबूते तथा और भी कई चिटफंड कंपनियों के पैसे ,जो आम लोगों का था, उसका इस्तेमाल कर सत्ता में ममता बनर्जी आई ।बंगाल के घोटालों का ईडी और सीबीआई की जांच ने पूरी तरह पदार्फाश कर दिया हैं। नियुक्ति घोटाला, शारदा घोटाला, नारदा घोटाला गाय तस्करी घोटाला सहित अनेकों घोटाले सामने आए है।

11 वर्षों के शासनकाल में ममता बनर्जी के नेतृत्व में पंचायत स्तर पर लूट की व्यवस्था को मजबूत बनाने में पूरी ताकत झोंक दिया गया है। टीएमसी के संरक्षण में वार्ड ,मुखिया, सरपंच ,जिला परिषद जैसे इन पदों से जीतकर जो टीएमसी के लोग आ रहे हैं वे सब पूरी व्यवस्था में जो केंद्र सरकार का पैसा है या राज्य सरकार का पैसा है, जो विकास में खर्च होना है, उस पैसे को पूरा लूटने और उस पर वर्चस्व कायम करने के लिए ऐसी चुनावी हिंसा को अंजाम दिया जा रहा है। ममता बनर्जी की सरकार को कट मनी की सरकार के रूप में जाना जाता है ।जो राज्य के हर एक व्यक्ति के हक को मारकर और हड़पी गई है । और इस कट मनी का स्रोत ही पंचायत व्यवस्था है।इसके लिए कितना भी बड़ा हिंसा हो जाय,इसके लिए पूरे ग्रामीण क्षेत्र में भय का माहौल बनाया गया, हत्या, बलात्कार आगजनी ,बम विस्फोट ,लोगों को बेघर करना तथा चारों तरफ भय का माहौल बनाया गया और बूथों को लूटा गया , मतपत्र लूटे गए ,मत पेटियां लेकर भाग गए और उन्हें तालाबों, नालों में फेंक दिया या फिर उन्हें आग के हवाले कर दिया। भारतीय चुनावी इतिहास में इस तरह का बूथ लूट एक समय देश के अन्य हिस्सों में होती थी लेकिन वो बीती बात हो गई है।

बंगाल हिंसा के मामले में आज भी वहीं खड़ा है जहां चार पांच दशक पहले था बल्कि उससे भी बुरी स्थिति में पहुंच गया है

अगर सही मायने में सारे कार्य योजना का ऑडिट किया जाए तो साबित हो जाएगा कि भ्रष्टाचार और लूट का स्तर क्या है।आम जनता इस भय के वातावरण को कैसे बर्दाश्त कर रही है। क्या ऐसे में इस सरकार को एक मिनट भी सत्ता में बने रहने का कोई अधिकार है? घोटालों के आरोप में बंगाल सरकार के कई विधायक ,मंत्री और टीएमसी के नेतागण जेल में है। ईडी और सीबीआई की जांच जारी है ,फिर भी इन्हे कोई फर्क नहीं पड़ता है।टीएमसी करने वाले हर कार्यकर्ता इस लूट में किसी न किसी तरह से शामिल है । सरकारी विकास के पैसे की लूट को जारी रखने के लिए पंचायत राज्य व्यवस्था में उनकी जीत आवश्यक है और इस सरकार को मालूम है कि निष्पक्ष चुनाव में वह नहीं जीत पाएंगे और उनके हाथ से सत्ता जाने से लूट का पोल भी खुल जाएगा ।

इस चुनावी वातावरण पर माननीय उच्च न्यायालय को भी हस्तक्षेप करना पड़ा और चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से कराने के लिए केंद्रीय बल को आदेश दिया ,लेकिन राज्य की कानून व्यवस्था चुनावी हिंसा को रोकने में पूरी तरह विफल हुई। टीएमसी के बाहुबलियों का मनोबल इतना बढ़ा हुआ है कि इनको न तो प्रशासन का और न ही न्यायालय का डर है और इनके द्वारा हिंसा चुनाव परिणाम के बाद भी जारी है,चुनावी जीत के जश्न में भी जारी है।

## खास बात

### वैवाहिक समझ

**अनुष्का चौधरी**

**मैं** अभी सिंदूर नहीं लगा रही हूं क्योंकि मैं इस आदमी को अपना पति नहीं मानती। हाई कोर्ट ने कहा कि फैमिली कोर्ट ने उचित परिप्रेक्ष्य में साक्ष्यों का मूल्यांकन नहीं किया है। साथ यह भी कहा कि प्रतिवादी यानी कि पत्नी का ऐसा रुख उसके स्पष्ट इरादे की ओर इशारा करता है कि वह पति के साथ अपने वैवाहिक जीवन को जारी रखने के लिए तैयार नहीं है। ऐसे में पति का पत्नी के साथ विवाह में बने रहना, अपीलकर्ता पति और उसके परिवार के सदस्यों का उत्पीड़न माना जाएगा।

...हाल के वर्षों में वैवाहिक संबंधों में पेचीदगियां बढ़ी हैं। ऐसे में यह सिंदूर और शांखा न अपनाने का मामला नहीं, बल्कि एक घिसटते रिश्ते पर विराम लगाकर जिंदगी में आगे बढ़ने की बात कहने वाला फैसला है। इस मुकदमे में पत्नी ने पति और उसके परिवार के खिलाफ तीन आपराधिक शिकायतें दर्ज की थीं, जिसमें घरेलू हिंसा और दहेज प्रताड़ना प्रमुख थी। पिछले महीने पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट ने दहेज प्रताड़ना के कानून पर कहा था कि इसका इस्तेमाल गलत तरीके से करना अब आम बात हो गई है।

हमारी अदालतें बार-बार ऐसे मामलों में दिशा-निर्देश देती रही हैं, इसके बावजूद तलाक के केसों में पेचीदगियां घटने का नाम नहीं ले रही हैं। बजाय इसके कि शांति से तलाक लेकर अपना जीवन नए सिरे से सुनियोजित किया जाए, तलाक चाहने वाले अधिकतर लोग इन्हीं झगड़ों में फंसे रहे। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों के मुताबिक 2012 में धारा 498ए (दहेज प्रताड़ना) के तहत करीब 2 लाख लोगों की गिरफ्तारी हुई, जो 2011 के मुकाबले 9.4 फीसद ज्यादा थी। गिरफ्तार हुए लोगों में लगभग एक चौथाई महिलाएं थीं।

झूठे मामलों के कारण ही हमारे यहां इस धारा में चार्जशीट की दर 93.6 फीसद है, जबकि सजा की दर महज 15 फीसद। भारतीय समाज में पिछले कुछ वर्षों में दहेज के प्रति काफी चेतना आई है और प्रेम विवाहों की भी संख्या बढ़ी है, फास्ट ट्रैक अदालतें हैं, लेकिन झगड़े हैं कि खत्म होने का नाम ही नहीं ले रहे। कभी घरेलू हिंसा का बहाना।

**काफी** अकेला हूं !
या अकेला काफी हूं...!

नजरिया बदलिये और चमत्कार देखिए .... :
– **अनुपम खेर अभिनेता**

## रोचक ट्वीट

**लोकमान्य** तिलक नेशनल अवार्ड मिलना मेरे लिए सौभाग्य की बात है।मैं यह अवॉर्ड 140 करोड़ देशवासियों को समर्पित करता हूं। इस अवार्ड के साथ जो धनराशि मुझे दी गई है, वो भी मैं गंगा जी को समर्पित कर रहा हूं।
**–नरेन्द्र मोदी**





**हटिया** और पिस्का स्टेशन के पुनर्विकास के मेरे प्रस्ताव को रेल मंत्रालय ने मंजूरी प्रदान की है। अमृत स्टेशन योजना के तहत हटिया को मॉडल स्टेशन बनाया जाना है। पिस्का स्टेशन का भी विकास किया जाना है।
**–संजय सेठ, सांसद, रांची**

# शूर्पणखा का विलाप

## धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**शूर्पनखा** ने रावण को डांटकर बोली तुम रात दिन मदिरा पान करों और निद्रा में रहो। इस प्रकार पूर्वजों के इस राज का नाश हो जाएगा। सिर पर विपति आ गयी है और तुमको पता भी नहीं है। रावण ने कहा बहना क्या हो गया ? यह किसने किया? शूर्पनखा ने अपने नाक-कान दिखाते हुए कहा कि राम और लक्ष्मण नाम के दो युवक हैं। अयोध्या के राजा के लड़के हैं उनके साथ सीता नाम की स्त्री है। मैं उनका पता लगाने गयी तो मेरा नाक-कान काट दिया। रावण ने कहा तुम खर-दूषण के पास क्यों नहीं गयी। यही बताने आई हूं कि मैं खर-दूषण के पास गयी और वे दस हजार सेना सहित उनसे युद्ध करने गये और सभी मारे गये।

**प्रसंग का अध्यात्म**

घटनाएं जो धटती है प्रारव्धवश नियोजित होती है अथवा क्रियमाण के कर्म का फल होता है। लेकिन उसमें व्यक्ति की जो भावना होती है यही ईश्वर की ओर उन्मुख होती है या ईश्वर से विमुख करती है। जितनी घटनाएं घटी सब पूर्व नियोजित थी। लेकिन श्रीराम की भावना भक्ति की ओर उन्मुख थी। कारण है कि उनके भीतर हमेशा यही भाव है कि मेरे द्वारा वही हो जो गुरु महाराज चाहते हैं। वसिष्ठ जी ने जब कह दिया चित्रकूट के बाद जिन-जिन रास्ते पर वे चलने के लिये कहे जिन लोगों से मिलने की बात की वैसे ही वे चलते चले गये और इस बात का ख्याल रखें कि मैं जो भी करूं वो उनके अनुरूप करूं। अगर अगस्त्य जी ने बताया तो उसे भी माना।

ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम

## कॉर्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडिटर

### प्रौद्योगिकि का प्रयोग

**नियामक** ढांचे के अनुरूप इन उभरती प्रौद्योगिकियों के साइबर सुरक्षा वर्टिकल पर एक केंद्रित अनुसंधान और विकास दृष्टिकोण साइबर-सुरक्षित इको सिस्टम बनाने और हर स्तर पर इन प्रौद्योगिकियों को अपनाने को बढ़ावा देने में काफी मदद करेगा। असली उद्देश्य समाज को उभरते खतरों से सुरक्षित रखते हुए इन पथ प्रदर्शक प्रौद्योगिकियों की विशाल संभावना है। – **रमाशंकर, सिंह रांची**

### शिक्षा में सुधार

**विश्वविद्यालयी**-व्यावसायिक शिक्षा भी सुधार मांग रही है। हमारे प्रमुख विश्वविद्यालय पिछड़ते जा रहे हैं-कलकत्ता विश्वविद्यालय और इलाहाबाद विश्वविद्यालय ने कभी नोबेल पुरस्कार विजेता और प्रधानमंत्री दिए हैं। अब वे विश्व रैंकिंग में 400 से नीचे हैं। भारत अब बदल चुका है और बेहतर शिक्षा की मांग कर रहा है। निश्चित ही इस दिशा में ठोस कार्य की जरूरत है। – **प्रकाश सिंह, रातू**

# मन की बात में श्रावण मास की चर्चा करते पीएम मोदी

**डॉ. दिलीप अग्निहोत्री**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम में विविध विषय शामिल होते हैं। वह देश में होने वाले विशेष कार्यों का उल्लेख करते हैं। इसके माध्यम से वह व्यापक संदेश देते हैं। लोगों को जागरूक करते हैं। इस बार उन्होंने श्रावण मास की चर्चा की। इसमें श्री काशी विश्वनाथ धाम और उज्जैन का उल्लेख किया। इसमें पौधरोपण और जल संरक्षण का भी संदेश था। अमेरिका से वापस मिलीं मूर्तियां मोदी की विदेश नीति की सफलता है। मुस्लिम महिलाओं को हज यात्रा की विशेष सुविधा प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री ने सऊदी अरब का आधार व्यक्त किया। 'मन की बात' में उत्तर प्रदेश के भी संदर्भ थे। इनका महत्व केवल इस प्रदेश तक सीमित नहीं था। बल्कि देश के लिए भी इनका महत्व है। शायद इसीलिए प्रधानमंत्री ने इनका विशेष रूप से उल्लेख किया। प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में बीती 22 जुलाई को प्रदेश में हुए रिकॉर्ड 30.21 करोड़ पौधरोपण अभियान की सराहना की। प्रधानमंत्री ने संदेश दिया कि इस तरह के कार्यक्रम जनभागीदारी के बिना नहीं हो सकते। योगी आदित्यनाथ ने अपने सरकारी आवास पर प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात कार्यक्रम को लाइव सुना। प्रशंसा के लिए उनका आभार व्यक्त किया।

यह सच है कि प्रधानमंत्री की प्रेरणा से उत्तर प्रदेश में पौधरोपण 'जन-आंदोलन' का रूप ले चुका है। मुख्यमंत्री का कहना है कि हम सभी हरित उत्तर

## सामयिक

प्रदेश के निर्माण के प्रयास कर रहे हैं। इसी क्रम में 77वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भी पांच करोड़ पौधरोपण के लिए संकल्पित हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने देश के लोगों से पौधरोपण और जल संरक्षण का आह्वान किया। इस भाव को पवित्र श्रावण मास से जोड़ा। कहा कि इस समय सावन का पवित्र महीना चल रहा है। सदाशिव महादेव की साधना और अराधना के साथ ही सावन हरियाली और खुशियों से जुड़ा होता है। इस महीने का सांस्कृतिक और आध्यात्मिक दृष्टिकोण से काफी महत्वपूर्ण है। इन दिनों बारह ज्योतिलिंगों में खूब श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। बनारस में रिकॉर्ड तोड़ श्रद्धालु पहुंचे हैं। अब काशी में हर साल दस करोड़ से अधिक पर्यटक पहुंच रहे हैं।

योगी आदित्यनाथ समय-समय पर काशी पहुंच कर वहां विकास कार्यों और तीर्थयात्रियों की सुविधाओं का जायजा लेते हैं। इसी प्रकार योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री के मेरी माटी, मेरा देश अभियान को प्रदेश में सफल बनाने का प्रयास शुरू कर दिया है। मन की बात में मोदी ने कहा कि इस अभियान के अंतर्गत गांव-गांव, कोने-कोने से 7500 कलश में माटी लेकर कलश यात्रा निकाली जाएगी। मिट्टी के अलावा पेड़ भी लाए जाएंगे। इसी के साथ दिल्ली में अमृत वाटिका का निर्माण किया जाएगा। प्रधानमंत्री ने अमृत सरोवर का भी उल्लेख किया। कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के दौरान बने साठ हजार से ज्यादा अमृत सरोवरों मे भी रौनक बढ़ गई है। अभी पचास हजार से ज्यादा अमृत सरोवरों को बनाने का काम चल भी रहा है। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश अमृत सरोवर निर्माण में नंबर वन है। स्वतंत्रता दिवस पर सभी अमृत सरोवर के किनारे पौधरोपण किया जाना है।

इस संदर्भ में भी योगी आदित्यनाथ का कार्य उल्लेखनीय है। वह उज्जैन पर भी बोले। कहा, उज्जैन में देश के 18 चित्रकार, पुराणों पर आधारित आकर्षक चित्रकथाएं बना रहे हैं। ये चित्र, बूंदी शैली, नाथद्वारा शैली, पहाड़ी शैली और अपभ्रंश शैली जैसी कई विशिष्ट शैलियों में बनेंगे। इन्हें उज्जैन के त्रिवेणी संग्रहालय में प्रदर्शित किया जाएगा। इस क्रम में उन्होंने अमेरिका द्वारा वापस की गई मूर्तियों की चर्चा की।

# यूपी में भाजपा अपने सहयोगियों को क्या देगी?

**संजय**

उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी तो अपना कुनबा बढ़ाती जा रही है, लेकिन उसके सामने समस्या यह है कि समझ नहीं पा रहा है कि गठबंधन के बाद सीटों के बंटवारे के मामले में वह अपने सहयोगियों को कैसे संतुष्ट करे। बीजेपी की पुरानी सहयोगी पार्टी अपना दल पांच सीटों के लिए दावा कर रही है तो निषाद पार्टी के दावे इससे भी बड़े हैं। उनकी बातों से लगता है कि वह भी चार-पांच सीटों के लिए अपना दावा पेश कर रहे हैं। वहीं सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के ओमप्रकाश राजभर की भी लोकसभा सीटों को लेकर अपनी उम्मीदें हैं। बीजेपी ओमप्रकाश राजभर को संतुष्ट करने के लिए उन्हें योगी सरकार के मंत्रिमंडल विस्तार में जगह दे सकती है, वहीं उनके लड़के को लोकसभा का टिकट मिल सकता है। इसके अलावा भी ओम प्रकाश राजभर को दो से तीन लोकसभा सीटें मिलने की उम्मीद है।

भाजपा के साथ गठबंधन कर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं मत्स्य मंत्री डॉ. संजय निषाद कहते हैं कि उनकी निषाद पार्टी देशभर में 37 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ने के लिए तैयार है। संजय निषाद अपने सिंबल पर ही चुनाव लड़ने का दावा कर रहे हैं। उन्होंने बीजेपी आलाकमान से मांग की है कि भाजपा 2019 के चुनाव में जिन

## समाज

सीटों पर हारी थी वो सभी हमें दे दे। हम उन्हें जीतकर दिखा देंगे।

निषादपार्टी उत्तर प्रदेश के अलावा दूसरे राज्यों में भी विस्तार कर रही है जिससे पार्टी को मजबूती मिलेगी और भविष्य में पार्टी दूसरे राज्यों में भी चुनाव लड़ेगी। पार्टी अध्यक्ष संजय निषाद ने बताया कि बीते दिन वह छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के दौरे पर थे।उधर, सूत्रों के मुताबिक अपना दल की अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल ने भाजपा नेतृत्व के सामने कम से कम पांच सीटों पर दावेदारी पेश की है। इनमें से मिजार्पुर से खुद अनुप्रिया सांसद हैं। इसके अलावा प्रतापगढ़, अंबेडकरनगर, फतेहपुर और जालौन सीट की भी मांग की गई है। पार्टी का मानना है कि जब 6 व 8 विधायकों वाले दूसरे सहयोगियों को दो से तीन सीटें देने की बात हो रही है तो 13 विधायकों वाले अपना दल को तो कम से कम पांच सीट मिलनी ही चाहिए। अपना दल इस बार सोनभद्र सीट भी बदलना चाहता है।

2019 में यह सीट अपना दल के कोटे में दी गई थी और इस पर पकौड़ी लाल कोल सांसद हैं। अगर ऐसा हुआ तो कोल चुनाव मैदान से बाहर हो जाएंगे। पार्टी नेतृत्व सोनभद्र के स्थान पर बुंदेलखंड की कोई कुर्मी बहुल सीट लेना चाहता है। वैसे पार्टी की पहली पसंद जालौन है। इसके अलावा पार्टी की दावेदारी प्रतापगढ़ पर भी है। यह सीट 2014 में अपना दल के ही पास थी, लेकिन 2019 में इस सीट को भाजपा ने वापस ले लिया था और इस सीट पर अपना दल के ही विधायक संगमलाल गुप्ता को चुनाव लड़ाया था।

इस बार इसी सीट पर फिर से दावेदारी है। बताते हैं कि 18 जुलाई को दिल्ली में भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के साथ हुई बैठक पार्टी की अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल ने सीटों को लेकर अपनी दावेदारी कर दी है।

अनुप्रिया ने भाजपा नेताओं से यह भी अनुरोध किया है कि इस बार लोकसभा चुनाव में सीटें तय करते हुए उनके दल के विधायकों की संख्या बल का भी ध्यान रखा जाए। यानि दूसरे सहयोगी दलों से उन्हें अधिक सीट मिलनी चाहिए।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

## सिसोदिया की हत्या का प्रयास, केस दर्ज



**रामगढ़ ।** रामगढ़ थाना क्षेत्र में हिंदू समाज पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दीपक सिसोदिया की हत्या का प्रयास किया गया है। इस मामले में दीपक सिसोदिया ने मंगलवार को रामगढ़ थाने में शिकायत दर्ज कराई है। दीपक सिसोदिया ने पुलिस को बताया कि वे अपने घर बसंत विहार कॉलोनी से जब निकल रहे थे तो कोई उनका पीछा कर रहा था। पिछले तीन दिनों से लगातार उनकी रेकी बाइक पर सवार कुछ लोग कर रहे थे। सोमवार की रात रामगढ़ कॉलेज और ब्लॉक परिसर के बीच कुछ लोगों ने बाइक से उनका पीछा किया और उनकी गाड़ी रोक कर उन पर गोली चलाने की कोशिश की। बाइक पर जो लोग सवार थे उनके हाथ में बंदूक था। सिसोदिया ने अपनी कार से खुद को बचाने की कोशिश की। किसी तरह बाइक सवारों को धक्का मारते हुए भाग खड़े हुए। उनकी कार जब बाइक से टकराइ तो बाइक पर सवार दो लोग गिर गए। इस सूचना के बाद रामगढ़ पुलिस पूरे मामले की तहकीकात में जुट गई है।

## स्कॉलर्स हाई स्कूल में लगा हेल्थ कैंप



**रामगढ़।** रांची रोड मरार स्थित स्कॉलर्स हाई विद्यालय में सात दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर शुरू । विद्यालय की निदेशिका गीतांजलि जाजू , चेयरमैन गोपाल जाजू , डॉ कुमारस पॉली क्लिनिक के चिकित्सक डॉ कुमार , डॉ अपूर्वा शर्मा, डॉक्टर इफ्तकार एवं डॉ गौतम कुमार ने जांच शिविर का किया उद्घाटन। गीतांजलि ने कहा के बच्चों में स्वास्थ्य से संबंधित जागरूकता अनिवार्य है । क्योंकि बच्चे विद्यालय में सामूहिक रूप से विद्यार्थियों से मिलते हैं ,खेलते हैं और अन्य कई प्रकार की गतिविधियां विद्यालय में कराई जाती है । उसमें सम्मिलित होते हैं और इसके पश्चात वह घर में भी और घर के आसपास के क्षेत्रों में खेलकूद के दौरान यदि सतर्कता नहीं बरतते हैं तो उन्हें स्वास्थ्य से संबंधित कई परेशानियां उठानी पड़ सकती है । अत: विद्यार्थियों की इसी अवस्था से उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक कराना विद्यालय का नैतिक एवं परम कर्तव्य है जिसके लिए हम प्रयासरत हैं।

## कुजू में मनी रफी की 43वीं पुण्यतिथि



**कुजू।** आरा दक्षिणी पंचायत भवन में अलंकार म्यूजिकल ग्रुप आरा- सारूबेडा के तत्वावधान में सुप्रसिद्ध गायक मो रफी की 43वीं पुण्यतिथि मनायी गयी। इस दौरान आरा दक्षिणी पंचायत मुखिया राजेश्वर करमाली व आप पार्टी के बिरसा हांसदा शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने गायक मो रफी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर व पुष्प अर्पित कर किया। वक्ताओं ने कहा कि मो रफी की गीत आज भी लोगों के दिलों को छु जाती है। इस बीच अलंकार म्युजिकल ग्रुप के गायक राजकुमार ने ये दुनिया ये महफिल.... गीत गाकर कार्यक्रम की शुरूआत की। इसके बाद गायिका रानी, गीता, गायक दिनेश दादा, महावीर नायक, कुलेश्वर, नरेश, उमेश, विजय आदि ने एक से बढकर एक गीत गाकर मो रफी को श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम का संचालन रमेश प्रसाद ने किया। मौके पर श्रवण करमाली, दिलीप, प्रकाष सिन्हा, संजय कुमार, चंद्रदीप ठाकुर, भीम प्रसाद, श्रीराम सिंह, मनोज प्रसाद, चितरंजन सिंह समेत कई लोग शामिल रहे।

## नैंसी को मिला जूनियर रिसर्च फेलोशिप



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा की नैंसी राजगढ़िया को जूनियर रिसर्च फेलोशिप मिला है। सीएसआईआर यूजीसी नेट जेआरएफ के सोमवार को घोषित नतीजों में नैंसी ने देशभर में 133वां स्थान प्राप्त किया है। देश के कुल 78168 स्टूडेंट्स इस परीक्षा में शामिल हुए थें। इसमें भुरकुंडा की बेटी ने 99.09 परसेंटाइल के साथ 133 रैंक लाकर सफलता का परचम लहराया है। इस परीक्षा में पूरे देश में कुल 4400 स्टूडेंट्स को सफलता मिली है। नैंसी राजगढ़िया ने पहली से 12वीं तक की पढ़ाई श्री अग्रसेन स्कूल पटेलनगर भुरकुंडा से की है। संत जेवियर कलेज रांची से बीएससी के बाद माउंट कार्मेल कलेज बंगलौर से एमएससी किया। वर्तमान में वह मणिपुर यूनिवर्सिटी जयपुर में बायोपोलिमर्स पर रिसर्च कर रही है। नैंसी की सफलता उनके पिता उमेश राजगढ़िया और माता अनीता देवी, विष्णु राजगढ़िया, प्रवीण राजगढ़िया, दिनेश राजगढ़िया सहित भुरकुंडा कोयलांचलवासियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

## मणिपुर को ले निकाला आक्रोश रैली



**भदानीनगर (रामगढ़)।** मणिपुर की घटना के विरोध में मंगलवार को आदिवासी समाज ने पतरातू प्रखंड में आक्रोश रैली निकाली। इसके पूर्व आदिवासी समाज के लोग भुरकुंडा मतकमा चौक में इकट्ठा हुए जहां से पारंपरिक वेषभूषा और हरवे-हथियार के साथ हाथों में श्लोगन लिखी तख्तियां लिये बिरसा चौक, जनता टॉकीज, भुरकुंडा बाजार, थाना चौक होते हुए न्यू बैरेक सरना स्थल पहुंचे। इस दौरान समाज के लोगो ने देश में आदिवासियों पर हो रहे अत्याचार, मणिपर की घटना, झारखंड में आदिवासी लोगो की हत्या बंद करने, यूसीसी कानून का विरोध करते हुए नारे लगाते दिखें। साथ ही झारखंड और केन्द्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। जुलूस में हरिलाल बेदिया, राजेन्द्र मुंडा, सरयु मुंडा, रितिका भोगता, रोहित बेदिया, उमेश करमाली, राजाबाबु मुंडा, राजन करमाली, रोहन राम बेदिया, तुलसी बेदिया, दीपक मुंडा, शशि करमाली, सीताराम बेदिया, प्रदीप राम, करण, श्यामसुंदर प्रसाद, कविता मुंडा, राजु मुंडा, बालदेव बेदिया, गुलाब करमाली, देवशरण ष्णा मुंडा सहित दर्जनों महिला पुरूष शामिल थे। रैली में चिकोर, महुआटोला, देवरिया, कुरसे, चौनगड्डा, लादी मतकमा, जवाहरिनगर, हुरूमगढा सहित दर्जनों गांव के सैंकड़ों आदिवासी समाज के लोग शामिल थे।

# जेवर चोरी मामले में तीन गिरफ्तार

## अजय गुप्ता के घर दूध देने वाला पुरुषोत्तम यादव निकला सरगाना

खबर मन्त्र संवाददाता



**हजारीबाग।** वंशीलाल चौक के समीप अजय कुमार गुप्ता के घर में चोरी मामले में तीन अपराधी गिरफ्तार। पुलिस ने बताया कि अपराधियों को पकड़ने के लिए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर के नेतृत्व में एक टीम गठित की गयी थी। टीम द्वारा चोरों की धर पकड़ की लिए लगातार छापेमारी की जा रही थी । 31 जुलाई को गुप्त सूचना के अधार पर कुम्हारटोली के पास से दो अभियुक्त पुरुषोत्तम यादव व राज गुप्ता को गिरफ्तार किया गया। दोनों ने चोरी में अपनी संलिप्तता स्वीकार किया तथा चोरी में सहयोगी रहे एक और अपराधी के बारे में जानकारी दी। दोनों के स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर दोनों के घरों से काण्ड में चोरी गए जेवरातों में से कुछ जेवरात बरामद किया गया है। इस घटना में संलिप्त अन्य अपराधकर्मी को भी छापामारी कर गिरफ्तार किया गया है। इस घटना का मुख्य सरगना पुरुषोत्तम यादव था जो पूर्व में वादी के घर दूध देने जाता था तथा उसे घर के बारे में पूरी जानकारी पूर्व से ही थी। इस कांड में जेवरातों की अनुमानित कीमत 10 से 12 लाख बताया गया था। काण्ड में करीब 5 से 7 लाख रुपए की जेवरातों को बरामद किया गया है।

# चैनपुर में छह एकड़ जमीन पर बनेगा फुटबॉल मैदान

खबर मन्त्र संवाददाता

**भू-माफिया फर्जी दस्तावेज बनाकर कब्जा कर रहे थे सरकारी जमीन, डीसी ने मांडू सीओ और बीडीओ को तत्काल कार्रवाई करने का दिया आदेश**



**रामगढ़।** जिले के मांडू प्रखंड में भू-माफियाओं का मनोबल इतना बढ़ गया है कि वे फर्जी दस्तावेज बनाकर सरकारी जमीन कब्जा कर रहे हैं। रामगढ़ डीसी चंदन कुमार को जैसे ही इसकी सूचना मिली उन्होंने तत्काल मांडू सीओ और बीडीओ को चैनपुर गांव में भेजा। डीसी ने कहा कि जिस स्थान पर भू माफियाओं की नजर थी, अब उस स्थान पर गांव वालों के लिए फुटबॉल मैदान बनेगा। चैनपुर में छह एकड़ सरकारी जमीन हड़पने की तैयारी हो रही थी। भू माफिया के द्वारा जेसीबी लगाकर कर समतल किया जा रहा था। गांव वालों ने जब देखा कि उनके गांव के ही एक व्यक्ति के द्वारा यह अवैध कार्य किया जा रहा है, तो गांव वालों ने ही इसका विरोध शुरू कर दिया। गांव वालों ने सबसे पहले जमीन पर काम रुकवाया और फिर चंदा इकट्ठा करना शुरू किया। कुछ पैसे जुटाकर गांव वालों ने खुद ही श्रमदान कर वहां फुटबॉल मैदान बनाने की तैयारी शुरू कर दी।

**डीएमएफटी फंड से बनेगा मैदान :** इस पूरे मामले में डीसी चंदन कुमार ने मांडू सीओ और बीडीओ को तत्काल कार्रवाई करने का आदेश दिया। डीसी के आदेश पर दोनों अधिकारी चैनपुर गांव में पहुंचे और उन्होंने वहां हो रहे कार्य का जायजा लिया। अधिकारियों ने डीसी को बताया कि ग्रामीण मिलकर वहां फुटबॉल मैदान बनाने की तैयारी कर रहे हैं। डीसी ने बताया कि भू माफियाओं के द्वारा सरकारी जमीन के दस्तावेज बनाए गए हैं तो तत्काल उसकी जमाबंदी हो। उन्होंने कहा कि फुटबॉल मैदान बनाने के लिए डीएमएफटी फंड का इस्तेमाल होगा।

## आधुनिक तकनीक से खेती करें किसान : डीसी

**रामगढ़।** जिले का दुलमी प्रखंड कृषि प्रधान इलाका है। यहां किसानों को मुनाफा कमाने के लिए नई सोच अपनानी होगी। ये बातें मंगलवार को दुलमी प्रखंड के दौरा के दौरान रामगढ़ डीसी चंदन कुमार ने कही। उपायुक्त ने कहा कि वर्तमान में यदि हमें कृषि क्षेत्र में मुनाफा कमाना है तो जलवायु परिवर्तन को ध्यान में रखते हुए आधुनिक तकनीक अपनाने होंगे। यदि किसान भूमि के अनुसार हाइब्रिड बीज व अन्य आधुनिक उपकरणों का इस्तेमाल कृषि क्षेत्र में करें, तो काफी लाभ होगा। उ उपायुक्त ने कहा कि बिना जल के कृषि कार्य नहीं किया जा सकता। इसलिए हमें जल के महत्व एवं इसके संरक्षण के लिए कार्य करने की जरूरत है। उन्होंने जल संरक्षण के लिए वर्षा जल संचयन, सोख्ता गड्ढा निर्माण, ट्रेंच कम बंड आदि के संबंध में आवश्यक जानकारियां लोगों को दी। साथ ही आधुनिक उपकरणों का इस्तेमाल कृषि क्षेत्र में करने के प्रति भी लोगों को जागरूक किया।

## कई मांगों को लेकर योगेंद्र यादव ने कार्यपालक अभियंता को सौंपा ज्ञापन

**बासल (रामगढ़)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के युवा नेता योगेंद्र यादव ने मंगलवार को कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग प्रमंडल रामगढ़ को ज्ञापन सौंपा है। पत्र में बलकुदरा ओवरब्रिज के दोनों ओर फुटपाथ निर्माण, ओवरब्रिज की नीचे के रास्ते को दुरुस्त करने व बासल थाना के समीप ड्रेन का निर्माण करने की बात कही है। उन्होंने बताया कि बासल थाना अंतर्गत बलकुदरा ओवरब्रिज जो बना है उसमें काफी कमियां बरती गयी है। जिससे आये दिन दुघर्टना होते रहती है। पत्र में कहा गया है कि बलकुदरा ओवरब्रिज के दोनों साईड जो फुटपाथ बना है उसमें बलकुदरा पेट्रोल पम्प के तरफ से फुटपाथ में चढ़ने का रास्ता बना हुआ है। जबकि उतरने का रास्ता नहीं बना हुआ है। जिससे ओवरब्रिज का जो रेलिंग बना हुआ है उसपर चढ़कर राहगीर फुटपाथ से पार होते हैं। इस कारण आये दिन दुघर्टना होते रहती है। यादव ने कहा है कि ओवरब्रिज के नीचे से प्रखंड कार्यालय पतरातू जाने के लिए कंपनी द्वारा जो रास्ता बनाया गया था वह भी साल भर के अंदर ही जर्जर हो चुकी है। यह रास्ता दर्जनों गांव-पंचायत के लोगों को प्रखंड कार्यालय आने-जाने का मुख्य रास्ता है। जिससे ग्रामीणों को प्रखंड कार्यालय जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। यादव ने कहा कि रामगढ़ से रांची जाने वाले फोरलेन पथ में बासल थाना के समीप रोड के किनारे पानी निकासी का नाली नहीं रहने के कारण बरसात का पानी रोड में तालाब जैसा जमा हो जाता है। जिससे हमेशा दुघर्टना होने का खतरा बना रहता है।

# संसद में जयंत सिन्हा ने उठाया झारखंड में कुपोषण का मामला

खबर मन्त्र संवाददाता



हजारीबाग। सांसद जयंत सिन्हा ने लोकसभा के जीरो ऑवर में झारखण्ड में कुपोषण की समस्या के गंभीर मामले पर सदन का ध्यान आकृष्ट करवाया है। उन्होंने कहा कि हमारे देश का भविष्य, हमारे बच्चे झारखण्ड में बुनियादी पोषण और भोजन से वंचित हैं। पोषण संबंधी सूचकों के मामले में आज झारखड सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले राज्यों में से एक है और जेएमएम-कांग्रेस सरकार अभी भी इससे बेफिक्र नजर आ रही है।एनएफएचएस-5 और आईएफपीआरआई के अनुसार, झारखण्ड में 5 वर्ष से कम उम्र के 38 लाख बच्चों में से 23 लाख से अधिक एनीमिक हैं। 15 लाख अविकसित हैं और 8 लाख से अधिक बच्चे कमजोर हैं। केवल बच्चे ही नहीं, हमारी महिलाएं भी पीड़ित हैं। झारखण्ड में 26 लाख से ज्यादा महिलाएं अंडरवेट, यानी आयु और ऊंचाई के अनुसार मानक वजन से कम वजन की हैं। राज्य में 66% महिलाएं एनीमिया से पीड़ित हैं। इससे भी निराशाजनक बात यह है कि 57% गर्भवती महिलाएं एनीमिया से ग्रसित हैं। सांसद जयंत सिन्हा ने कहा कि कोई भी राज्य तब तक प्रगति नहीं कर सकता है, जब तक राज्य सरकार अपनी जनता के स्वास्थ्य पर ध्यान नहीं देती। जहाँ हम अपने लोगों के लिए उज्ज्वल और प्रगतिशील भविष्य का सपना देख रहे हैं, वहीं झारखण्ड सरकार महिलाओं और बच्चों को बुनियादी भोजन और पोषण भी प्रदान करने में असमर्थ है, जो कि अत्यंत शर्मनाक है। उन्होंने केंद्र सरकार से इस सम्बन्ध में झारखण्ड सरकार को सख्त निर्देश जारी करने का आग्रह किया है।

# सांसद के कार्यों का भी श्रेय ले रही हैं विधायक : सुमन सिंह



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा मंगलवार को भुरकुंडा रेस्ट हाउस में प्रेस कांफ्रेंस किया। सांसद प्रतिनिधि सुमन सिंह ने कहा कि जब पहली बार 2014 में नरेंद्र मोदी भारत के प्रधानमंत्री बने तब हजारीबाग लोकसभा के सांसद जयंत सिन्हा चुने गए थे। उस समय जयंत सिन्हा को वित्त राज्य मंत्री का पद दिया गया थी। उसी समय विकास के लिए एक नई सोच को रखते हुए हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा ने पूरे देश के लिए भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से विचार-विमर्श करते हुए उनके अनुमति से डिस्टिक मिनिरल फाउंडेशन ट्रस्ट ( डीएमएफटी) का गठन कर जिला स्तर पर इसे स्थापित किया गया। जिसके तहत जिले में हो रहे खनन के रयल्टी का कुछ हिस्सा जो पहले विकास कार्यों में खर्च करने के लिए अलग किया जाता था और केंद्र सरकार को इसकी राशि भेजी जाती थी वही राशि पुनः वहां से राज्य सरकार को वापस भेजी जाती थी। ताकि विकास कार्य करवाया जा सके। इसमें बहुत तरह की विसंगतियां थीं जिससे विकास बाधित होता था। इन विसंगतियों को दूर करके इस परेशानी से निजात दिलाने के लिए ट्रस्ट का गठन राष्ट्रीय स्तर पर हुआ। इस ट्रस्ट के माध्यम से जिस भी जिले में माइनिंग होती है वहां के विकास कार्यों को संपन्न करवाने के लिए (डीएमएफटी) फंड के बोर्ड द्वारा योजनाओं का चयन होता है और विकास कार्य किया जाता है। उन्होंने कहा कि रामगढ़ जिले में प्रतिवर्ष 120 करोड रुपए डीएमएफटी को विकास कार्य हेतु प्राप्त हो रहे हैं और बोर्ड के माध्यम से योजनाओं का चयन कर आच्छादन कार्य किया जा रहा है। लेकिन बड़े दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि हजारीबाग लोकसभा के सांसद जयंत सिन्हा द्वारा किए गए विकास कार्यों को अपना बताकर बड़कागांव की विधायक अंबा अपना श्रेय लूटने की होड़ मचा रखी है। और जनता की आंखों में धूल झोंकने का काम कर रही है। जनता इस चीज को बखूबी समझ रही है।

# नयी शिक्षा नीति से छात्रों का होगा विकास : शैलेश

खबर मन्त्र संवाददाता

**▸▸ बरही आईलेक्स पब्लिक स्कूल में नयी शिक्षा नीति के तीन वर्ष पूरा होने पर कार्यक्रम आयोजित**



**बरही।** नई शिक्षा नीति के तीन वर्ष पूरा होने पर सभी विद्यालयों में विशेष कार्यक्रम होना था, उसी के तहत आईलेक्स पब्लिक स्कूल में भी कई कार्यक्रम आयोजित किये गए। हाल के वर्षों में कई देशों ने 21वीं सदी की मांगों को पूरा करने के लिए अपनी शिक्षा प्रणालियों को अद्यतन करने की आवश्यकता को पहचाना है। एक सफल शिक्षा प्रणाली का प्राथमिक लक्ष्य व्यक्तियों को एक सर्वांगीण मनुष्य के रूप में विकसित करना है। इन व्यक्तियों को गंभीर रूप से सोचने और तर्कसंगत रूप से कार्य करने में सक्षम होना चाहिए। विद्यालय के निदेशक शैलेश कुमार ने कहा कि आज के बदलते परिवेश, भविष्य की सम्भावनावों को देखते हुए नई शिक्षा नीति मील का पत्थर साबित होगी। कहा कि 21 वीं शताब्दी के जरूरतों के हिसाब से शिक्षाविद, प्रबुद्ध जन एंव आमलोगों के राय से बनाया गया है। यह काफी प्रभावशाली व कौशल आधारित है। निदेशक श्री कुमार ने नई शिक्षा नीति को सकारात्मक कदम करार दिया है। नीति का स्वागत करते हुए कहा कि पाठ्यक्रम में बहुस्तरीय प्रवेश और निकास के विकल्प छात्र छात्राओं के लिए हितकारी है। इसके साथ ही रूचि के अनुरूप विषय का चुनाव कर सकेंगे। साथ ही उनमें करुणा, सहानुभूति, साहस और लचीलापन जैसे गुण भी होने चाहिए।

शिक्षा प्रणाली का उद्देश्य छात्रों में वैज्ञानिक मानसिकता पैदा करना और रचनात्मक कल्पना को बढ़ावा देना है। भारत की राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 अपनी शिक्षा प्रणाली को अद्यतन करने की दिशा में भारत का एक कदम है। जैसा कि एनईपी 2020 ने अपने तीन साल पूरे कर लिए हैं। पेंटिंग, पोस्टर मेकिंग, वृक्षारोपण, स्पीच, डिबेट जैसे कार्यक्रम आयोजित किये गए। जिसमें विद्यालय के लगभग सभी बच्चों ने हिस्सा लिया। कुमारी पायल, सोनी कुमारी, आयुष कुमार, विद्या कुमारी, कुमारी सुधा , इशा कुमारी, अंजलि कुमारी, वर्षा कुमारी, रौनक कुमार, अंजलि कुमार, सृष्टि कुमारी, ऋषिका कुमारी, पूजा कुमारी, उज्जवल कुमारी, प्रिन्स कुमारी, पलक वर्मा, अनंत अग्रवाल, मीनाक्षी कुमारी, संजना कुमारी, पूर्णिमा कुमारी के प्रयास काफी सराहनीय रहे।

एक नजर में

## चौपारण में मुहर्रम जुलूस के दौरान तिरंगा के अपमान में शामिल दो युवक गये जेल



**चौपारण।** शनिवार को मुहर्रम के जुलुस में चौपारण बाजार स्थित ताजपुर के पास कुछ लड़को के द्वारा चांद तारा लगा तिरंगा झंडा फहराये जाने का विडियो वायरल किया गया था। वरीय पदाधिकारी द्वारा प्राप्त विडियो का सत्यापन कर दोषियों पर अविलम्ब कार्रवाई करने हेतु निर्देश प्राप्त हुआ। उक्त निर्देश के आलोक में मुर्रहम के लिए प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं सशस्त्र बल के साथ टीम का गठन किया गया। गठित के द्वारा प्राप्त विडियो फुटेज, जुलुश में शामिल स्थानीय व्यक्ति एवं अन्य स्त्रोतों से उक्त कार्य में शामिल दो अभियुक्त मो. फरहान पिता मो.मिस्टर आलम एवं मो. आदिल पिता मो0 मुमताज दोनो सा० ताजपुर थाना- चौपारण जिला- हजारीबाग का पहचान किया गया। उक्त दोनो व्यक्ति को पुछताछ हेतु थाना लाया गया तथा पुछताछ के क्रम में वे उस घटना में अपना संलिप्ता स्वीकार किया, तत्पश्चात मुहर्रम के दिन फहराये गये चाँद तारा युक्त तिरंगा झंडा को जब्त किया गया। इस संबंध में प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी द्वारा दिये गये आवेदन पर चौपारण थाना कांड सं0- 321/23 दिनांक- 31/07/23 धारा- 341/353/295 (ए)/153(अ)/120 (बी) भा0द0वि0 एवं 2 राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम 1971 दर्ज कर उक्त कांड में दोनो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजी जा रही है एवं इस अपराध में शामिल अन्य की संलिप्तता के बिन्दु पर जांच पड़ताल की जा रही है।

## फरार आरोपी के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

**चौपारण।** थाना कांड संख्या 103/ 17 के नामजद आरोपी फैजल हसन पिता नजरुल हसन पिछले सात साल से फरार है। चौपारण पुलिस ने फरार आरोपी के घर हजारीबाग स्तिथ नूरा मौहल्ला, लोहसिंघना के मकान संख्या 305 में इश्तेहार तामिला किया है। चौपारण थानां के पुलिस अवर निरीक्षक तरुण बाखला, लोहसिंघना थानां पुलिस अवर निरीक्षक सुनील कुमार सशस्त्र बल के साथ ग्रामीणों के समक्ष कोर्ट द्वारा जारी इश्तेहार को तामिला किया गया।

## उपायुक्त ने स्वरोजगार का दिया आश्वासन



**हजारीबाग।** केसरी परिवार के दो भाइ संतोष केसरी और दीपक केसरी पिता स्वर्गीय भोला प्रसाद केसरी जिनकी मौत सड़क दुर्घटना में 13 जुलाई को हो गयी थी उनकी पत्नी और परिजन सोमवार को उपायुक्त डीसी नैंसी सहाय से मिले और परिवार की आर्थिक तंगी को लेकर को लेकर विधवा पेंशन , वृद्धा मां की वृद्धा पेंशन और दोनों विधवा पत्नियों की रोजगार हेतु अपील की। उपायुक्त ने दोनों से डाक्यूमेंट्स मांगा और जल्द ही स्वरोजगार से जोड़ने का आश्वासन दिया।

## भाजपा नेता की मां घायल, गांधीनगर रेफर



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पटेलनगर भुरकुंडा निवासी सह भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री संजीव कुमार बाबला की माता ललौती देवी (80 वर्ष) मंगलवार को फूल तोडने के क्रम में एक महिला द्वारा पत्थर फेंकने से घायल हो गई। घटना के बाद घायल को तत्काल प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए गांधीनगर रांची रेफर कर दिया गया। जहां उनका इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार भाजपा नेता की माता रोज की तरह पूजा के लिए सुबह साढे तीन बजे फूल तोड़ रही थीं। इसी दौरान एक महिला ने उन पर पत्थर से वार कर दिया। पत्थर सीधा उनके सर पर लगा। जिससे वो गंभीर रूप से घायल हो गई। उनके सर में गहरा चोट लगने की सूचना है। इधर मामले पर भाजपा नेता संजीव कुमार बाबला ने बताया कि मेरी मां फूल तोड़ने गई थी इसी दौरान एक महिला ने रौड से वार कर दिया। जिसमें मेरी मां का माथा फूट गया और काफी खून भी निकला है। उन्होंने बताया कि मेरी मां फिलहाल कुछ बोल नहीं पा रही है उनका गांधीनगर अस्पताल में इलाज चल रहा है। इधर घटना के बावत परिजनो ने भुरकुंडा ओपी में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। वहीं पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुटी है।

## महिला की हत्या में युवक गिरफ्तार

**कटकमसांडी।** महिला हत्या मामले में पुलिस चार दिनों के अंदर खुलासा कर दी है। इस मामले में उसी गांव के एक 17 वर्षीय युवक शामिल है। जिसे पुलिस गिरफ्तार कर उसे मंगलवार को जुवेनाइल न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। गिरफ्तार युवक ने पुलिस के समक्ष महिला की हत्या करने की बात स्वीकार की। उसने पुलिस को बताया कि महिला के साथ शराब पीने के दौरान किसी बात को लेकर विवाद हुआ जिसके बाद आक्रोश में आकर उसकी हत्या कर दी। बताया जाता है कि शनिवार को सुबह कटकमदाग थाना क्षेत्र के कूद वार्ड नंबर 24 में महिला मुनिया देवी (40 वर्ष) पति राजू रविदास का शव पुलिस ने बरामद किया था। घटना के बाद मृतिका के भाई के शिकायत पर कटकमदाग थाना कांड संख्या 246/23 के तहत मामला दर्ज किया गया था। ग्रामीणों के अनुसार महिला की हत्या के पहले उसके साथ बलात्कार घटना को अंजाम दिया गया। जबकि पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मामला सामने आएगा। इधर महिला का पोस्टमार्टम दंडाधिकारी के रुप में कटकमदाग बीडीओ शालिनी खलखो की उपस्थिति में तीन सदस्यी मेडिकल टीम ने किया। जिसमें डॉ अमरेंद्र सिन्हा, डॉ अजय भेंगरा और डॉ चंचल गुप्ता शामिल थे। घटना के दिन वह बगल के ही घर में छठी का उत्सव में शामिल होकर रात करीब 10 बजे घर वापस लौट रही थी।

## रामगढ़ में जल्द खुलेगा आचार्यकुलम

**रामगढ़।** पतंजलि योगपीठ एवं बाबा रामदेव के नेतृत्व जल्द ही रामगढ़ आचार्यकुलम खुलने जा रहा है। रामगढ़ के नईसराय स्थित विंसेंट पब्लिक स्कूल को पतंजलि ने अधिग्रहण कर लिया है। यह बात मंगलवार को विद्यालय प्रांगण में आयोजित प्रेस वार्ता में राज्य प्रभारी रामजीवन पांडेय, जिलाध्यक्ष प्रमोद कुमार एवं पूर्व जिलाध्यक्ष रजनीकांत राठौर ने संयुक्त रूप से दी। उन्होंने कहा कि पहला आचार्यकुलम हरिद्वार में खुला है। जबकि, झारखंड में रांची के नामकूम में खोला गया। झारखंड में दूसरा आचार्यकुलम रामगढ़ में खुलेगा। उन्होंने कहा कि आचार्यकुलम के खुलने से यहां के विद्यार्थियों को उत्कृष्ट शिक्षा प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि एडमिशन और पठन-पाठन अक्टूबर से शुरू होगा। विद्यालय में तैयारी युद्ध स्तर पर चल रही है। उन्होंने कहा कि 4 अगस्त को विद्यालय परिसर में आचार्य शिरोमणि बालकृष्ण का जन्म दिवस जड़ी-बुटी दिवस के रूप में मनाया जाएगा। पर्यावरण की रक्षा के लिए यह कार्यक्रम होगा। सुबह 9 बजे हवन एवं पूजन होगा। इसके बाद पौधरोपण एवं पौधों का वितरण किया जाएगा।

## स्पीड न्यूज

### फुटपाथियों ने की स्थायी दुकान की मांग



**गुमला।** शहर के जशपुर रोड पीडब्ल्यूडी की दीवार से सटकर दुकान लगाने वाले फुटपाथी दुकानदारों ने उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी से मुलाकात कर स्थायी दुकान की व्यवस्था करने की मांग की। साथ ही उपायुक्त का फुटपाथी दुकानदार संघ ने बुके देकर स्वागत किया। मौके पर दुकानदार विनय गोप, उपेंद्र महतो, बद्री साहू, ओमप्रकाश गोप, सोनू केसरी, बॉबी साहू, राकेश सिंह, अखिलेश्वर सिंह, संजय केसरी थे।

### बांस कारीगरों के बीच बंटे टूल किट



**घाघरा।** सारांगो बांस शिल्पकार भवन में कल्याण विभाग गुमला ने 30 बांस कारीगरों के बीच टूल किट का वितरण मंगलवार को किया। मुख्य अतिथि मुखिया राजेश बड़ाईक ने 30 टूल किट पुरुष एवं महिला बॉस कारीगरों के बीच बांटा। मुखिया ने कहा कि टूलकिट वितरण कल्याण विभाग से होने से बांस कारीगरों का उसका लाभ मिल पायेगा। मौके पर प्रेम तुरी, शशि तुरी, आलोक तुरी, शांति देवी, कमला कुमारी, अमित पुरी, परसु तुरी, चिंता देवी, कांति कुमारी थे।

### उपायुक्त से घपले की जांच की मांग

**गुमला।** अखिल भारतीय क्रांतिकारी किसान सभा गुमला ने उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी को मांग-पत्र सौंप कतरी जलाशय नहर निर्माण योजना में बरती गयी अनियमितता व नहर का साफ-सफाई नहीं कराने को लेकर जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है। किसान सभा ने उपायुक्त को मांग-पत्र सौंप कहा है कि 100 करोड़ रुपये की लागत से बनी नहर सैकड़ों जगह टूट-फूट होकर नहर में जगह-जगह कचरा जमा हो गया है और घास उग आये हैं। प्रतिनिधिमंडल में किसान सभा के जिला अध्यक्ष आदित्य सिंह, जिला समिति के शंकर उरांव व मनी उरांव का हस्ताक्षर मांग-पत्र में शामिल थे।

### धारदार हथियार से चाचा को मार डाला



**गुमला।** थाना क्षेत्र के बरिसा कुंबाटोली में 70 वर्षीय बुजुर्ग एडवट पन्ना की जमीन विवाद को लेकर भतीजे 25 वर्षीय बीजपाल पन्ना ने धारदार हथियार से काटकर निर्मम हत्या कर दी। लगभग दो वर्षों से चाचा व भतीजे के बीच जमीन विवाद चल रहा था। मंगलवार को परिजन धनरोपनी में गये थे। तब एडवट घर पर आराम कर रहा था। इसी दौरान बीजा पन्ना उसके घर आया और धारदार हथियार से उसे मौत के घाट उतार दिया। वहीं घटना के बाद वह फरार हो गया।

### ज्ञानदीप स्कूल में हाउस कैप्टन चयनित



**लोहरदगा।** ज्ञानदीप इंग्लिश मीडियम स्कूल कुटमू में हाउस कैप्टन और वाइस कैप्टन को लेकर चुनाव प्रक्रिया हुई। इस पद के चार प्रत्याशी सुरज सिंह, सोनाली कुमारी, अनुष्का कुमारी और कृती उरांव ने अपना पर्चा भरा। चुनाव के पूर्व उप प्रधानाचार्या सुमन गुप्ता ने चुनाव की जानकारी दी। सुरज हाउस कैप्टन और सोनाली वाइस हाउस कैप्टन बनी। मौके पर प्रधानाचार्य शंकर गुप्ता, सुमन गुप्ता, अनिमा साहू, किरण ज्योति लकड़ा, पूजा मिंज, खुशबू कुमारी और विद्यार्थी थे।

### अंजुमन इस्लामिया ने जताया आभार



**लोहरदगा।** अंजुमन इस्लामिया के अध्यक्ष हाजी अफसर कुरैशी ने मोहर्रम 2023 जिले में सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न होने पर जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन और जिला वासियों का आभार व्यक्त किया है। कहा कि एक साथ कई त्योहारों के होने के बाद भी लोहरदगा जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन ने बहुत अच्छे ढंग से सभी त्योहारों को सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराया। जिसके लिए जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा के जिले के सभी अमन पसंद लोग भी विशेष तौर पर बधाई के पात्र हैं।

### प्रेमचंद की कृतियां प्रासंगिक : उत्तम



**लोहरदगा।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज लोहरदगा में मुंशी प्रेमचंद की जयंती मनी। कार्यक्रम का शुभारंभ पतंजलि योग समिति के जिला संरक्षक शिवशंकर सिंह और कॉलेज के प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। शिव शंकर सिंह ने मुंशी प्रेमचंद द्वारा रचित उपन्यास गोदान के साहित्यिक विशेषता का परिचय बच्चों को दिया। प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने कहा कि उनकी कृतियां आज भी प्रासंगिक हैं। हिंदी की व्याख्याता रेणु कुमारी ने मुंशी प्रेमचंद्र की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इसके साहित्य का प्रमुख स्वर राष्ट्रीय जागरण एवं समाज सुधार रहा है और तत्कालीन भारतीय जीवन में व्याप्त कुरीतियों, शोषण, निर्धनता, नारी दुर्दशा, वर्ण व्यवस्था की विसंगति आदि भिन्न विषयों पर अपनी प्रभावशाली कलम चलायी है।

# डबल इंजन की सरकार में मणिपुर की घटना से देश शर्मसार : भूषण तिर्की

■ मणिपुर में जातीय हिंसा को लेकर आइएनडीआइए महा गठबंधन का धरना-प्रदर्शन, निकाला जुलूस

**खबर मन्त्र संवाददाता**





धरना कार्यक्रम को संबोधित करते कांग्रेस के जिलाध्यक्ष और मणिपुर हिंसा को लेकर जुलूस निकाले महागठबंधन के लोग।

**गुमला।** मणिपुर में हुए जातीय हिंसा को लेकर मंगलवार को कचहरी परिसर में इंडिया महा गठबंधन के द्वारा धरना प्रदर्शन किया गया। धरना में झामुमो, कांग्रेस, राजद सहित महागठबंधन के अन्य दल के नेता व कार्यकर्ता शामिल हुए। मौके पर झामुमो जिलाध्यक्ष सह विधायक भूषण तिर्की ने कहा कि भाजपा के शासन काल में मणिपुर में जातीय हिंसा चरम पर है। विशेषकर आदिवासियों को टारगेट कर हिंसा किया जा रहा है। मणिपुर की घटना से पूरा देश शर्मसार हुआ है। देश संविधान से चलेगा किसी जाति विशेष से नहीं। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार होने के बाद भी मणिपुर में हिंसा नहीं रूक रही है। मणिपुर के मुख्यमंत्री को नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दे देना चाहिए। श्री तिर्की ने कहा कि अब मणिपुर के लोगों को न्यायालय से ही न्याय मिलने की संभावना है क्योंकि केंद्र सरकार मणिपुर हिंसा पर केवल राजनीति कर रही है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष चैतु उरांव ने कहा कि मणिपुर की घटना मानवता को शर्मसार किया साथ ही डबल इंजन की सरकार की व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी। उन्होंने कहा कि मणिपुर घटना को लेकर इंडिया महागठबंधन का डेलीगेट जब वहां मामले की जानकारी लेने पहुंची तो भयावह स्थिति सामने आयी। धरना को आशिक अंसारी, राजीव रंजन महतो, नप उपाध्यक्ष मो. कलीम अख्तर, रोशन बरवा, राजद जिलाध्यक्ष सहित कई लोगों ने संबोधित किया। इससे पूर्व संत पात्रिक मैदान से मणिपुर घटना को लेकर जुलूस निकाला गया।

**ये भी रहे उपस्थित :** मौके पर निशा भगत, खालिद शाह, आजाद अंसारी, विष्णु राम, रमेश कुमार चीनी, मुरली मनोहर प्रसाद, तरूण गोप, रंजीत सिंह, नुरूल होदा, मो. मोख्तार आलम, मो. अनवर, आरिफ आलम, संजय सिंह, प्रदीप सिंह, गुलाम सरवर, हंदु भगत, खुदी भगत, मो. लड्डन, प्रदीप साहु, अकील रहमान, जेम्स तिर्की, महादेव भगत, अनूप लकड़ा सहित सैकड़ों की संख्या में महा गठबंधन के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### आदिवासी समुदाय ने मानव श्रृंखला बनाकर जताया विरोध

**चैनपुर।** मणिपुर में हुए आगजनी, हत्या, बलात्कार, हिंसा एवं अशांति के विरोध में बरवे आदिवासी एकता मंच की ओर से मंगलवार को मौन विरोध किया गया। इसके तहत मानव श्रृंखला बनायी गयी। चैनपुर मुख्यालय के विभिन्न मार्गों से मानव श्रृंखला शुरू होकर बस स्टैंड अल्बर्ट एक्का चौक तक करीब 2 किलोमीटर लंबी मानव श्रृंखला बनायी गयी। इस दौरान लोग हाथों में तख्तियां लिये हुए थे। जिसमें आदिवासियों का हनन करना बंद करो, लोकतंत्र की हत्या बंद करो, मणिपुर सरकार हाय हाय, केंद्र सरकार होश में आओ, मणिपुर को न्याय दो, आदिवासियों को टारगेट करना बंद करो, हिंदू मुस्लिम सरना सिख, इसाई आपस में है भाई-भाई जैसे स्लोगन लिखे थे। मौके पर फादर रजत एक्का ने कहा कि मणिपुर में आदिवासी समाज के महिलाओं एवं लड़कियों पर हो रहे अत्याचार काफी शर्मनाक है।

जन समस्याओं के समाधान को लेकर **भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने सौंपा ज्ञापन**

# सभी समस्याओं के समाधान की दिशा में होगी कार्रवाई : उपायुक्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**



डीसी को जनहित के मुद्दे पर ज्ञापन सौंपते भाजपा के नेता।

**गुमला।** जनहित के मुद्दों और उसके समाधान को लेकर मंगलवार को भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल जिला अध्यक्ष अनूप चंद्र अधिकारी के नेतृत्व में उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी से मुलाकात की। इस दौरान भाजपा नेताओं ने उपायुक्त का बुके देकर स्वागत करते हुए जिले के सतत विकास की कामना की। प्रतिनिधि मंडल ने जन समस्याओं को लेकर उपायुक्त को 5 सूत्री मांग पत्र सौंपा। जिसमें बताया गया गुमला जिला के 80% आबादी खेती पर आश्रित हैं। जुलाई माह में बारिश नहीं होने की वजह से खेती का कार्य नहीं हो पाया है। पूरे जिले को सूखाग्रस्त घोषित किया जाए। गुमला जिला में पीडीएस दुकान में दिसंबर 2022 का गरीब कल्याण योजना के सभी प्रखंडों में दुकानदारों को नहीं दिया गया है। इसकी जांच कराई जाए। गुमला नगर में विद्युत आपूर्ति में लोडिंग शेडिंग का को कम किया जाए और काला तार से विद्युत तार को कवर करने की व्यवस्था बनायी जाये।

**खास बातें :** गुमला जिला के सभी बालू घाटों का नीलामी ग्राम सभा के माध्यम से कराकर निजी उपयोग हेतु, बालू ढुलाई का अनुमति हेतु वर्षा ऋतु के बाद उचित कार्रवाई की जाये। गुमला जिला के संवेदकों को कार्य पूर्ण योजनाओं की राशि भुगतान हेतु आवश्यक कार्रवाई की करने की मांग उपायुक्त से की गई। इसे गंभीरता से लेते हुए उपायुक्त ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया समाधान की दिशा में अग्रेतर कार्रवाई होगी। प्रतिनिधिमंडल में जिलाध्यक्ष अनूप चंद्र अधिकारी, प्रदेश मंत्री मुनेश्वर साहू ,प्रदेश नेता विनय कुमार लाल, वरिष्ठ नेता भूपन साहू, महामंत्री सत्यनारायण पटेल, मिसिर कुजूर, लाल मोहन साहू, राधेश्याम कुशवाहा, प्रदीप प्रसाद, दिनेश्वर प्रसाद, हरिहर कुमार थे।

# आइएनडीआइए का मणिपुर हिंसा के विरोध में धरना-प्रदर्शन

राष्ट्रपति से की मणिपुर में शांति बहाली के साथ **सरकार को बर्खास्त करने की मांग**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



धरना में शामिल लोग।

**लोहरदगा।** इंडिया महागठबंधन के सभी घटक दलों ने मणिपुर में विगत 3 महीनों से जारी जाति हिंसा पर हस्तक्षेप करते हुए हिंसा पर रोक लगाने एवं शांति व्यवस्था बहाल करने तथा तत्काल मणिपुर सरकार को बर्खास्त करने की मांग को लेकर मंगलवार को समाहरणालय मैदान में एक दिवसीय महाधरना का आयोजन किया गया।

सभी वक्ताओं ने कहा कि मणिपुर राज्य की महिलाओं पर उत्पीड़न का अन्य राज्यों के साथ तुलना करने लायक नहीं है वहां महिलाओं के साथ जो उत्पीड़न दुर्व्यवहार एवं बलात्कार आदि किया गया है जो सर्वथा निंदनीय है। इस बात के लिए इंडिया महागठबंधन आज महा धरना के माध्यम से राष्ट्रपति भारत से मांग करती है कि मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू किया जाये।

साथ ही साथ मणिपुर में जातीय हिंसा रोकने के लिए मणिपुर सरकार को अविलंब बर्खास्त किया जाए तथा राज्य में शांति व्यवस्था बहाल करते हुए राहत शिविरों में रह रहे नागरिकों के पुनर्वास की गारंटी सुनिश्चित किया जाये। जातीय हिंसा आम नागरिकों को कभी भी कानूनी लाभ नहीं दिला सकती बलात्कार और हिंसा की शिकार आदिवासी महिलाओं को न्याय दिलाने के लिए आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाए। वक्ताओं ने घटना पर खेद व्यक्त किया।

### पुत्र की हत्या के दोषी को आजीवन कारावास

**लोहरदगा।** लोहरदगा में बेटा की हत्या के आरोपी पिता को पीडीजे की कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनायी है। पीडीजे ने अपने फैसले में कहा की लोहरदगा जिला के अतिनक्सल प्रभावित इलाका पेशरार के चंदलगी गांव निवासी बनेया उरांव ने अपने शराबी बेटे से तंग आकर हत्या जैसे जघन्य अपराध को अंजाम देने का कार्य किया। यह मामला 2020 का है, लोक अभियोजक मिनी लकड़ा ने बताया की शराब पीकर हमेशा परिवार और गांव वालों को परेशान करने वाले बेटे से तंग आकर पिता ने ही गुस्से में आकर बेटे कृष्णा उरांव की कुल्हाड़ी से काट कर हत्या कर दी थी। हत्या के आरोपी पिता को पीडीजे राजेन्द्र बहादुर पाल ने हत्या का दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा के साथ साथ जुर्माना लगाने का भी कार्य किया है।

### नशा के लिए पैसे नहीं मिलने पर की आत्महत्या



**भंडरा।** भंडरा थाना क्षेत्र के जमगाई पंचायत अंतर्गत डूंमरी गांव का एक युवक रविंद्र लोहरा अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या की खबर पुलिस को मिलने पर पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल लोहरदगा भेज दिया। भंडरा थाना प्रभारी गौतम कुमार के अनुसार मृतक के पिता सहेंद्र लोहरा ने बताया कि रविंदर लोहरा रोजाना शराब एवं गांजा पीता था। वह नशा का आदी हो चुका था। शराब पीकर घर आया और अपने पिता से पैसा की मांग करने लगा। पैसा नहीं देने पर वह अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक के परिजनों ने बताया कि यह युवक नशा का आदी हो चुका था और पहले भी एक बार जहर खाकर आत्महत्या का प्रयास कर चुका था।

### श्रम विभाग की योजनाओं की समीक्षा



**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में मंगलवार को श्रम विभाग एवं जिला नियोजनालय कार्यालय से संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक की। जिसमें दोनों कार्यालयों अंतर्गत संचालित योजनाओं की जानकारी लेते हुए उपायुक्त ने आवश्यक दिशा निर्देश दिया। श्रम विभाग कार्यालय द्वारा संचालित पीएमजी दिशा योजना अंतर्गत कौशल विकास को लेकर जिले के इच्छुक युवक-युवतियों को कंप्यूटर से जुड़े प्रशिक्षण देने हेतु ट्रेनिंग प्रोग्राम चलाया जा रहा है। वहीं मोची समुदाय के विकास हेतु भी प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाएं जा रहें है। इसके अलावा सभी सरकारी विद्यालयों में वोकेशनल क्लासेस चलाने पर भी कार्य किया जा रहा है। इन सभी योजनाओं एवं कार्यक्रमों से अवगत होते हुए उपायुक्त ने आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

## जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनी लोगों की समस्या, समाधान का आश्वासन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने मंगलवार को जनता दरबार का आयोजन कर लोगों की समस्या सुनी। जनता दरबार में 20 से अधिक आवेदकों ने अपनी समस्याओं के निवारण हेतु उपायुक्त को अपना आवेदन समर्पित किया। जनता दरबार में घाघरा निवासी दिव्यांग जितेंद्र लोहरा ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर इलेक्ट्रॉनिक बैटरी रिक्शा तथा आवास योजना का लाभ दिलाने की मांग की। जिसपर उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को पत्र अग्रसारित करते हुए आवेदक की सहायता करने हेतु निर्देशित किया। गुमला निवासी जिसंता तिर्की ने अपने जमीन पर गैर आदिवासी द्वारा अवैध कब्जा करने की उपायुक्त से शिकायत की। जिसपर उपायुक्त ने एसडीओ सदर को मामले की जांच करने हेतु निर्देशित किया। इस दौरान अवैध रूप से जमीन पर कब्जा करने के कई अन्य मामले भी देखने को मिले।

महिला कॉलेज में नामांकन को लेकर कुलपति ने की बैठक, कहा

## क्षेत्रीय भाषाओं की पढ़ाई जल्द

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** रांची विवि के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने मंगलवार को महिला कॉलेज बरही में जनप्रतिनिधियों से मुलाकात की एवं कॉलेज में नामांकन के लिए सभी को अपना योगदान देने को लेकर चर्चा की।

कुलपति ने उपस्थित मुखिया एवं अन्य जनप्रतिनिधियों से संवाद कर महिला महाविद्यालय को और कैसे बेहतर ढंग से विकसित किया जाए, क्या कमियां हैं और इन कमियों को कैसे पूरा किया जाए जिससे महिला महाविद्यालय में अधिक से अधिक नामांकन हो और इस सरकारी कॉलेज में छात्राएं इसका लाभ ले। इस संदर्भ में उपस्थित मुखिया एवं अन्य जनप्रतिनिधियों से उन्होंने कहा कि महाविद्यालय में सभी छात्राओं को छात्रवृत्ति मिल रही हैं। विगत वर्ष नामांकित सभी छात्राओं को छात्रवृत्ति का भुगतान सरकार के द्वारा कर दिया गया है साथ ही महाविद्यालय में भव्य लाइब्रेरी की व्यवस्था की गयी है।

## 14वीं पुण्यतिथि पर याद किये गये प्राण प्रसाद जायसवाल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** कांग्रेस पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष सह समाजसेवी स्वर्गीय प्राण प्रसाद जायसवाल के14वी पुण्यतिथि बीआईडी लोहरदगा स्थिति आवास मे मनाई गई। इस मौके पर मुख्य रूप से बीएस कॉलेज के प्राचार्य प्रो शिव कुमार गुप्ता ने कहा कि स्वर्गीय प्राण प्रसाद जयसवाल मृदुस्वभाव के मिलनसार व्यक्ति थे। उन्होंने समाज के उत्थान एवं विकास के लिए बेहतर कार्य किए और आज जिले में प्रमुख समाजसेवी के रूप में उन्हें याद किया जाता है। सांसद प्रतिनिधि अशोक यादव कहा कि स्व प्राण प्रसाद जायसवाल समाजसेवी एवं कदावर कांग्रेस नेता थे उन्होंने कांग्रेस जिलाध्यक्ष रहते हुए काफी मजबूती दी। साथ ही हर क्षेत्र में जनकल्याण कार्य किये, जिसे आज भी हम सब याद करते हैं।

### बाइक-पिकअप की भिड़ंत में चार घायल तीन रिम्स रेफर

**गुमला।** थाना क्षेत्र के तिर्रा पेट्रोल पंप के समीप पिकअप वाहन व दो बाइक की सीधी भिड़ंत में चार युवक घायल हो गये। घायलों में बाइक सवार पाकर टोली सीलम निवासी 18 वर्षीय मोहन सिंह, 25 वर्षीय सुरेंद्र लोहरा, 16 वर्षीय करण लोहरा व 20 वर्षीय करमा लोहरा के नाम शामिल है। सभी को स्थानीय लोगों की मदद से तत्काल सदर अस्पताल गुमला में भर्ती कराया गया। घटना में सुरेंद्र लोहरा, करमा लोहरा व करण लोहरा को गंभीर चोट लगी है।

## हथियार के बल पर भारत फाइनेंस कंपनी के कर्मी से एक लाख रुपये की लूट

■ अपराधियों ने पिस्तौल की बट से मार फाइनेंस कंपनी के कर्मी को किया जख्मी



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** हथियार के बल पर भारत फाइनेंस कंपनी के कर्मी से अपराधियों ने एक लाख रूपये लूट लिये। वहीं फाइनेंस कंपनी के कर्मी चपिया पलामू निवासी वर्तमान में लक्ष्मण नगर गुमला में किराये के मकान में रह रहे संजीव कुमार को पिस्तौल की बट से मारकर जख्मी कर दिया।

इस संबंध में संजीव कुमार ने गुमला थाना में शिकायत दर्ज की है। घटना के संबंध में संजीव कुमार ने बताया कि वह गुमला थाना क्षेत्र के बसुआ गांव फाइनेंस कंपनी का पैसा वसूलने गस्या था। पैसा लेकर वापस लौट रहा था तो कुछ लोग उसके बाईक के पास पहुंचे और उसे बैग देने की मांग करने लगे। नहीं देने पर हथियार निकालकर उसपर गोली लोड करते हुए मारने की धमकी दी।

# जिला परिषद की बैठक में जिप अध्यक्ष ने की कई मुद्दों पर चर्चा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बैठक की अध्यक्षता करतीं जिप अध्यक्ष।

**लोहरदगा।** जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला परिषद, लोहरदगा के कार्यकारिणी बैठक जिला परिषद कार्यालय स्थित सभाकक्ष में हुई। बैठक में सर्वप्रथम विगत 15 जून को संपन्न बैठक में दिये गये निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा की गई।

इसमें कुडू बस स्टैंड एवं कुडू हाट का चुंगी की पुनर्निधारित दर, जिला परिषद लोहरदगा कार्यालय में दैनिक/ आंशिक वेतन दर पर कार्यरत कर्मियों के मानदेय में वृद्धि, जिला परिषद कार्यालय में आंशिक दैनिक वेतन पर नियुक्त स्वीपर, किस्को मार्केट कंप्लेक्स में शौचालय आदि की मरम्मत कार्य हेतु प्रकाशित निविदा, पीएचईडी लोहरदगा द्वारा मार्च-जुलाई माह में मरम्मत किये गये नलकूपों की संख्या, हर घर नल योजना के डीपीआर अनुसार कार्यान्वयन, उच्च विद्यालय टाकू में अतिरिक्त कमरों की आवश्यकता, उच्च विद्यालय माराडीह तक पहुंच पथ की आवश्यकता, मध्य विद्यालय केकरांग में शिक्षकों की उपस्थिति, पाखर स्थित स्वास्थ्य उपकेंद्र में पेयजलापूर्ति हेतु पानी टंकी का निर्माण करने आदि निदेश शामिल हैं।

**खास बातें :** अखिलेश्वर धाम में निर्मित दुकानों की नीलामी अगले 10 दिनों में किये जाने का निर्देश जिला खेल पदाधिकारी को दिया गया। बैठक में सर्वसम्मति से 15वें आयोग अनाबद्ध मद से कार्यान्वित दो योजनाओं कैरो प्रखण्ड के गाराडीह ग्राम में गाराडीह विद्यालय से कब्रिस्तान तक पीसीसी पथ और कुडू प्रखंड के उमरी ग्राम में पीसीसी पथ के विपत्रों को अनुमोदित किया गया। 15वें वित्त आयोग आबद्ध मद से कार्यान्वित योजना पेशरार प्रखंड में ग्राम पुतरार के स्कूल टोला में तालाब जीर्णोद्धार कार्य के विपत्र को अनुमोदित किया गया।

# विभिन्न कार्यालयों में महिलाओं के लिए ब्रेस्ट फीडिंग व चेंजिंग रूम का शुभारंभ

■ डीसी ने किया नवनिर्मित कमरों का निरीक्षण, आवश्यक सुविधाओं को उपलब्ध कराने का दिया निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**



ब्रेस्ट फीडिंग रूम व चेंजिंग रूम का शुभारंभ करते उपायुक्त व अन्य।

**गुमला।** केंद्र सरकार से सभी सरकारी कार्यालयों में महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम सह ब्रेस्ट फीडिंग रूम बनाने को लेकर निर्देश प्राप्त है। उक्त आदेश का पालन करते हुए मंगलवार को विश्व स्तनपान दिवस के अवसर पर गुमला जिले के मुख्य सरकारी कार्यालयों में महिलाओं के लिए ब्रेस्ट फीडिंग सह चेंजिंग रूम का शुभारंभ उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के हाथों किया गया। शुभारंभ के क्रम में उपायुक्त ने सर्वप्रथम समाहरणालय 2, प्रखंड सह अंचल कार्यालय सदर, एसडीओ कार्यालय सदर एवं सदर अस्पताल में ब्रेस्ट फीडिंग सह चेंजिंग रूम का शुभारंभ किया गया।

इस दौरान एसडीओ सदर, सिविल सर्जन , जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, कार्यपालक दंडाधिकारी, अंचल अधिकारी सदर सहित अन्य संबंधित वरीय पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे। उपायुक्त ने इस दौरान सभी नव निर्मित कमरों का निरीक्षण किया एवं आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता पर खासा ध्यान दिया। उन्होंने महिलाओं एवं छोटे शिशुओं से मुलाकात की एवं इस कार्यक्रम के दौरान मौजूद बच्चों को गिफ्ट के रूप में चॉकलेट्स एवं टेडी बियर देकर उनके चेहरे पर मुस्कान लाने का कार्य किया। उन्होंने अधिकारियों को उक्त कमरों के संचालन व्यवस्था को जारी रखने का निर्देश दिया।

स्पीड न्यूज

## जायंट्स सहेली ने किया पौधरोपण

**गढ़वा।** जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा सहेली के तत्वावधान में ग्रुप अध्यक्ष रितु जायसवाल की अध्यक्षता में चिनिया रोड नहर चौक के समीप ज्ञान निकेतन इंटरनेशनल स्कूल परिसर में पौधरोपण किया गया। इस दौरान फलदार, छायादार, औषधीय एवं शो प्लांट लगाए गए। मौके पर जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा की फाउंडर अध्यक्ष रश्मि कमलापुरी, पूर्व अध्यक्ष माला केशरी, लता गुप्ता एवं सुषमा केशरी ने कहा कि प्रदूषण को कम करने के लिए एवं ऑक्सीजन को बढ़ाने के लिए पेड़ पौधे लगाना अत्यंत आवश्यक है। साथ ही पेड़ पौधे अधिक मात्रा में होंगे तो पर्यावरण में भी सुधार होगा जिससे अच्छी बारिश होगी। सहेली सदस्यों ने सभी लोगों से कम से कम एक पौधा लगाने एवं उसकी देखभाल करने की अपील की।

## रक्तवीर संस्था ने किया उपायुक्त का स्वागत

**कोडरमा।** रक्तवीर सेवा संघ के संस्थापक राम बर्णवाल के नेतृत्व में संघ के सदस्यों ने मंगलवार को जिले के नए उपायुक्त मेघा भारद्वाज को उनके कार्यालय कक्ष में गुलदस्ता देकर स्वागत किया। मौके पर संघ के सदस्य दीपक रौशन, अमन कुमार, विनीत मोदी, पंकज यादव, शंकर साहू, शिवम सिंह, सनी कुमार आदि मौजूद थे।

## विवेकानंद कॉन्वेंट के निदेशक संसद के सत्र में हुए शामिल

**कोडरमा।** भारतीय लोकतंत्र के सबसे बड़े मंदिर संसद भवन के दोनों सदनों में चल रहे मानसून सत्र में विवेकानंद कॉन्वेंट स्कूल के निदेशक अनिल कुमार तिलैया के व्यवसायी मुकेश कुमार व प्रवीण कुमार सिन्हा के साथ शामिल हुए। वहीं अनिल कुमार ने बताया कि लोकसभा की कार्यवाही को दर्शक दीर्घा में बैठकर देखना काफी रोमांचक व अविस्मरणीय रहा। हालांकि हंगामे के कारण सत्र पूर्ण रूप से चल नही पा रही है। लोकसभा के कार्यवाही खत्म होने के बाद सांसद सह केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने अपने संसदीय क्षेत्र से पहुंचे सभी दर्शकों को अपने साथ लोकसभा, सेंट्रल हॉल, सविधान कक्ष के साथ साथ पूरे संसद भवन का भ्रमण करवाई।

## नहाने के दौरान डैम में डूबने से 15 वर्षीय बालक की मौत

**डोमचांच (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ब्लॉक के समीप स्थित कुपाय डैम में मंगलवार की सुबह अपने परिवार के साथ नहाने गए एक 15 वर्षीय किशोर की डैम में डूबने से मौत हो गई। वहीं मृतक की पहचान डोमचांच थाना क्षेत्र के महथाडीह निवासी आदित्य कुमार पिता स्व. अजय साव के रूप में की गई। घटना की खबर उसके गांव में फैल गई, जिसके बाद काफी संख्या में लोग घटनास्थल पर जुट गए। इधर घटना की सूचना पाकर डोमचांच थाना पुलिस घटनास्थल पर पंहुचकर स्थानीय तैराकों की मदद से बालक की छान-बीन में जुट गई एवं करीब 2 घण्टे के बाद बालक को पानी से निकाला गया। जिसके बाद परिजनों ने आनन-फानन में तत्काल उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बालक के परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार उनके परिवार में एक व्यक्ति का निधन हो गया था, जिसके बाद 21 दिन पूरा होने पर परिवार के सभी लोग कुपाय डैम नहाने गए थे।

## शहरी क्षेत्रों में जमीन खरीदना हुआ महंगा

**कोडरमा।** जिले में एक अगस्त से जमीन की रजिस्ट्री के शुल्क में 10 प्रतिशत वृद्धि होने जा रही है। इससे जमीन खरीदारों को इसके लिए पूर्व की रेट से लगभग 10 प्रतिशत अधिक कीमत चुकानी पड़ेगी। इस संबंध में निबंधन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार प्रति 2 साल के बाद जमीन के निबंधन शुल्क में वृद्धि की जाती रही है। विभाग के अवर निबंधक रामेश्वर प्रसाद सिंह ने बताया कि जिले के उपायुक्त सह रजिस्ट्रार की ओर से सरकार के निर्देशानुसार शहरी क्षेत्रों के जमीन की खरीदारी में 10 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। इसमें झुमरीतिलैया नगर परिषद के अलावा कोडरमा नगर पंचायत व डोमचांच नगर पंचायत अंतर्गत शहरी क्षेत्र के सभी वार्ड शामिल हैं।

### एएसपी ने सतडीहा में पाइप चोरी का किया खुलासा

# कमल केडिया के बेटे की फैक्ट्री से चोरी हुए पाइप को गलाकर खपाने की थी तैयारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** झुमरीतिलैया के सन्नमार्ग स्टील ( अंजनी सूत स्टील प्राइवेट लिमिटेड ) में बीते दिनों जयनगर के सतडीहा से सरकारी योजना की चोरी हुई पाइप को गलाने की तैयारी थी, मगर पुलिस को इसकी भनक लग गयी एवं पुलिस ने गझण्डी रोड स्थित अंजनी सूत स्टील प्राइवेट लिमिटेड से चोरी हुई पाइप को बरामद कर लिया। बताते चलें कि इस फैक्टरी के मालिक मशहूर व्यापारी कमल केडिया के बेटे अंकित केडिया हैं। इस संबंध में थाना काण्ड सं0 156/2023 का एएसपी प्रवीण पुस्कर ने मंगलवार को जयनगर थाना में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सतडीहा में पाइप की चोरी का उद्भेदन किया है। उन्होंने बताया कि वरीय पदाधिकारी के नेतृत्व में छापेमारी टीम गठित किया गया। गठित टीम के द्वारा सुचना संकलन एवं तकनिकी साक्ष्य के आधार पर छापेमारी कि गई, छापेमारी के दौरान अशरफ अंसारी पिता दाउद अंसारी मुर्गाबनी थाना गोविन्दपुर जिला धनबाद, 34 वर्षीय अशोक भुईयां पिता महेन्द्र भुईयां, 30 वर्षीय मधु भुईया पिता स्व लक्ष्मण भुईयां, 26 वर्षीय श्रवण कुमार पिता सरयु महतो, 55 वर्षीय शंकर भुईयां पिता स्व. कुलेश्वर भुईया चारों न्यु दिल्ली इन्दरावास धनसार जिला धनबाद को गिरफ्तार किया गया है एवं चोरी में उपयोग किये ट्रक संख्या एनएल0एसी/5055, यूपी64 एच /6633 एवं जेएच09 पी/ 6361 को भी जब्त किया है। दरअसल, सतडीहा जलापूर्ति योजना के तहत जलापूर्ति योजना की निर्माण एजेंसी ने सतडीहा पंचायत भवन के करीब पाइप स्टॉक किया था, मगर उक्त स्थल से पाइप की चोरी कर ली गयी। चोरी की घटना को लेकर जयनगर थाना में मामला दर्ज कराया गया था एवं एसपी कुमार गौरव के निर्देश पर टीम गठित कर मामले का अनुसंधान शुरू किया गया। चोरी की घटना को अंजाम देने वालों का सुराग मिलते ही टीम ने ठिकाने पर छापेमारी की और टीम को सफलता हांथ लगी एवं चोरी हुई पाइप को बरामद कर लिया गया। फिलहाल पुलिस ने पाइप लदे वाहन को जप्त कर जयनगर थाना ले गयी है। मौके पर थाना प्रभारी उमानाथ सिंह, एसआई सुनील पासवान, पंचम तिग्गा आदि पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

## हाइडल विस्थापित संघर्ष समिति ने डीवीसी प्रभारी को सौंपा ज्ञापन

**चंदवारा (कोडरमा)।** हाइडल विस्थापित संघर्ष समिति के अध्यक्ष सरजू वर्मा के नेतृत्व में दर्जनों लोग तिलैया डैम डीवीसी के प्रभारी एसएम कादरी के द्वारा मुख्य अभियंता केटीपीएस कोडरमा को कई मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन पत्र में कहा गया है कि तिलैया डैम विस्थापित के दुकानों जो प्रबंधन द्वारा ध्वस्त किया गया इनके दुकानों को पुनः स्थापित कर दुकान आवंटित किया जाए, डीवीसी मध्य विद्यालय एवं प्लस टू उच्च विद्यालय तिलैया डैम में शत प्रतिशत बच्चों के नामांकन के साथ छात्र शिक्षक अनुपात में शिक्षकों की व्यवस्था की जाए, डीवीसी द्वारा प्रदत पुनर्वासित भूमि का सीमांकन कर अवमित्व दिया जाए, साथ ही रिक्त पड़े भूमि को मौजा बड़की धमराय, छोटकी धमराय, तिलैया बस्ती, कांटी के रैयतों को वापस कर दिया जाए, विस्थापित एवं नजदीक गांवों के ग्रमीण को अपने वादानुसार मुक्त बिजली, स्वास्थ सेवा उपलब्ध कराई जाए एवं अन्य कई मांगे शामिल हैं। वहीं विस्थापित संघर्ष समिति के अध्यक्ष सरजू वर्मा ने कहा कि तिलैया बांध के निर्माण के समय विभिन्न गांवों की जमीन अधिगृहित कर बांध का निर्माण किया गया है, साथ ही डीवीसी प्रबंधन के द्वारा विस्थापितों को शिक्षा, स्वास्थ्य, नौकरी, बिजली, पेयजल एवं सिचाई निःशुल्क मुहैया कराने का वादा किया गया था।

## आइएनडीआइए का मणिपुर हिंसा के खिलाफ समाहरणालय में धरना

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** मणिपुर 3 महीने तक जलता रहा, मां-बेटियों की आबरू लुटती रही, लेकिन देश में सत्ता रूढ़ भाजपा खामोश रही। देश विदेश में घंटो भाषण देने वाले मणिपुर पर खामोश रहे। मन की बात करने वाले पीएम मोदी मणिपुर के बहनों की पीड़ा को समझ नही पाए। देश भर में मणिपुर हिंसा को लेकर आक्रोश है। उक्त बातें राजद नेता सुभाष यादव ने धरना को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि देश में तानाशाही रवैया नही चलेगा। भाजपा का इतिहास राम-रहीम के नाम पर लड़वाने की रही है, मणिपुर में डबल इंजन की सरकार में भी यही हुआ। मणिपुर में जातीय साम्प्रदायिक हिंसा हुई, मानवीय संवेदना मणिपुर के साथ है, लेकिन भाजपा ने जुबान नही खोली। पीएम ने 3 महीने बाद चुप्पी तोड़ी, लेकिन महज 39 सेकंड



बोलकर खामोश हो गए। देश की जनता को मणिपुर हिंसा का जबाब पीएम मोदी को देना ही होगा। संसद मंदिर है, लेकिन मंदिर में भी पीएम बोल नही रहे। इंडियन नेशनल डेवलेपमेंट इंक्लूसिव एलाइंस (इण्डिया) के बैनर तले राज्यव्यापी आह्वान पर मंगलवार को समाहरणालय के समक्ष विपक्षी दलों ने धरना दिया। इसके पूर्व इण्डिया गठबंधन के घटक दलों ने तिलैया से बाइक रैली निकाली, जबकि कॉलटेक्ट मोड़ से जुलूस निकाला गया।

## विश्व साइकिलिंग चैंपियनशिप के लिए शैलेंद्र पाठक स्कॉटलैंड रवाना

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** स्कॉटलैंड के ग्लासगो शहर में आयोजित विश्व साइकिलिंग चैंपियनशिप 2023 के लिए भारतीय टीम के दल प्रमुख शैलेंद्र पाठक तथा भारतीय साइकिलिंग महासंघ के उपाध्यक्ष विमल चौधरी दिल्ली से स्कॉटलैंड के लिए रवाना हुए। ज्ञात हो कि विश्व साइकिलिंग चैंपियनशिप का आयोजन 1 से 14 अगस्त तक स्कॉटलैंड के ग्लासगो शहर में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें पूरे विश्व की टीम भाग लेगी। इस चैंपियनशिप में रोड इवेंट, ट्रैक इवेंट, माउंटेन बाइक, बीएमएक्स के साथ ही पैरा साइकिलिंग की टीमें



स्कॉटलैंड के लिए रवाना होते शैलेंद्र पाठक।

भाग लेंगी। शैलेंद्र पाठक को डिप्टी चीफ डी मिशन (टीम) बनाए जाने की जानकारी साइकिलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव सरदार मनिंदर पाल सिंह ने झारखंड साइकिल संघ के अध्यक्ष डॉ मधुकांत पाठक को दी है। भारतीय टीम के डिप्टी चीफ डी मिशन के रूप में चयन होने पर शैलेंद्र पाठक को झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा कि गढ़वा के लोग हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहे हैं। खेलों में भी हमारे खिलाड़ी और खेल प्रशासक शानदार उपलब्धि हासिल कर जिला और राज्य का नाम रौशन कर रहे हैं। बधाई देने वालों में झारखंड साइकिलिंग संघ के अध्यक्ष डॉ मधुकांत पाठक, खेल निर्देशक डॉ. सरोजिनी लाकड़ा, डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स ऑफिसर उमेश लोहरा, झारखंड साइकिलिंग संघ के कोषाध्यक्ष रणवीर सिंह, गढ़वा जिला ओलंपिक संघ के महासचिव आलोक मिश्रा, संरक्षक अमृत शुक्लाा, अनिता दत्त, चंद्र बहादुर सिंह आदि का नाम शामिल है।

## आमजनों की समस्या से रूबरू हुई उपायुक्त, पदाधिकारियों को दिये निर्देश

**कोडरमा।** उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने जनता दरबार में आए फरियादियों की समस्याएं बारी-बारी से सुनीं एवं उसके निष्पादन हेतु संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया। जनता दरबार में झुमरीतिलैया के ताराटांड़ के रहने वाले अभिषेक कुमार ने समस्या से अवगत करते हुए बताया कि मेरा बच्चा गंभीर बीमारी से ग्रासित है, पैसे के अभाव में इलाज कराने में समस्या उत्पन्न हो रही है। उन्होंने सहायता राशि उपलब्ध कराने को लेकर न्याय की गुहार लगायी। इस मामले में उपायुक्त ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सिविल सर्जन को बच्चे के ईलाज हेतु मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी योजना का लाभ दिलाने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिये। वहीं बीरेंद्र प्रसाद ग्राम मसमोहना ने अपने आवेदन के माध्यम से उपायुक्त को बताया कि मेरे पास राशन कार्ड है, मगर जब राशन लेने जाता हूं तो बहुत कम राशन मिलता है। उक्त मामले में उपायुक्त जिला आपूर्ति पदाधिकारी और बीडीओ को स्थल भ्रमण करते हुए मामले की जांच करते हुए उचित कार्रवाई करने का निर्देश दी। वहीं लखीबागी निवासी मंजू देवी ने अपने जमीन मापी कराने को लेकर आवेदन दी। जिसपर उपायुक्त ने सीओ कोडरमा को अमीन की प्रतिनियुक्ति करते हुए जमीन की नापीं करने का निर्देश दिये। वहीं राहुल कुमार अपनी समस्या से अवगत कराते हुए बताया कि मेरे पिता के द्वारा मेरी पढ़ाई में अवरोध पहुंचाने एवं मानसिक व शारीरिक प्रताड़ित किया जाता है।

## आइएनडीआइए से जुड़े राजनीतिक दलों ने समाहरणालय के समक्ष दिया धरना

**गढ़वा।** मणिपुर में हो रही जाती जातीय हिंसा के विरोध में मंगलवार को आईएनडीआईए के घटक दलों के नेताओं ने समाहरणालय के समक्ष एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया। इसके पूर्व उक्त दलों के लोग गोविंद उच्च विद्यालय के मैदान से जुलूस की शक्ल में कचहरी रोड होते हुए नारा लगाते हुए समाहरणालय पहुंचे। जहां जुलूस धरना में तब्दील हो गई। धरना के पश्चात एक प्रतिनिधि मंडल ने राष्ट्रपति के नाम उपायुक्त को पांच सूत्री मांग पत्र सौंपा। मौके पर पर वक्ताओं ने कहा कि मणिपुर में विगत तीन माह से जातीय हिंसा जारी है। जिसे रोक पाने में केंद्र व राज्य सरकार नाकाम साबित हुई है। ऐसी राज्य सरकार को सत्ता में रहने का अधिकार नहीं है। मणिपुर की सरकार को तत्काल बर्खास्त किया जाना चाहिए। यदि जल्द जातीय हिंसा पर रोक नहीं लगाई जाती है तथा वहां शांति व्यवस्था कायम करने के लिए सख्त कदम नहीं उठाए जाते हैं तो आईएनडीआईए से जुड़े राजनीतिक दलों के लोग जोरदार आंदोलन करेंगे। यह आंदोलन पूरे देश में होगा। उन्होंने कहा कि मणिपुर हिंसा की आग में जल रहा है। फिर भी देश के प्रधानमंत्री, केंद्र सरकार मूकदर्शक बनी हुई है। मणिपुर में महिलाओं को नंगा कर छेड़छाड़ किया जाता है। मगर सरकार को इसकी भनक तक नहीं मिली। वीडियो वायरल होने के बाद सरकार को इसका पता चला।

## वन विभाग से अब शीघ्र मिलेगा अनापत्ति प्रमाणपत्र

### वाइल्ड लाइफ क्लियरेंस को लेकर राष्ट्रीय वन पर्षद को लिखा पत्र

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** सिमरिया के विधायक किशुन कुमार दास ने लावालौंग प्रखंड के दो सड़कों के निर्माण को लेकर विधानसभा में तारांकित प्रश्न के माध्यम से सरकार से जानना चाहा है कि आखिर लावालौंग से रिमी रामपुर और लावालौंग से भुसार तक सड़क निर्माण को लेकर वन विभाग के द्वारा अब तक अनापत्ति प्रमाण पत्र क्यों नहीं दिया गया है।इस बाबत सरकार ने जानकारी देते हुए बताया है कि वाइल्डलाइफ क्लीयरेंस को लेकर वन राष्ट्रीय वन परिषद को अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत करने की अनुशंसा की गई है। इसको लेकर जिला स्तरीय प्रयोक्ता अभिकरण, कार्यपालक अभियंता (ग्रामीण कार्य मामले,कार्य प्रमंडल, चतरा)के द्वारा भी शीघ्र प्रस्ताव अपलोड करने का निर्देश दिया गया है।गौरतलब है कि लावालौंग से रिमी रामपुर तकरीबन अठारह किलोमीटर और लावालौंग से भुसार करीब सात किलोमीटर तक सड़क निर्माण पिछले कई वर्षों से लंबित है।

इस मामले में विधायक किशुन कुमार दास ने झारखंड सरकार से शीघ्र कार्रवाई करते हुए अनापत्ति प्रमाणपत्र जारी करने की मांग की है। सरक निर्माण नहीं होने से लल्लन कुरुक्षेत्र के तक मचाले से 50000 आवादी को यातायात की समस्याओं से जीना पर है इस क्षेत्र के रहने वाले लोगों को बुनियादी विकास कार्य जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य,रोजगार जैसे मूलभूत सुविधाओं से वंचित होना पड़ रहा है।इससे इस क्षेत्र का समुचित विकास नहीं हो पा रहा है।बताया जाता है कि वन संरक्षण अधिनियम 1980 के तहत वन भूमि अपयोजन का प्रस्ताव लंबित है।सड़क निर्माण में सबसे बड़ा बाधक बना हुआ है।लेकिन सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास द्वारा विधान सभा में मामला उठाया जाने के बाद वन विभाग के साथ साथ राज्य सरकार हरकत में आया है और राज्य सरकार ने बताया है।

## धान लदा ट्रक लेकर फरार फर्जी ट्रांसपोर्टर अयाज हजारीबाग से गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



प्रेस कांफ्रेंस करते एसडीपीओ।

**गढ़वा।** गढ़वा से धान लदा ट्रक लेकर फरार फर्जी ट्रांसपोर्टर हजारीबाग जिला के केरेडारी निवासी अयाज मुजफ्फर हसनैन उर्फ राजा को गिरफ्तार कर लिया है। एसडीपीओ अवध कुमार यादव ने मंगलवार को गढ़वा थाना परिसर में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर उक्त बातें कही। एसडीपीओ ने बताया कि सदर थाना क्षेत्र के टंडवा निवासी कमलेश कुमार गुप्ता के साथ धान खरीद बिक्री का फर्जी करने वाला अयाज मुजफ्फर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। 27 जुलाई को सदर थाना के टंडवा निवासी सतीश प्रसाद गुप्ता के पुत्र कमलेश कुमार गुप्ता ने बताया कि नगर उंटारी के ट्रांसपोर्टर राजकुमार दास ने 19 जुलाई को एक ट्रक संख्या जेएच 02 एवी 6542 से धान लोड कर तुपुदाना रांची भेजा गया था। जो गंतव्य पर नहीं पहुंचा। उक्त ट्रक पर चार लाख, बासठ हजार रुपए का धान लोड था। चालक आफताब आलम धान सहित ट्रक लेकर फरार हो गया। इस संबंध में कांड संख्या 352, 23 के तहत ट्रांसपोर्टर राजू कुमार दास एवं ट्रक चालक के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई थी। एसपी अंजनी कुमार झा के आदेश पर कांड का उद्भेदन के लिए छापेमारी टीम का गठन किया गया। अनुसंधान के क्रम में ट्रक के मालिक का नाम सुनील यादव बताया गया। पूछताछ में सुनील ने बताया कि विगत 1 माह से उनकी ट्रक घर पर खड़ी है। उनकी ट्रक पर कोई भी धान वगैरह लोड नहीं हुआ है।

अनुसंधान के क्रम में पता चला कि जिस गाड़ी से अपराध किया गया है वह गाड़ी हजारीबाग जिला अंतर्गत केरेडारी निवासी अयाज मुजफ्फर हसनैन उर्फ राजा का है। ट्रक का चालक एवं मालिक द्वारा फर्जी नंबर लगाकर माल लोड कराया है। अयाज पूर्व में भी इस प्रकार के कांड में संलिप्त रहा है। अयाज को हजारीबाग जिला के केरेडारी थाना क्षेत्र के हेवाई से गिरफ्तार कर लिया गया। अयाज ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार करते हुए बताया कि वह पूर्व से ही इस तरह का कांड करते रहा है। आसानी से पैसा कमाने के लिए अपने चालक के माध्यम से रेणुकूट उत्तर प्रदेश से लौटते वक्त ट्रांसपोर्ट राजू कुमार दास से संपर्क कर गलत नंबर लगाकर धान लोड किया। ट्रांसपोर्टर ने जो गाड़ी का आरसी और अन्य दस्तावेज की मांग किया तो फर्जी आरसी एवं पैन कार्ड ट्रांसपोर्टर को उपलब्ध कराया गया। उसके बाद आसानी से गाड़ी में माल लोड हो गया। धान को दो लाख 20 हजार रुपए में केरेडारी के व्यापारी के माध्यम से बेच दिया। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## एक नजर में

### वन कर्मियों के निलंबन के विरोध में वन सेवा संघ का धरना

**चतरा।** झारखंड राज्य अवर वन सेवा संघ के तत्वावधान में वन कर्मियों ने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन वन कर्मियों के निलंबन के विरोध में किया गया। वन प्रमंडल कार्यालय परिसर में इस धरना प्रदर्शन के माध्यम से वन कर्मियों ने डीएफओ राजीव कुमार मीना से कर्मियों का निलंबन वापस लेने की मांग की। उन्होंने कहा कि अगर निलंबन वापस नहीं लिया गया तो अनिश्चितकालीन अनशन प्रारंभ किया जायेगा। बताते चलें कि प्रतापपुर वन प्रमंडल क्षेत्र में जंगल से जलावन की सूखी लकड़ी लाने के क्रम में वृद्ध व्यक्ति को उठक बैठक कराने का वीडियो वायरल हुआ था। जिसके बाद मुख्यमंत्री के द्वारा संज्ञान लिया गया। इसी निर्देश के आलोक में तथा डीसी अबू इमरान के निर्देश के बाद उक्त तीनों वन कर्मियों को निलंबित कर दिया गया था। वन कर्मियों का कहना था की तीनों वन कर्मी निर्दोष हैं और उन्हें फंसाया गया है।

### शिविर में लोगों की हुई निःशुल्क स्वास्थ्य जांच

**टंडवा ।** सीसीएल आम्रपाली-चन्द्रगुप्त क्षेत्र के महाप्रबंधक अमरेश कुमार सिंह के निदेर्शानुसार मंगलवार को आम्रपाली-चन्द्रगुप्त क्षेत्र के प्रभावित विस्थापित गाँव बिंगलात के प्राथमिक विद्यालय में सीसीएल सीएसआर के तहत स्वास्थ जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 133 ग्रामीणो का स्वास्थ जांच कर निशुल्क दवाइयो का वितरण किया गया। इस शिविर में ज्यादातर महिलाओं नें अपना स्वास्थ का जांच कराया ।महिलाओ के लिए यह शिविर उनके गाँव में होने के कारण उनके लिए बहुत ही सुगम था । ज्यादातर महिलाओ में एनीमिया यानि खून की कमी पाया गया जिसके लिए उनको दवाई दिया गया कबीपी के मरीजों को यह सलाह दिया गया की वह आम्रपाली परियोजना स्थ्ति होनहे डिस्पेन्सरी में आकार नियमित रूप से अपना चेकअप करा कर दवाई ले सकते हैं। यह स्वास्थ्य जांच शिविर क्षेत्रीय चिकित्सा पदाधिकारी डॉ नीरज सिंह के द्वारा लगाया गया साथ में उनकी टीम के सदस्य फर्मासिस्ट रत्नेश शर्मा, मानिंदर सिंह, अजय, घनश्याम में सहयोग किया।

### लावालौंग टेन प्लस टू विद्यालय भवन का होगा कायाकल्प

**चतरा।** लावालौंग टेन प्लस टू उच्च विद्यालय भवन का कायाकल्प होगा। सिमरिया के विधायक किशुन कुमार दास ने झारखंड विधानसभा में शून्यकाल के दौरान राज्य सरकार से पूछा कि आखिर क्यों और किस स्थिति में तकरीबन 10 वर्ष पूर्व ही भवन निर्माण का कार्य शुरू हुआ था लेकिन आज तक यह अधूरा ही है।इसका खामियाजा लावालौंग प्रखंड के छात्र छात्राओं को करना पड़ रहा है।छात्र -छात्राओं को करीब दस से बारह किलोमीटर तक पैदल चलकर स्कूल पहुंचते हैं। जिससे पठन पाठन प्रभावित हो रहा है।स्कूल भवन नहीं होने के कारण छात्राओं का पढ़ाई मुश्किल हो गया है।सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास ने झारखंड विधानसभा में यह मामला उठाते हुए राज्य सरकार से मांग किया है कि विद्यालय भवन निर्माण मामले का विभागीय जांच कराया जाए और समुचित जांच के बाद विद्यालय भवन का एक बार फिर से निर्माण हो सकेगा। विद्यालय भवन बन जाने से लावालौंग प्रखंड के छात्र छात्राओं को पठन पाठन की सुविधा उपलब्ध हो सकेगा।

### जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने जनता दरबार के माध्यम से सुनी आमजनों की समस्याएं

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान के निदेर्शानुसार कार्यपालक दंडाधिकारी सह विधि शाखा प्रभारी विपिन कुमार दुबे एवं जिला आपूर्ति पदाधिकारी सलमान जफर खिजरी द्वारा जनता दरबार के माध्यम से समस्याओं को लेकर मिलने आए आमजनों की समस्याएं सुनी गई। उक्त जनता दरबार में मुख्य रूप से भूमि विवाद, पेय जलापूर्ति से संबंधित, कोविड महामारी के समय कार्य करने वाले कर्मियों का मानदेय, शिक्षा विभाग से संबंधित मामले समेत अन्य मामले शामिल थे। ज्ञात हो कि सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार और शनिवार को पूर्वाह्न 11:30 बजे से 01:00 बजे अपराह्न तक समाहरणालय में उपायुक्त द्वारा जनता दरबार के माध्यम से आम जनों की समस्याएं सुन उनका निराकरण किया जाता है।

### महाकाल फर्नीचर दुकान का हुआ उद्घाटन

**कान्हाचट्टी।** कान्हाचट्टी बाईपास रोड़ स्थित महाकाल फर्नीचर दूकान का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि ज़िप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने पूजा अर्चना के तत्पश्चात फीता काट कर किया। दुकान के प्रोपराइटर संदीप कुमार राणा ने कहा कि ग्राहकों को उचित व किफायती दर पर फर्नीचर व अन्य घरेलू उपस्कर यहां उपलब्ध है।मौके पर उपप्रमुख सुमन सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष सतीश सिंह, निर्मल साव ,सिकन्दर सिंह, ओमप्रकाश राणा, डाक्टर रामचन्द्र सिंह,प्रमोद राणा,बादल राणा आदि उपस्थित थे।

### ओवैसी के पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष बने मो तबरेज खान

**चतरा।** जिले के प्रतापपुर की असदुद्दीन ओवैसी के पार्टी ऑल इण्डिया मजलिसे इत्तेहादुल मुस्लिमीन का कोर कमेटी का मीटिंग बिशुनपुर प्रतापपुर में की गईं। जिसमे प्रतापुर प्रखण्ड में भारी संख्या में पार्टी की सदस्यता लिया। जिसमे सर्वसमति से मोहमद तबरेज खान को ऑल इंडिया मजलिसे इत्तेहादुल मुस्लिमीन के प्रखण्ड अध्यक्ष और हंटरगंज प्रखण्ड प्रभारी बनाया गया। मो तबरेज खान ने बताया कि पार्टी में मुझे विश्वास के साथ प्रतापुर प्रखण्ड के अध्यक्ष बनाया है मैं पूरे ईमानदारी के साथ पूरे प्रखण्ड में पार्टी का मजबूत करूंगा। कोर कमेटी के सदस्य मो शाहनवाज ने बताया कि इस बार चतरा लोकसभा और विधानसभा इलेक्शन ऑल इंडिया मजलिसे इत्तेहादुल मुस्लिमीन लड़ेगी । वही असदुद्दीन ओवैसी के पार्टी का इलेक्शन का घोषणा करने के बाद चतरा में इलेक्शन त्रिकोणीय बन सकता है।जिसमे मीटिंग चतरा जिले के पर्व अध्यक्ष मो मनावर अंसारी, मो हसन, मो तौकीर, मो अकबर, मो शाहनवाज आदि मौजूद थे।

### श्रद्धालुओं का जत्था वैष्णो देवी के दर्शन के लिए रवाना

**इटखोरी।** इटखोरी से प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मंगलवार को 38 श्रद्धालुओं का जत्था वैष्णव देवी यात्रा के लिए रवाना हुआ है। जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने अंग वस्त्र देकर मां भद्रकाली मंदिर में रवाना किया। इस यात्रा में 38 श्रद्धालु भिन्न-भिन्न धार्मिक स्थलों का दौरा कर 12 अगस्त को इटखोरी वापस लौटेंगे। इस जत्था में विवेक पांडेय, प्रकाश नारायण सिंह, विकास कुमार, अंकज सिंह, प्रिंस सिंह, शशि राणा, उदय केशरी, संतोष केशरी समेत अन्य शामिल हैं।

### भवनाथपुर पंसस ने की सीएचसी प्रभारी की पदस्थापना की मांग

**भवनाथपुर।** पंचायत समिति सदस्य चन्दन कुमार ठाकुर ने झारखण्ड के मुख्य सचिव को पत्र लिखकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर में स्थायी चिकित्सा पदाधिकारी के पदस्थापन कराने की मांग की है। पत्र में पंचायत समिति सदस्य ने लिखा है कि लगभग पांच वर्ष से दूसरे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थापित चिकित्सक को प्रभार देकर किसी तरह तीन प्रखण्ड केतार, खरोंधी, भवनाथपुर प्रखण्ड के जनता के इलाज के लिए एक मात्र भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का संचालन कराया जा रहा था। 31 जुलाई 2023 को हुए पदस्थापन एवं स्थानांतरण में भी भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को उपेक्षित किया गया है। पंचायत समिति सदस्य चन्दन ने तीनों प्रखण्ड के लाखों जनता के स्वास्थ सुविधा को देखते हुए सामुदायिक स्वास्थ केंद्र भवनाथपुर में स्थाई प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति जल्द करवाने की मांग की है।

### नीलामी प्रक्रिया को जांच कर रद करने की मांग

**भवनाथपुर।** राजकीय मध्य विद्यालय अरसली उतरी के जर्जर भवन की नीलामी प्रक्रिया पर स्कूल के प्रधानाचार्य की मिलीभगत करने को लेकर पंचायत के मुखिया इसरत जहां, पंचायत समिति सदस्य अनिता देवी व वार्ड सदस्य मनोज बैठा ने कड़ी आपत्ति जताते हुए बीडीओ व बीईओ को पत्र लिखकर नीलामी प्रक्रिया को जांच कर रद करने की मांग किया है। दिए आवेदन में मुखिया ने कहा है कि विद्यालय के प्राचार्य, प्रबंधन समिति व छह ग्रामीणो के लोग एक बन्द कमरे बैठकर गुपचुप तरीके से बिना मुखिया या किसी जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में मंगलवार को नीलामी प्रक्रिया किया गया है।

## स्पीड न्यूज

### हाइवा ओनर एसोसिएशन की बैठक संपन्न

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित मंत्री ढाबा में हाईवा ऑनर एसोसिएशन बालूमाथ कमिटी की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए एशोसिएशन अध्यक्ष राजेंद्र साहू ने कहा कि तुबैद कोल माइंस से कुसमाही कोल साइडिंग तक चल रहे ट्रांसपोर्टिंग कार्य में स्थानीय वाहन को प्राथमिकता देना है एवं उचित भाड़ा निर्धारित करने के लिए अंबे माइनिंग कंपनी के साथ हाईवा ऑनर एसोसिएशन की बैठक आगामी 6 अगस्त को बालूमाथ के होटल कजरिया में रखी जाएगी। जिसको लेकर कंपनी के पदाधिकारियों को अवगत कराया गया है। कम्पनी के पदाधिकारी अगर आगामी 6 अगस्त की बैठक में भाग नहीं लेते है या भाड़ा निर्धारण कर हाईवा मालिकों से वार्ता नहीं करते हैं तो हाईवा ओनर एसोसिएशन द्वारा बैठक कर आगामी 10 अगस्त से बंदी करने की रूपरेखा तैयार की जाएगी। मौके पर शाहनवाज आलम, देवपाल प्रसाद, आफताब आलम, मो. इमरान अफरोज आलम, मो. दानिश, दिनेश कुमार, विकास कुमार, राकेश कुमार, बबलू यादव, पंकज सिंह, ललन सिंह, मुनव्वर हुसैन, उदय कुमार, मो. एहसान सहित कई लोग उपस्थित थे।

### सड़क दुर्घटना में कांग्रेस नेता का पुत्र घायल

**चंदवा।** एनएच-22 रांची-चतरा मुख्य मार्ग पर स्थित चंदवा शहर के थाना टोली के समीप बीती रात्रि ऑटो के बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष सह राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि के पुत्र मो अबरार व एक अन्य युवक गम्भीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगो की मदद से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा लाया गया जहां उसका प्राथमिक उपचार किया गया। जानकारी के अनुसार मो. अबरार सुभाष चौक से इंदिरा चौक किसी काम से आ रहे थे, इसी क्रम में एक व्यक्ति ने उनसे इंदिरा चौक आने के लिए लिफ्ट लिया उसे लेकर वह आ रहा था। इसी क्रम में थाना टोली के पास बाइक रोक कर लिफ्ट लिए व्यक्ति को उतार रहा था कि पीछे से आ रही ऑटो बाइक को चपेट में लिए व कुछ दूर तक घसीट कर ले गया।

### श्रम विभाग व जन साहस संस्था के प्रयास से गांव पहुंचा प्रवासी मजदूर प्रदीप सिंह का शव

**लातेहार।** श्रम विभाग व जनसाहस संस्था सार्थक प्रयास से प्रवासी मजदूर प्रदीप सिंह (32 वर्ष) (लेधपा लातेहार ) का पार्थिव शरीर गांव लाया गया। प्रदीप सिंह के शव के गांव पहुंचते ही गांव का माहौल गमगीन हो गया व परिजनों के हृदय विदारक कन्द्रन से लोग मार्मिक हो गए। गांव पहुंचने के बाद शव को विधिवत अंतिम संस्कार किया गया। बता दें कि प्रदीप सिंह लातेहार सदर प्रखण्ड के लेधपा ग्राम का निवासी था। बताते चले कि काम की तलाश में वह 22 जुलाई 2023 को घर से चेन्नई निकला था। वहीं 24 जुलाई को चेन्नई पार्क स्टेशन में ट्रेन चढ़ने के दौरान दुर्घटना हो गई और उसकी मौत हो गई। जिसका मृत शरीर को घर वापस घर लाने के लिये पारिजनो ने जिला प्रशासन से मदद की गुहार लगायी थी। जिसके बाद श्रम विभाग और जनसाहस की टीम ने चेन्नई में संपर्क स्थापित कर मृतक प्रदीप सिंह के पार्थिव शरीर को 29 जुलाई को विमान के द्वारा झारखंड लाया गया, जिसके बाद शव को गांव लाया गया और रविवार 30 जुलाई को दाह संस्कार किया गया।

### दिव्यांग बच्चों को दिये गये ईयरपोर्ट, फुटपेड व ट्राई साइकिल

**चंदवा।** प्रखंड के मध्य विद्यालय चंदवा प्रशाल कक्ष में समग्र शिक्षा अभियान लातेहार के द्वारा दिव्यांग बच्चों के बीच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि बीडीओ सह सीओ विजय कुमार, जिला दिव्यांग प्रभारी मनोज कुमार मिश्र, प्रखण्ड उप प्रमुख अश्वनी मिश्रा व अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इसके उपरांत एलिम्को कंपनी के द्वारा दिव्यांग बच्चों के बीच ईयरपोर्ट, फुटपेड, ट्राई साइकिल का वितरण किया गया। इस दौरान 6 बच्चो को ट्राइसाइकिल, 5 बच्चो को फूटपेड व 4 बच्चो को ईयरपोर्ट वितरण किया गया। इस मौके पर अतिथियों ने कहा कि दिव्यांग बच्चो को उक्त सामग्री मिलने से उनके जीवन मे काफी सहूलियत होगी। मौके पर समाज सेवी रवि डे, मजदूर संघ के अध्यक्ष सतेंद्र यादव, प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी सुबोध कुमार सोनी, प्रखण्ड साधन सेवी प्रतीक कुमार सिन्हा, डीडीओ केदार नाथ महतो समेत कई अन्य लोग मौजूद थे।

मणिपुर में महिलाओं के साथ अमानवीय व्यवहार के विरोध में आइएनडीआइए ने निकाली आक्रोश रैली

# मणिपुर जातीय हिंसा की आग में जल रहा है मोदी सरकार मूक दर्शक बनी हुई है : शाहदेव

हिंसा के कारण सैकड़ों लोगों को गवानी पड़ी अपनी जान : मुनेश्वर

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** इंडियान नेशनल डेवलपमेंट इंक्लूसिव एलाइंस (इंडिया गठबंधन) दल झामुमो, कांग्रेस, राजद, माकपा जदयू ने मणिपुर में आदिवासी महिलाओं को निर्वस्त्र कर अमानवीय व्यवहार करने के विरोध में मंगलवार को माको डाक बंगला से मुख्य शहर होते हुए समाहरणालय गेट तक आक्रोशपूर्ण रैली प्रदर्शन किया। रैली में शामिल लोगों ने मणिपुर सरकार को बर्खास्त करो, आदिवासी महिलाओं का शोषन अत्याचार बंद करो, हिंसा पर रोक लगाओ, मोदी सरकार होश में आओ जैसे नारे लगा रहे थे। रैली का नेतृत्व झामुमो जिला अध्यक्ष लाल मोतीनाथ शाहदेव, कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुनेश्वर उरांव, राजद जिलाध्यक्ष राम प्रवेश यादव, जदयू के जिलाध्यक्ष निजामुद्दीन कोरैशी, सीपीएम के वरिष्ठ नेता अयुब खान संयुक्त रूप से कर रहे थे।



आक्रोशपूर्ण रैली निकालते गठबंधन के लोग।

**मणिपुर राज्य विगत तीन मई से जातीय हिंसा की आग में जल रहा है, बावजूद मोदी सरकार मुक दर्शक बनी हुई है: लाल मोती नाथ शाहदेव :** वहीं समारणालय गेट पर पहुंचकर प्रदर्शन सभा में तब्दील हो गया। सभा की अध्यक्षता जेएमएम जिलाध्यक्ष लाल मोतीनाथ शाहदेव एवं संचालन कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुनेश्वर उरांव ने किया। आयोजित सभा को संबोधित करते हुए झामुमो जिलाध्यक्ष लाल मोतीनाथ शाहदेव ने कहा कि मणिपुर राज्य विगत तीन मई से जातीय हिंसा की आग में जल रहा है, बावजूद हमारे देश के भाजपा नेतृत्व वाली प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार मुक दर्शक बनी हुई है ।

**हिंसा के कारण सैंकड़ों लोगों को गवानी पड़ी अपनी जानः मुनेश्वर उरांव :** कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुनेश्वर उरांव ने कहा कि मणिपुर में भीड़ द्वारा महिलाओं को निर्वस्त्र कर उनके साथ अमानवीय व्यवहार किया गया। निर्वस्त्र कर विडियो वायरल होने के बाद पुरा देश नहीं विश्व शर्मशार हुआ है। यह अत्यंत ही चिंता का विषय है कि इस हिंसा के कारण सैंकड़ों आम नागरिकों को अपनी जान गंवानी पड़ी एवं हजारों की संख्या में लोग राहत शिविरों में रहने को मजबूर हैं।

**दो माह से हिंसा चल रहा है रोकने की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है: रामप्रवेश यादव :** राजद जिलाध्यक्ष रामप्रवेश यादव ने कहा कि मणिपुर में दो माह से अधिक समय से हिंसा से चल रहा है इसके बावजूद भी केंद्र की मोदी सरकार द्वारा संसद में मणिपुर की घटना पर कोई चर्चा नहीं की जा रही है और न ही हिंसा को रोकने की दिशा में कोई ठोस कदम ही उठाया जा रहा है।

### महिलाओं पर अत्याचार चरम पर है, देश ही नहीं विदेशों में भी भारत की बदनामी हो रही है : अयुब

माकपा के वरिष्ठ नेता अयुब खान ने कहा कि आज मणिपुर में भाजपा शासन में महिलाओं पर अत्याचार चरम पर है देश ही नहीं विदेशों में भी भारत की बदनामी हो रही है। इसके अलावा जदयू के जिलाध्यक्ष निजामुद्दीन कोरेशी ने कहा कि मणिपुर की हिंसा भाजपा की नफरत की राजनीति जिम्मेदार है। अंत में इंडिया गठबंधन दल के एक शिष्टमंडल ने उपायुक्त हिमांशु मोहन से मिलकर महामहिम राष्ट्रपति महोदया के पदनाम ज्ञापन उन्हें सौंपा, मणिपुर राज्य में जारी जातीय हिंसा को रोकने में नाकाम मणिपुर सरकार को अविलंब बर्खास्त करने, मणिपुर राज्य में अविलंब शांति एवं कानून व्यवस्था बहाल करने, राहत शिविरों में रह रहे नागरिकों के पुनर्वास की गारंटी सुनिश्चित करने, जातीय हिंसा के शिकार आम नागरिकों को न्याय दिलाने की दिशा में अविलंब आवश्यक कानुनी कार्रवाई करने, राज्य में दुष्कर्म के पिड़िता एवं हिंसा की शिकार आदिवासी महिलाओं को न्याय दिलाने के लिए आवश्यक कानुनी कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की गई है।

### रैली-प्रदर्शन में ये लोग रहे मौजूद

रैली प्रदर्शन में झामुमो के दीपू कुमार सिन्हा, समशुल होदा, अरूण कुमार दुबे, मानिक गंझु, पॉल एक्का, गोपाल सिंह, निर्मला उरांव, सुनैना कुमारी, ममता सिंह, रेखा देवी, सुरेश उरांव, मो0 इमरान, उपेन्द्र यादव, अरविंद यादव, ईश्वर उरांव, विजय उरांव, रामबृछ गंझु, अंकित पांडेय, संदीप उरांव, राजेंद्र गंझु, सीतमोहन मुंडा, सुरेश गंझु, मो0 इजहार, बबलू राही, रंजीत उरांव, मनोज चौधरी, असगर अली, सुमन सुनील सोरेंग, बिपिन तिवारी, मो0 अफजल, शशिभूषण तिवारी, महबूब आलम, आरती देवी, मो0 मुस्तकीम, अनिता मिंज, तौकीर मियां, हेरहंज जिप सदस्य चंचला देवी, गारु जिप सदस्य जीरा देवी, बुद्धेश्वर उरांव, लातेहार जिप सदस्य बिनोद उरांव, कांग्रेस के पंकज तिवारी, आफताब आलम, शंभु यादव, बाबर खान, सुरेंद्र पासवान, सुरेंद्र उरांव, अमित यादव, सलाम अंसारी, अनिता देवी, महेंद्र उरांव, राजद के लक्ष्मन यादव, हरि शंकर प्रसाद यादव, रंजीत यादव, अजीत श्रीवास्तव समेत सैंकड़ों की संख्या में इंडिया गठबंधन दल के नेता कार्यकर्ता समर्थक शामिल हुए।

## हाथियों का उत्पात जारी, कई घरों को तोड़ा

फसलों को भी किया नष्ट

खबर मन्त्र संवाददाता

**बारियातू।** थाना क्षेत्र मे इन दिनों हाथियों की उत्पात लगातार जारी है। बीते सोमवार रात्रि अमरवाडीह पंचायत के बड़काबोन टोला में हाथियों की झुंड ने उत्पाद मचाते हुए बहादुर गंझु पिता चेतलात गंझु, हीरा गंझु पिता बनोधी गंझु व रामदेव गंझु पिता गोलू गंझु के घर को क्षतिग्रस्त कर घर में रखे अनाज सहित कई घरेलू सामान के अलावा लगे खेती को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। तीनों भुक्तभोगियों का लगभग दो लाख रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है। पीड़ित मजदूरों ने बताया की सोमवार के मध्य रात्रि हाथियों का झुंड अचानक आ धमका और घर को तोड़फोड़ करने लगा, आवाज सुनकर हम सभी परिवार की नींद खुली तो हाथी द्वारा घर ध्वस्त किया जा रहा था।

किस प्रकार हमसभी ने परिवार घर से निकल कर जान बचाया और गांव वालों को जगाया तब तक हाथी ने हम तीनों के घर को क्षतिग्रस्त कर घर में रखे अनाज व पास में लगे मक्का के फसल को रौंद कर बर्बाद कर दिया।



क्षतिग्रस्त घर का जायजा लेते पंचायत प्रतिनिधि व वन कर्मी।

मंगलवार सुबह घटना की सुचना स्थानीय मुखिया सुशिला देवी व प्रमुख उर्मिला देवी को दिया गया। सुचना पाते ही मुखिया व प्रमुख वन कर्मी संतोष उरांव, समाजसेवी महेंद्र गंझु, महेंद्र उरांव, प्रभु गंझु, नन्दु उरांव, प्रदीप गंझु सहित कई लोग पहुंचे और तीनों घर व फसल का जायजा लिया। और वन विभाग अधिनियम के तहत मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। ज्ञात हो की बालूमाथ बारियातू व हेरहंज प्रखंड क्षेत्र मे बीते पांच वर्षों से हाथियों की उत्पात जारी है। खेती की मौसम मे कई किसानों का फसल नष्ट कर दिया जाता है। वहीं अबतक कई लोगों को भी हाथियों ने कुचल कर मार डाला है। गरीब अशिक्षित व्यक्ति को मुआबजा लेने के लिए चक्कर लगाना पड़ता है। ग्रामीणों ने उचित मुआवजा दिलाने के साथ वन विभाग से अविलम्ब हाथियों की झुंड को हटाने की मांग की है।

## घर में लगी आग, बाल-बाल बचा परिवार

खबर मन्त्र संवाददाता

**बारियातू।** प्रखंड के नचना गांव तीन मुहान के समीप बंसी भुईयां के घर में बिते सोमवार के रात लगभग नौ बजे आग लग गई। घर मे रह रहे 6 परिवार बाल-बाल बच गये। बंसी भुईयां के पत्नी रुकमनी देवी ने बताई की मैं भूमिहिन मजदूर हूँ। परिवार के भरण पोषण के लिए मेरे पति चेन्नई मे मजदूरी करने गए हैं। मैं काम करके घर आई और खाना खाकर सो गए। घर मे बिजली कनेक्शन नहीं है। सांप बिच्छू के भय से मोमबत्ती जलाकर अपने पांच बच्चों अजय भुइयाँ, पंकज भुइयाँ, विजय, विनीता व रानी के साथ सो रहे थे की अचानक आग लग गई। आग की लपेटे मेरे बेटे पर गिरने लगा तो चिल्लाते हुए बाहर निकले। अपने सूझबूझ से किसी तरह सभी परिवार का जान बचा पाए अन्यथा बड़ी अनहोनी हो सकता था। आग लगे देखकर आस पड़ोस के लोग आकर आग बुझाए। घर में आग लगने से अनाज सहित अन्य सामान भी जल कर राख हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुर्व मुखिया प्रमोद उरांव एवं अंचल निरीक्षक अनिल होरो ने पीड़ित परिवार के घर पहुंचकर जायजा लिया। वहीं हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। ज्ञात हो की घर की लम्बाई चौड़ाई मात्र आठ से दस फिट व टिन का दरवाजा लगा और छत मे टूटे फुटे खपड़ा मे टेंट लगा हुआ था। एक छोटा कमरा मे छः परिवार गुजर बसर कर रहे हैं। आवास योजना का लाभ नहीं मिला है। पूर्व मुखिया ने बताया की पूर्व मे अम्बेडकर आवास योजना का लाभ दिलाने के लिए प्रखंड प्रशासन को आग्रह किया गया था लेकिन योजना का लाभ नहीं मिला। जिससे छोटा मिट्टी खपरैल के रूम मे छह परिवार रहने को विवश हैं।



जानकारी लेते सीआइ व पूर्व मुखिया।

## बाबाधाम के लिए कांवरियों का जत्था हुआ रवाना



रवाना होते कांवरिया।

**बेतला।** विश्व प्रसिद्ध बाबा नगरी देवघर में पूरे सावन मास में प्रतिवर्ष लाखों श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ पर जल चढ़ाकर आशीर्वाद ग्रहण करते हैं। वहीं बरवाडीह प्रखंड के कुटमु एवं सरईडीह मंदिर में पूजा अर्चना कर श्रद्धालु रामजी यादव, अजय सिंह, आशीष प्रसाद, विनोद सोनी, डॉ अमरेश विश्वकर्मा, प्रमोद यादव,महेंद्र सिंह,गुड्डू सिंह, समेत दर्जनों लोगों ने मंगलवार को देवघर के लिए रवाना हुए। इस दौरान शिव भक्तों ने कहा कि पूरे झारखंड प्रदेश में सुख,चैन, अमन, शांति, एवं पर्याप्त बारिश हो, यही मनोकामना लिए भगवान भोलेनाथ से प्रार्थना करूंगा, ताकि पूरे प्रदेश खुशहाल रहे।

## कार्तिक उरांव पुस्तकालय भवन में बैठक का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय स्थित कार्तिक उरांव पुस्तकालय भवन में एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता युवा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष ओमप्रकाश यादव ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव आफताब आलम शामिल हुए। वहीं छात्रों ने पुस्तकालय भवन की समस्याओं से अवगत कराते हुए युवा कांग्रेस महासचिव को बताया कि पुस्तकालय भवन में कुछ किताबों की कमी है,शौचालय भी नहीं है और पानी पिने का भी व्यवस्था नहीं होने से हम लोगों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। सभी समस्याओं को सुनने के बाद अफताब आलम ने कहा की एक सप्ताह के अंदर किताब उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि जल्द ही कृषि मंत्री बादल पत्रलेख एवं क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह से मिलकर इस विषय में बात करेंगे। और आप सभी को समस्याओं से निजात दिलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि संदीप पासवान सरकारी शिक्षक होते हुए भी इस पुस्तकालय भवन में शिक्षा दे रहे हैं। बच्चों को फ्री में शिक्षा देना अपने आप में बहुत ही सराहनीय कार्य कर रहे हैं। वहीं शिक्षक संदीप पासवान ने बताया कि यहां सौ से ज्यादा बच्चों का नामांकन किया गया है। यहां से सचिव के परीक्षा में 4 छात्रों ने सफलता हासिल किया है। मौके पर युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष अमित यादव,युवा कांग्रेस मनिका विधानसभा अध्यक्ष मिथिलेश पासवान, युवा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष ओम प्रकाश यादव, इमरान अंसारी ,टिंकू बाबू ,विशाल पासवान, बिजेंद्र , अख़्तर अंसारी, समेत कई लोग उपस्थित थे।



उपस्थित लोग।

## विद्यालयों में शिक्षकों की चल रही है मनमानी

जब मर्जी तब विद्यालय कर देते हैं बंद, मध्याह्न भोजन भी नहीं दिया जाता है रूटीन के अनुसार



जानकारी देते छात्र

खबर मन्त्र संवाददाता

**मनिका।** मनिका प्रखंड क्षेत्र के कई गांव के सरकारी विद्यालयों में इन दिनों शिक्षक अपने मनमानी तरीके से विद्यालय का संचालन कर रहे हैं शिक्षकों को जब मर्जी होता है तब विद्यालय बंद कर देते हैं जिससे कि विद्यालय में पढ़ने वाले विद्यार्थियों का शिक्षा पर काफी प्रभाव पड़ रहा है स्थिति ऐसी है कि विद्यालय में पढ़ने वाले चौथी क्लास के बच्चे अपने स्कूल या अपने शिक्षक का नाम भी नहीं बता पाते हैं। बात यही नहीं रुकती विद्यार्थियों को मध्याह्न भोजन के लिए सरकार द्वारा दिए जा रहे खाने में भी शिक्षक कटौती करने से बाज नहीं आ रहे हैं। बताते चलें कि दिन मंगलवार को प्रखंड क्षेत्र के बरवईया पंचायत स्थित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय बखारटोला समय से एक घंटा पहले ही बंद कर दिया गया था इस विषय पर जब विद्यालय में पढ़ने वाले विद्यार्थियों एवं आसपास रहने वाले ग्रामीणों से बात की गई तो उन्होंने बताया कि शिक्षक प्रसंगिध कुमार किसी काम के चलते विद्यालय समय से पहले ही बंद करके चले गए हैं। वहीं विद्यालय में पढ़ने वाले चौथी क्लास के छात्र आकाश कुमार और रंजीत कुमार से विद्यालय का नाम एवं शिक्षक का नाम पूछा गया तो दोनों ही छात्र बताने से असमर्थ दिख रहे थे जिससे साफ पता चलता है कि विद्यालय में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को सही शिक्षा नहीं मिल पा रही है। वहीं से लगभग 1 किलोमीटर दूर स्थित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय बेतला का भी स्थिति सामान देखा गया विद्यालय के शिक्षक प्रदीप कुमार 2:00 बजे हीं विद्यालय बंद करके चले गए थे जब इस विषय पर विद्यालय में खाना बनाने वाली रसोईया कुन्ती कुंवर से बात की गई तो उन्होंने बताया कि शिक्षक अपने किसी कार्य के चलते पहले ही विद्यालय बंद करके चले गए। मौके पर उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय बेतला के विद्यार्थियों ने मध्याह्न भोजन पर नाराजगी जताते हुए बताया कि हमारे विद्यालय के शिक्षक प्रदीप कुमार अपने मनमानी तरीके से विद्यालय में मध्याह्न भोजन बनवाते हैं हम लोगों को कभी भी रूटिंग के अनुसार भोजन नहीं दिया जाता है। मौके पर रसोईया कुंती कुंवर,छात्र विवेक कुमार, ग्रामीण जदु उरांव, भजन सिंह समेत कई लोग उपस्थित थे।

**रिपोर्ट देने के लिए शिक्षक एक घंटा पहले विद्यालय कर देते हैं बंद :** जब इस विषय में उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय बखार टोला के शिक्षक प्रसंगिध कुमार और उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय बेतला के शिक्षक प्रदीप कुमार से बात किया गया तो दोनों ने ही बीआरसी ऑफिस में रिपोर्ट देने के कारण विद्यालय समय से 1 घंटा पहले बंद करने का सफाई दिया।

# आक्रोश : बिजली विभाग के एसडीओ के मनमाने रवैये से उपभोक्ता परेशान

## उपभोक्ताओं का कहना है, ड्यूटी नहीं करनी तो पद से रिजाइन दे दें एसडीओ

### उपायुक्त से उपभोक्ताओं ने ट्रांसफार्मर बदलवाने की लगायी गुहार

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखण्ड मुख्यालय के मुख्य बाजार और आदर्श नगर पीएचडी फीडर से जुड़े सैकड़ों उपभोक्ता इन दिनों बिजली की लचर व्यवस्था से परेशान है। वहीं बिजली उपभोक्ताओं का कहना है कि विभाग के सहायक अभियंता दर्जनों बार फोन करने पर फोन तक नहीं रिसीव करते है और न ही मुख्यालय में ड्यूटी करते है। बिजली बिल की समस्या हो या लगातार विद्युत कटौती की। उपभोक्ताओं की किसी भी समस्या का समय पर समाधान नहीं हो पा रहा है। विभाग की कार्यप्रणाली से नाराज उपभोक्ताओं का कहना है कि एसडीओ साहब को अगर कार्य क्षेत्र में रहकर ड्यूटी करनी ही नहीं है, तो वह अपने पद से रिजाइन देकर घर में आराम करें। दरअसल पीएचडी फीडर के 200 केवीए का खराब ट्रांसफार्मर पिछले एक वर्षो से पूरी तरह हाफ रहा है। विद्युत कर्मी उसे जैसे तैसे ठीक ठाक कर चालू कर देते है, पर प्रतिदिन लो वोल्टेज, ट्रिपिग और फेज मारने की समस्या बनी रही थी। महीनों में पांच से छह दिन ट्रांसफार्मर किसी न किसी वजह से बैठ जाता है। फिर उसे ठीक करने में 12,14 घंटे से लेकर दो से तीन दिन तक भी लग जाते हैं।



पीएचडी फीडर का ट्रांसफार्मर।

**भीषण गर्मी में अंधेरे में उपभोक्ताओं ने गुजारी पूरी रात :** बता दें कि सोमवार की रात 12 के बाद अचानक पीएचडी फीडर का ट्रांसफार्मर खराब हो गया जिसके कारण उपभोक्ताओं को भीषण गर्मी में पूरी रात अंधेरों में जागकर काटनी पड़ी। दूसरे दिन मंगलवार की दोपहर लगभग ढाई बजे किसी तरह आपूर्ति बहाल की गई लेकिन लो वोल्टेज की समस्या बनी रही। तीन बजे फिर बिजली गुल हुई जो खबर लिखे जाने तक गायब ही रही।

### उपभोक्ता आज तक नहीं कर पाये है एसडीओ के दर्शन

जानकारी देते चलें कि एक वर्ष पूर्व पीएचडी फीडर के जले हुए ट्रांसफार्मर को बदलकर 200 केवीए का पुराना मरम्मत किया हुआ ट्रांसफार्मर तत्कालीन एसडीओ के निर्देश पर लगाया गया था जो की खुद ही कराह रहा था। उस वक्त उपभोक्ताओं को यह बताया गया था नया ट्रांसफार्मर आते ही इस बदल दिया जायेगा। लेकिन ट्रांसफार्मर आज तक बदला नहीं गया। जिसका खामियाजा उपभोक्ताओं को उठाना तो पड़ ही रहा हैं। दूसरी ओर एसडीओ साहब उपभोक्ताओं की समस्या का सामधान करने की बजाय उनका फोन तक रिसीव करना उचित नहीं समझते है और न ही बरवाडीह में ड्यूटी ही करते है। कुछ विद्युत कर्मियों ने नाम नहीं प्रकाशित करने की शर्त बताया कि एसडीओ साहब कभी कभार ही बरवाडीह आते है। ऐसे में उपभोक्ताओं ने जिले के नए उपायुक्त हिमांशु मोहन से गुजारिश की है कि विद्युत विभाग के सहायक अभियंता को बरवाडीह में रहकर ड्यूटी करने, उपभोक्ताओं का फोन रिसीव कर उनकी समस्या का समाधान करने और पीएचडी फीडर के खराब ट्रांसफार्मर को शीघ्र बदलने का निर्देश जारी करने की मांग की है।

स्पीड न्यूज

## एसकेएमयू के विभिन्न सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम जारी

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय का बैचलर ऑफ वोकेशनल आईटी सेमेस्टर-4,5 और 6 का परिणाम मंगलवार को प्रकाशित हुआ। इसकी जानकारी विश्वविद्यालय प्रवक्ता दीपक कुमार दास ने दी। उन्होंने बताया कि बैचलर ऑफ वोकेशनल आईटी सेमेस्टर-4,5 और 6 का परीक्षा परिणाम परीक्षा विभाग ने प्रकाशित की। उन्होंने बताया कि बैचलर ऑफ वोकेशनल आईटी सेमेस्टर-6 में कुल 91.67 फीसदी छात्र-छात्राएं सफल हुए। जबकि बैचलर ऑफ वोकेशनल आईटी सेमेस्टर-4 और 5 में 100 फीसदी परीक्षार्थी सफल हुए। परीक्षा परिणाम को बुधवार से विश्विद्यालय का आधिकारिक वेबसाइट पर देखा जा सकता है।

## मारवाड़ी युवा मंच के शिविर में लोगों की हुई स्वास्थ्य जांच



**चक्रधरपुर।** मारवाड़ी युवा मंच चक्रधरपुर शाखा के तत्वावधान में मंगलवार को राजबाड़ी रोड स्थित रघुराम धर्मशाला में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर में करीब एक सौ से अधिक लोगों की स्वास्थ्य की जांच की गई। ब्रह्मानंद अस्पताल जमशेदपुर एवं पूर्णिमा नेत्रालय की चिकित्सकों की टीम ने लोगों के आंख के अलावा शुगर, बीपी एवं अन्य बीमारियों की जांच कर सलाह दी। मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष उत्तम अग्रवाल ने बताया कि शहर के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य की सुविधा मिले और लोग स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहे इसी उद्देश्य से जांच शिविर आयोजित किया गया था।

# मणिपुर हिंसा को लेकर पीएम के खिलाफ विरोध प्रदर्शन

## मणिपुर के मुख्यमंत्री के इस्तीफे की विपक्षी दलों ने की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता





**दुमका।** प्रदेश नेतृत्व के निदेर्शानुसार इंडिया गठबंधन के तमाम दलों ने मणिपुर में घटित वीभत्स घटना के विरोध में केंद्र के भाजपा के खिलाफ मंगलवार को प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन कांग्रेस, झामुमो, राजद, आप, सीपीआई समेत तमाम विपक्षी दल के संयुक्त अध्यक्षता में हुई। महागठबंधन दुमका के डीसी चौक से शहर भ्रमण करते हुए ढोल नगाड़ों के साथ केंद्र सरकार के विरोध में नारा लगाते हुए घटक दल के कार्यकर्ता समाहरणालय परिसर पहुंचे। मणिपुर घटना पर केंद्र सरकार की चुप्पी का आलोचना करते हुए मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के इस्तीफे की मांग की। साथ ही इस मुद्दे पर देश के सर्वोच्च सदन में पीएम मोदी से जवाब देने की अपील किया। कार्यक्रम का संचालन जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेशराम चंद्रवंशी ने किया। कार्यक्रम में दुमका जिला के प्रभारी रविंद्र वर्मा, जरमुंडी विधानसभा के प्रभारी पंकज मिश्रा सहित प्रदेश स्तरीय कांग्रेस के नेता शामिल हुए। इस अवसर पर जिला प्रभारी रविंद्र वर्मा ने कहा कि मणिपुर की घटना से देश शर्मसार हुआ है, ऐसी घटना घटने के बाद देश के प्रधानमंत्री का जो कर्तव्य होना चाहिए, उन्होंने नहीं किया। आज देश पीएम मोदी से इस बात पर चुप्पी तोड़ने की मांग की। आखिर पीएम मोदी सवाल का जवाब संसद सदन में क्यों नहीं देते। इससे साबित होता है कि देश के राजा मे संवेदना समाप्त हो गया है। सीपीआईएम नेता एहतेशाम अहमद ने कहा कि को इस वीभत्स घटना पर पीएम मोदी को चुप्पी तोड़नी चाहिए और देश को जवाब देना चाहिए। झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य सुनीता टुडू ने कहा कि पीएम मोदी के राज में महिलाओं का सम्मान सुरक्षित नहीं है। आए दिन मोदी के लोग महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार करते हैं और मोदी जी के कान में जूं नहीं नहीं रेंगता है। महिलाओं को अपनी रक्षा के लिए इस व्यभिचारी अत्याचारी और गैर जिम्मेदार सरकार को सत्ता से खींचकर बाहर करना चाहिए। कार्यक्रम में प्रदेश महिला कांग्रेस सचिव अरबी खातून, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष प्रो. मनोज अम्बष्ट, राजा मरांडी, प्रेम कुमार साह, संजीत कुमार सिंह, युगल किशोर सिंह गणेश, महबूब आलम, शहरोज शेख, सत्यनारायण यादव, रोहित रंजन, सुबोध पंडा, योगानन्द सरकार, मतीन अंसारी, जोसफ टुडू, अमित सिंह, खुर्शीद आलम, आशीष सिंह, सुनील हेंब्रम, सुनील किस्कू, छवि बागची, मार्था हासदा, स्टीफन मरांडी, मजिद अंसारी, रोमी इमाम, विलियम टुडू, बब्लु मुर्मु, कन्हाई रजक, मो. हसनैन, पराक्रम शर्मा, सुमंत यादव, मोहम्मद महबूब, गौरव झा, अनमोल राम, सत्तार खान, इंदु दुबे, गीता देवी, कृष्णा देवी, राजद जिलाध्यक्ष प्रमोद पंडित, जदयू के उदय सिंह, हैदर अली समेत अन्य दर्जनों विपक्ष के कार्यकर्ता मौजूद थे।

## चक्रधरपुर में ऑन ड्यूटी रेलकर्मी की ट्रेन से कटकर हुई मौत

**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर रेलवे स्टेशन में स्थित आरआरआई बिल्डिंग के समीप लाइन नम्बर तीन में एक ऑन ड्यूटी रेलकर्मी का दांया पैर ट्रेन के चपेट में आने से कट गया। रेलकर्मियों ने आनन फानन में रेलवे अस्पताल में भर्ती कराया इस दौरान रेलकर्मी की मौत हो गई। यह घटना मंगलवार की सुबह साढ़े चार बजे की बताई जा रही है। वहीं रेलवे अस्पताल में सुबह पांच बजे रेलकर्मी की मौत हुई है। उक्त रेलकर्मी का नाम उमेश कुमार शर्मा है। उमेश कुमार शर्मा चक्रधरपुर रेल मंडल के आरएसओ एसएसई ओपी विभाग में खलासी के पद पर कार्यरत थे। इसी कार्य में उनकी ड्यूटी सोमवार रात दस बजे से लेकर मंगलवार सुबह छह बजे तक लगी हुई थी।


## नेतरहाट आवासीय विद्यालय,नेतरहाट

सी.बी.एस.ई. संबद्ध +2 विद्यालय

संबद्धता संख्या – 3420006, विद्यालय संख्या – 69558

*(नेतरहाट विद्यालय समिति, सोसाइटी निबंधन अधिनियम, 1860 के अंतर्गत निबंधित स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार के अधीन एवं स्वायत्तशासी संस्था एच.ई.सी. एम.डी.आई भवन, धुर्वा, राँची–834004, निबंधन संख्या : 688/2009–2010 के द्वारा संचालित)*

### *नेतरहाट प्रवेश परीक्षा 2023–24*

विज्ञापन संख्या –981 दिनांक–10.07.2023

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट की कक्षा – 6 में 10 से 12 वर्ष के स्वस्थ बालकों के सत्र–2023–24 में नामांकन हेतु लिखित प्रवेश परीक्षा के लिए निःशुल्क आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। इससे संबंधित महत्वपूर्ण सूचनाएँ निम्नवत् हैं:–

1. प्रवेश परीक्षा एक स्तरीय होगी जो दो पालियों (2–2 घंटे की) में प्रमंडल स्तर पर आयोजित की जायेगी। परीक्षा परिणाम के आधार पर मेधा क्रमानुसार आरक्षण का पालन करते हुए **अंतिम रूप से चयनित 100 (एक सौ) छात्रों की चिकित्सीय जाँचोपरान्त सभी प्रमाणपत्रों/दस्तावेजों के सत्यापन के पश्चात् ही उनका नामांकन लिया जायेगा।**

2. परीक्षा आवेदन कार्यक्रम :–

| क्रम सं0 | विवरणी | निर्धारित तिथि |
|---|---|---|
| 1. | विज्ञप्ति/आवेदन प्रक्रिया प्रारम्भ | 12.07.2023 |
| 2. | ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि/भरा हुआ आवेदन नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट पहुँचने की अंतिम तिथि | 31.08.2023 |
| 3. | ऑनलाइन प्रवेश पत्र डाउनलोड करने की तिथि | 25.09.2023 से प्रारम्भ |
| 4. | प्रवेश परीक्षा की तिथि | 08.10.2023 (रविवार) |

3. **प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए आवश्यक योग्यताएँ/शर्तें निम्नांकित हैं :–**

(क) अभ्यर्थी को झारखण्ड राज्य का मूल निवासी/स्थानीय निवासी होना अनिवार्य है। इस संबंध में सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।

(ख) 01 अगस्त 2023 को जिनकी उम्र 10 वर्ष से कम और 12 वर्ष से अधिक नहीं हो, अर्थात जिनका जन्म दिनांक–**01.08.2011 से 31.07.2013** के बीच हुआ हो (दोनों तिथियाँ शामिल)। सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत जन्म प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।

(ग) अभ्यर्थी को झारखण्ड राज्य के अन्तर्गत किसी भी मान्यता प्राप्त विद्यालय से कक्षा – 5 की परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए। इसके प्रमाण स्वरूप अपने विद्यालय के प्रधानाध्यापक से हस्ताक्षरित कक्षा – 5 का उत्तीर्णता प्रमाण पत्र अनिवार्यतः संलग्न करें।

(घ) अभ्यर्थी यदि आरक्षित वर्ग से हों तो सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत जाति प्रमाण पत्र यथा:–अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/पिछड़ा वर्ग/आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।

(ङ) **उपरोक्त सभी प्रमाण पत्र अनिवार्य है। प्रमाण पत्रों के अभाव में आवेदन स्वतः रद्द माना जाएगा।** ध्यातव्य हो कि नामांकन के समय सभी प्रमाण पत्रों की मूल प्रति को उपस्थापित करना अनिवार्य होगा।

4. सामान्य निर्देश:–

(i) **प्रवेश परीक्षा का स्वरूप निम्नवत् है:–**

| प्रथम पाली (09:30 पूर्वाह्न से 11:30 पूर्वाह्न) | | | |
|---|---|---|---|
| प्रश्नपत्र –1 (100 अंक) | विषय | अंक | प्रश्न स्वरूप |
| | हिन्दी | 50 | वस्तुनिष्ठ प्रकृति – 20 अंक, विषयनिष्ठ प्रकृति – 30 अंक |
| | गणित | 50 | वस्तुनिष्ठ प्रकृति – 20 अंक, विषयनिष्ठ प्रकृति – 30 अंक |
| द्वितीय पाली (01:00 अपराह्न से 03:00 अपराह्न) | | | |
| प्रश्नपत्र –2 (100 अंक) | विषय | अंक | प्रश्न स्वरूप |
| | मानसिक योग्यता | 30 | वस्तुनिष्ठ प्रकृति – 30 अंक |
| | विज्ञान | 35 | वस्तुनिष्ठ प्रकृति – 15 अंक, विषयनिष्ठ प्रकृति – 20 अंक |
| | सामान्य ज्ञान | 35 | वस्तुनिष्ठ प्रकृति – 15 अंक, विषयनिष्ठ प्रकृति – 20 अंक |
| | कुल अंक | 200 | |

(ii) **लिखित प्रवेश परीक्षा प्रत्येक प्रमण्डल मुख्यालय में आयोजित की जायेगी जिसकी सूची निम्नवत् है :–**

| प्रमण्डल | प्रमण्डल मुख्यालय | जिला |
|---|---|---|
| कोल्हान | चाईबासा | पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला खरसावां |
| उत्तरी छोटानागपुर | हजारीबाग | बोकारो, चतरा, धनबाद, गिरिडीह, हजारीबाग, कोडरमा, रामगढ़ |
| दक्षिणी छोटानागपुर | रांची | गुमला, खुँटी, लोहरदगा, रांची, सिमडेगा |
| पलामू | मेदिनीनगर | गढ़वा, लातेहार, पलामू |
| संथाल परगना | दुमका | गोड्डा, देवघर, दुमका, जामताड़ा, साहेबगंज, पाकुड़ |

(iii) प्रवेश परीक्षा में प्रश्नों का स्तर सामान्यतः पाँचवीं कक्षा तक का होगा।

(iv) यह सूचना नेतरहाट विद्यालय के वेबसाइट www.netarhatvidyalaya.com पर भी उपलब्ध है।

(v) आवेदन जमा करने की विधि : आवेदन online एवं offline मोड में उपलब्ध है:–

a) Online Mode:- विद्यालय के वेबसाइट www.netarhatvidyalaya.com पर Online आवेदन की सुविधा उपलब्ध है। अभ्यर्थी वेबसाइट पर Online आवेदन के दिशा–निर्देशों के अनुसार आवेदन कर सकते हैं।

b) Offline Mode:- आवेदन हेतु आवेदन पत्र नेतरहाट विद्यालय के वेबसाइट www.netarhatvidyalaya.com से डाउनलोड कर सुलभ रूप से प्राप्त कर सकते हैं।

भरे हुए आवेदन पत्र के साथ अनिवार्यतः सभी अनुलग्नकों यथा– स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र/ आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग प्रमाण पत्र (यदि आरक्षित वर्ग के हों), कक्षा–5 का उत्तीर्णता प्रमाण पत्र एवं अन्य प्रमाण पत्रों की स्वाभिप्रमाणित प्रति को स्पीड पोस्ट के माध्यम से इस प्रकार भेजें कि आवेदन निम्न पते पर दिनांक – 31.08.2023 को शाम–5:00 बजे तक अवश्य प्राप्त हो जाए। आवेदक भरा हुआ आवेदन हाथों–हाथ भी दिनांक – 31.08.2023 तक निम्न पते पर जमा कर सकते हैं। दिनांक – 31.08.2023 के बाद प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

आवेदन पत्र भेजने/जमा करने का पता :–

**प्राचार्य, नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट, पोस्ट–नेतरहाट, जिला–लातेहार, पिन–835218**

(vi) अभिभावक कृपया ध्यान दें कि उनके द्वारा दिए गये प्रमाण पत्रों में किसी भी प्रकार का असत्य पता चलने पर विद्यार्थी एवं अभिभावक के खिलाफ विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

(vii) *आवेदन शुल्क :– आवेदन पूर्णतः निःशुल्क है।*

(viii) प्रवेश परीक्षा से सम्बन्धित सूचनाएं नेतरहाट विद्यालय के वेबसाइट www.netarhatvidyalaya.com पर समय–समय पर उपलब्ध रहेगी।

ह०/–
प्राचार्य
नेतरहाट आवासीय विद्यालय
नेतरहाट


## बिहार की खबरें

## फसलों के लिए अधिक से अधिक क्षेत्रों में सिंचाई की व्यवस्था करायें : मुख्यमंत्री



एजेंसी

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को जल संसाधन एवं लघु जल संसाधन विभाग की समीक्षा बैठक की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने "खरीफ सिंचाई - 2023" की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अधिक-से-अधिक क्षेत्रों में सिंचाई की व्यवस्था कराएं ताकि किसानों को कृषि कार्य में सहूलियत हो। कम बारिश के कारण उत्पन्न स्थिति को ध्यान में रखते हुए सिंचाई के लिए जो भी जरूरी और उपयोगी कार्य हैं उस पर त्वरित कार्रवाई करें। पहाड़ी क्षेत्रों के निचले भागों में जल संचयन क्षेत्र विकसित करें।

सीएम ने कहा कि पूर्व से चलाई जा रही सिंचाई योजनाएं पूर्ण क्षमता से कार्य करे, यह सुनिश्चित कराएं। सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के माध्यम से शुद्ध किए गए पानी का उपयोग भी कृषि कार्य के लिए कराएं। नहरों की सफाई के कार्य पर ध्यान दें। हर खेत तक सिंचाई का पानी पहुंचाने के लिए लक्ष्य के अनुरूप तेजी से कार्य करें। हर खेत तक सिंचाई का पानी पहुंच जाएगा तो इससे किसानों को काफी लाभ होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों की सुविधाओं और उनके हित में हम निरंतर कार्य करते रहते हैं। किसानों को कृषि कार्य हेतु डीजल अनुदान उपलब्ध कराने के साथ-साथ सिंचाई कार्य हेतु पर्याप्त विद्युत आपूर्ति भी की जा रही है। हमलोगों का उद्देश्य है कि किसानों को धान रोपनी में सहूलियत हो।

बैठक में जल संसाधन मंत्री संजय कुमार झा, लघु जल संसाधन मंत्री जयंत राज, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव आमिर सुबहानी, जल संसाधन एवं लघु जल संसाधन विभाग के अपर मुख्य सचिव चैतन्य प्रसाद, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ एस सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, लघु जल संसाधन विभाग की विशेष सचिव आशिमा जैन सहित अन्य वरीय अधिकारीगण एवं अभियंतागण उपस्थित थे।

## खेत में संदिग्ध हालत में मिला युवक का शव

**बेगूसराय।** भगवानपुर. थाना क्षेत्र के नौला बहियार में मंगलवार को पुलिस ने संदिग्ध अवस्था मे एक युवक का शव बरामद किया है। मृतक की पहचान नौला गांव निवासी रामबालक पासवान के पुत्र अर्जुन पासवान के रूप में हुई है। मृतक के परिजनों ने बताया कि अर्जुन आज सुबह में ही घर से बाहर काम करने के लिए निकला था। दोपहर बाद घर वालों को जानकारी मिली कि अर्जुन का शव घर से करीब दो सौ मीटर की दूरी पर सड़क किनारे एक खेत में पड़ा हुआ है। उसके बाद परिजनों के द्वारा शव को उठा कर घर लाया गया। परिजनों का कहना है कि अर्जुन के शरीर पर कई जगह एसिड का चिन्ह पाया गया है। जिससे लगता है कि नशीला पदार्थ पिला कर एसिड डाल कर हत्या कर दी गई है। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। डीएसपी डॉ. रविन्द्र मोहन प्रसाद ने बताया कि प्रथम दृष्टया अज्ञात अपराधियों द्वारा एसिड का प्रयोग कर उसकी हत्या करने का मामला लग रहा है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मामला स्पष्ट हो पाएगा।

एक नजर में

## अभाविप ने छात्रहित में विभिन्न शैक्षणिक समस्याओं को लेकर एसकेएमयू कुलपति को सौंपा ज्ञापन



**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले सभी छह जिले के अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद प्रतिनिधि मंडल ने प्रभारी कुलपति डॉ विमल प्रसाद सिंह से मिलकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन विश्वविद्यालय समेत कॉलेजों में व्याप्त शैक्षणिक समस्याओं को लेकर अभाविप ने सौंपा। ज्ञात हो पूर्व में भी बीएड के बढ़े हुए फीस को लेकर अभाविप ने आंदोलन किया था। परिणाम विश्वविद्यालय को बढ़ा हुआ बीएड का फीस वापस लेना पड़ा। वर्तमान समय में विभिन्न कॉलेजों में व्याप्त शैक्षणिक अराजकता चाहे वो केंद्रीय पुस्तकालय दुमका में पीने योग्य पानी की व्यवस्था नहीं होना, बीसीए-एमसीए जैसे कोर्स में शिक्षक और कंप्यूटर की कमी,एसआरटी कॉलेज धमड़ी, केकेएम कॉलेज पाकुड़ में पीजी की पढ़ाई आरंभ करना, देवघर विभाग में विश्वविद्यालय की शाखा एवं जामताड़ा कॉलेज में बने परीक्षा भवन का जांच करने का मांग किया। प्रतिनिधिमंडल में अभाविप के प्रदेश सह मंत्री सौरभ झा, विश्वविद्यालय संयोजक बमभोला उपाध्याय, प्रांत जनजातीय कार्य प्रमुख मनोज सोरेन, विभाग संगठन मंत्री देवघर उपेंद्र भरत, दुमका के हिमांशु दुबे, जिला संगठन मंत्री धनंजय साहा, पाकुड़ जिला संयोजक गुंजन तिवारी उपस्थित रहे।

## लोकसभा व विधानसभा चुनाव को लेकर कार्यकर्ता अभी से करें तैयारी : शिवशंकर उरांव

**दुमका।** भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के संताल परगना प्रमंडल स्तरीय बैठक मंगलवार को परिसदन भवन में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता मोर्चा के जिला अध्यक्ष विमल मरांडी ने किया। बैठक में मुख्य रूप से मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शिवशंकर उरांव, मोर्चा के प्रदेश प्रभारी राम कुमार पाहन, प्रमंडलीय प्रभारी पूर्व विधायक ताला मरांडी उपस्थित रहे। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष श्री उरांव ने कहा कि आगामी लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव को देखते हुए मोर्चा के कार्यकताओं को अभी से तैयारी करनी चाहिए।

पेज 1 का शेष

### अब बदल जायेंगे जन्म और...

**क्यों जरूरी था विधेयक :** नित्यानंद राय ने गत 26 जुलाई को यह विधेयक पेश किया था। इसके उद्देश्यों एवं कारणों में कहा गया है कि जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण अधिनियम 1969, जन्म एवं मृत्यु के मामलों के पंजीकरण के नियमन को लेकर अमल में आया था। इस अधिनियम में अब तक संशोधन नहीं किया गया था। समाज में आये बदलाव और प्रौद्योगिकी उन्नति के साथ रफ्तार बनाये रखने एवं इसे नागरिकों की सुविधा के अनुकूल बनाने के लिए अधिनियम में संशोधन की जरूरत थी।

### एम्स के बाद धनबाद से...

हाल ही में रांची में इसके लिए साक्षात्कार का आयोजन किया गया था, परंतु एक भी चिकित्सकों ने रूचि नहीं दिखाया। **पहले भी धनबाद से छीन चुका है एम्स :** धनबाद में सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति बदहाल है। यहां एकमात्र सरकारी अस्पताल एसएनएमएमसीएच है। इस अस्पताल में अभी भी कॉर्डियोलॉजी, नेफरोलॉजी, न्यूरोलॉजी जैसी बीमारियों के उपचार की व्यवस्था नहीं है। यहां बीच में एम्स लाने की बात हुई थी। प्रस्ताव भी बना था। लेकिन, एम्स का निर्माण देवघर में हो गया। उसके विकल्प के रूप में सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल को पेश किया जा रहा था। लेकिन अब इस पर भी ग्रहण लग रहा है। **चार बार निकली वैकेंसी, नहीं मिले डाक्टर :** सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के संचालन को चिकित्सक नहीं मिल रहे हैं। सरकार ने यहां चिकित्सकों के 94 पद स्वीकृत किये हैं। अब तक चार बार चिकित्सकों की बहाली के लिए वैकेंसी भी निकाली गयी, लेकिन साक्षात्कार के लिए एक भी डॉक्टर नहीं पहुंचे। इसके लिए एमसीएच और इससे समतुल्य पद के डॉक्टरों की बहाली होनी हैं। इसके अलावा प्रशिक्षित कर्मचारियों की भी बहाली होनी है। इसके लिए 300 से ज्यादा कर्मचारियों के पद सृजित किये गये हैं। सरकार की तमाम कोशिशों के बाद भी कुछ नहीं बदला। **मंगवाई गयी हैं 87 करोड़ की मशीनें :** मालूम हो कि सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के लिए लगभग 87 करोड़ रुपये की लागत से मशीनें मंगवायी गयीं हैं। इनमें से कई मशीनों को एजेंसी ने इंस्टॉल भी कर दिया गया है। मेडिकल कॉलेज प्रबंधन के अनुसार यहां लगने वाली सभी मशीनें अत्याधुनिक हैं। **फैक्ट फाईल :** 25 एकड़ जमीन पर बना है अस्पताल, 2012 में बनी थी कार्ययोजना, 2015 में राज्य व केंद्र सरकार के बीच एमओयू। 2016 में शुरू हुआ निर्माण कार्य और 2017 दिसंबर की जगह इस साल पूरा हुआ कार्य। 80 करोड़ रुपए भवन निर्माण पर खर्च हुए और 87 करोड़ रुपये मशीन व उपकरण की खरीदारी पर। केंद्र सरकार ने सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के लिए 167 करोड़ रुपये आवंटित किये। अस्पताल की क्षमता 200 बेड की है। इसमें 160 जनरल और 40 आइसीयू बेड हैं। आठ माड्यूलर ऑपरेशन थियेटर अस्पताल में स्थापित किये गये हैं। अस्पताल में अलग से रेडियोलॉजी और पैथोलॉजी की भी तैयारी है।

### विष्णु अग्रवाल की रिमांड पर...

याचिका दाखिल कर कहा कि गिरफ्तार करने का क्या आधार है। इस पर इडी के विशेष लोक अभियोजक ने कहा कि उनके पास विष्णु अग्रवाल की गिरफ्तारी का ठोस आधार है। मालूम हो कि झारखंड-बंगाल के बड़े जमीन कारोबारी और न्यूक्लियस मॉल के मालिक विष्णु अग्रवाल से इडी ने सोमवार को लंबी पूछताछ की थी। इडी ने जांच में हैरान करने वाला तथ्य पाया था। जांच अधिकारियों के मुताबिक विष्णु अग्रवाल जमीन घोटाले से लाभ लेनेवाले प्रमुख व्यक्ति हैं। वहीं विष्णु अग्रवाल अपने प्रभाव से अफसरों से काम लेते थे।

### पवार की मौजूदगी में मोदी को...

समारोह में मोदी के साथ मंच साझा किया और उनसे लंबी बातचीत भी की। गठबंधन के सदस्यों का कहना था कि जब भाजपा के खिलाफ एकजुट मोर्चा बनाया जा रहा है, पवार का मोदी के साथ मंच साझा करना अच्छा नहीं होगा। वहीं एनसीपी चीफ शरद पवार की राजनीति कुछ हट कर है। किसी भी दल या व्यक्ति विशेष से उन्हें परहेज नहीं। पुरस्कार समारोह शुरू होने से पहले, दोनों नेताओं को हंसी-मजाक करते हुए देखा गया, साथ ही पवार ने मोदी की पीठ भी थपथपायी। शरद पवार की पार्टी के विभाजन के बाद मोदी और पवार की ये पहली मुलाकात थी। हालांकि पवार, पीएम मोदी से शालीनता से मिले लेकिन कटाक्ष करने से भी नहीं चूके। पवार ने कहा कि शिवाजी महाराज ने कभी किसी की जमीन नहीं छीनी।

### कहीं गुम हो गया पीटीआर का...

नवंबर 2022 से 22 मार्च 2023 तक देश भर में बाघों की गिनती हुई थी। पलामू टाइगर रिजर्व इलाके में जिस बाघ के मौजूद होने की बात कही जा रही है, उसका स्कैट जनवरी फरवरी में लिया गया था। यह स्कैट पलामू टाइगर रिजर्व के बारेसाढ़ और गारु के इलाके से लिये गये थे। पीटीआर निदेशक कुमार आशुतोष बताते हैं कि एनटीसीए की रिपोर्ट में पीटीआर में एक बाघ की पुष्टि हुई है, इलाके में बाघ मौजूद रहे इसके लिए माहौल को तैयार किया जा रहा है और कई बिंदुओं पर पहल की जा रही है। बाघों की खोज और निगरानी के लिए अलग-अलग टीमें भी बनायी गयी है। **कितना लंबा-चौड़ा है एरिया :** पलामू टाइगर रिजर्व 1129 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है। 70 के दशक में एक साथ देश में नौ टाइगर रिजर्व बने थे। पलामू टाइगर रिजर्व भी उनमें से एक है। 70 के दशक में पलामू टाइगर रिजर्व के इलाके में बाघों की संख्या 50 बतायी गयी थी। वहीं 2010 के आसपास बाघों की संख्या 18 बतायी गयी। 2018 में हुई गिनती के दौरान पीटीआर में एक भी बाघ के मौजूद होने के सबूत नहीं मिले। कभी बाघों से गुलजार रहने वाले पलामू टाइगर रिजर्व में अब बाघ को खोजा जा रहा

स्पीड न्यूज

### एनआइए ने 6 आतंकियों को भगोड़ा घोषित किया

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने कनाडा और पाकिस्तान में रहने वाले छह गैंगस्टर-आतंकवादियों को भगोड़ा अपराधी घोषित किया है। एजेंसी के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा कि आरोपियों के नाम कनाडा में रहने वाले अर्शदीप सिंह उर्फ अर्श डाला, रमनदीप सिंह उर्फ रमन जज, लखबीर सिंह संधू उर्फ लांडा और पाकिस्तान में रह रहे हरविंदर सिंह संधू उर्फ रिंदा, लखबीर सिंह रोडे और वाधवा सिंह बब्बर हैं।

### दिल्ली शराब घोटाले में अरोड़ा को जमानत

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने मंगलवार को व्यापारी दिनेश अरोड़ा को धनशोधन के एक मामले में जमानत दे दी। अरोड़ा कथित दिल्ली आबकारी घोटाले में भ्रष्टाचार के एक मामले में सरकारी गवाह बन गया, जिसकी जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो( सीबीआई) द्वारा की जा रही है। इससे जुड़े धनशोधन के मामले की जांच प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) कर रहा है।

### यूपी शिक्षा सेवा चयन आयोग के गठन को मंजूरी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग के गठन संबंधी प्रस्ताव को राज्य मंत्रिमंडल ने मंगलवार को मंजूरी दे दी। यह आयोग राज्य में उच्च, माध्यमिक और बेसिक शिक्षा विभागों में शिक्षकों की भर्ती करेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को लखनऊ में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।

### हाउडेन इंडिया के सीइओ बने अमित अग्रवाल

**नयी दिल्ली।** बीमा सेवा कारोबार से जुड़ा वैश्विक समूह हाउडेन ने भारतीय इकाई हाउडेन इंडिया के लिए अमित अग्रवाल को मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया है। कंपनी ने मंगलवार को बयान में कहा कि यह नियुक्ति एक अगस्त से प्रभावी हो गई है। अग्रवाल ने प्रवीण वशिष्ठ का स्थान लिया है। प्रवीण वशिष्ठ अब कंपनी के चेयरमैन पद का कार्यभार संभालेंगे।

### कुपवाड़ा में आतंकी का जमीन कुर्क

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में मंगलवार को पुलिस ने पाकिस्तान अपनी गतिविधि का संचालन करने वाले एक आतंकवादी के कई भूखंड कुर्क किये । अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि कुपवाड़ा जिले के कचामा गांव के रहने वाले और आतंकी संगठन अल बर्क के सदस्य अब्दुल राशिद कुरैशी उर्फ फारूक कुरैशी के खिलाफ एक मामले में कश्मीर पुलिस की विशेष जांच इकाई ने ये कुर्कियां की है।

### जुलाई में जीएसटी संग्रह 1.65 लाख करोड़ के पार

**नयी दिल्ली।** जीएसटी संग्रह जुलाई माह में सालाना आधार पर 11 प्रतिशत बढ़कर 1,65,105 करोड़ रुपये रहा। वित्त मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अप्रत्यक्ष कर व्यवस्था लागू होने के बाद से पांचवीं बार जीएसटी संग्रह 1.6 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा है। वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि जुलाई में जीएसटी संग्रह 1,65,105 करोड़ रुपये रहा। इसमें केंद्रीय जीएसटी 29,773 करोड़ रुपये, राज्य जीएसटी 37,623 करोड़ रुपये, एकीकृत जीएसटी 85,930 करोड़ रुपये (माल के आयात पर एकत्र 41,239 करोड़ रुपये सहित) है।

### सेंसेक्स 68 अंक टूटा

**मुंबई।** वैश्विक बाजारों के मिले-जुले रुख के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज, पावरग्रिड और आईसीआईसीआई बैंक के शेयरों में बिकवाली होने से मंगलवार को घरेलू शेयर बाजारों के प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में हल्की गिरावट रही। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 68.36 अंक यानी 0.10 प्रतिशत गिरकर 66,459.31 पर बंद हुआ।

# रक्षा बंधन पर मुस्लिम महिलाओं के पास जायें भाजपा सांसद

## प्रधानमंत्री ने झारखंड, बंगाल और ओड़िशा के सांसदों को दी सलाह, कहा- तीन तलाक का मामला उठायें

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि तीन तलाक पर प्रतिबंध लगाने के उनकी सरकार के फैसले से मुस्लिम महिलाओं में सुरक्षा की भावना बढ़ी है। उन्होंने भाजपा के नेताओं से रक्षा बंधन के त्योहार के दौरान अधिक से अधिक मुस्लिम महिलाओं तक पहुंचने को कहा है। सूत्रों ने कहा कि मोदी ने सोमवार रात झारखंड, बंगाल और ओड़िशा के भाजपा नीत राजग के सांसदों की एक बैठक में यह टिप्पणी की, जिसमें उन्होंने और भाजपा के अन्य वरिष्ठ नेताओं ने समाज के विभिन्न वर्गों के लिए केंद्र सरकार की विभिन्न विकास पहलों को रेखांकित किया। बैठक में मौजूद कुछ सांसदों ने कहा कि मोदी ने समाज के हर वर्ग से जुड़ने की जरूरत पर जोर दिया और उसके बाद मुस्लिम समाज में एक बार में तीन तलाक की प्रथा पर प्रतिबंध लगाने के अपनी सरकार के फैसले का उल्लेख किया। सरकार ने इस प्रथा को अपराध घोषित कर दिया है।



बैठक में मौजूद कुछ सांसदों ने कहा कि प्रधानमंत्री ने उनसे अल्पसंख्यक समुदाय की महिलाओं तक पहुंचने के लिए रक्षा बंधन के दौरान कार्यक्रम आयोजित करने को कहा। रक्षा बंधन का त्योहार इस साल 30 अगस्त को पड़ेगा। मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) विधेयक 2019 में संसद द्वारा पारित किया गया था, जिसमें एक बार में तीन तलाक की प्रथा को अवैध घोषित किया गया था। इस अपराध के लिए पति को जेल की सजा हो सकती है। मोदी अक्सर मुस्लिम महिलाओं के लिए अपनी सरकार के सुधार उपायों को रेखांकित करते रहे हैं। अपने हालिया मन की बात संबोधन में उन्होंने कहा था कि इस साल 4,000 से अधिक मुस्लिम महिलाओं का महरम के बिना हज करना एक बड़ा परिवर्तन है। उन्होंने जोर देकर कहा कि पिछले कुछ वर्षों में उनकी सरकार द्वारा हज नीति में किए गए बदलावों के साथ अधिक से अधिक लोगों को वार्षिक तीर्थयात्रा पर जाने का मौका मिल रहा है। सांसदों के समक्ष दिए गए अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि विपक्षी दल नए नाम ह्यइंडियाह्ल (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस) के तहत अपनी ताकत दिखाने का प्रयास कर रहे हैं, क्योंकि उनके पूर्ववर्ती संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) पर कई घोटालों का दाग था। उन्होंने कहा कि लोग इसे कभी स्वीकार नहीं करेंगे। भाजपा ने राजग सांसदों को क्षेत्रवार करीब 40 सदस्यों के समूहों में बांटा है। संसद के मौजूदा मानसून सत्र के दौरान वह इन समूहों से मुलाकात करेंगे। पहली दो बैठकें सोमवार को हुई थीं। उन्होंने उत्तर प्रदेश के पश्चिमी हिस्से से लेकर कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र तक के लगभग 45 राजग सांसदों की एक बैठक को भी संबोधित किया था। उत्तर प्रदेश के सांसदों की बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सत्तारूढ़ गठबंधन समाज और देश की सेवा कर रहा है और उसे लोगों का आशीर्वाद मिल रहा है।

# मणिपुर में लॉ एंड ऑर्डर पूरी तरह ध्वस्त : कोर्ट

## सुप्रीम कोर्ट ने डीजीपी को सोमवार को किया तलब

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** मणिपुर की स्थिति से नाराज सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को टिप्पणी की कि वहां पर कानून-व्यवस्था एवं संवैधानिक मशीनरी पूरी तरह से ध्वस्त हो गई है। शीर्ष अदालत ने राज्य पुलिस द्वारा हिंसा के मामलों की जांच को सुस्त और बहुत ही लचर करार दिया। मणिपुर में बेलगाम जातीय हिंसा से निपटने में कानून प्रवर्तन एजेंसियों के तौर तरीके की आलोचना करते हुए न्यायालय ने कहा कि पुलिस ने कानून व्यवस्था पर से नियंत्रण खो दिया।

शीर्ष अदालत ने राज्य के पुलिस महानिदेशक को निर्देश दिया कि सोमवार को जब वह राज्य मणिपुर से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई करे तब वह व्यक्तिगत रूप से उपस्थित हों। प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने चार मई को दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाने वाले वीडियो को बहुत परेशान करने वाला करार दिया। इसके साथ ही पीठ ने सरकार से घटना, मामले में जीरो एफआईआर और नियमित प्राथमिकी दर्ज करने की तारीख बताने को कहा। चार मई का यह वीडियो पिछले महीने सामने आया था। शीर्ष अदालत ने जानना चाहा कि अबतक दर्ज करीब 6000 प्राथमिकियों में कितने लोगों को नामजद किया गया है और उनकी गिरफ्तारी के लिए क्या कदम उठाए गए। प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने मौखिक टिप्पणी की, जांच बहुत ही सुस्त है, प्राथमिकियां बहुत देरी से दर्ज की गईं और गिरफ्तारियां नहीं की गईं, बयान दर्ज नहीं किये गये। राज्य में कानून व्यवस्था और संवैधानिक मशीनरी पूरी तरह से ध्वस्त हो गई है। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ के नेतृत्व वाली पीठ ने मौखिक टिप्पणी की, एक चीज बहुत स्पष्ट है कि वीडियो मामले में प्राथमिकी दर्ज करने में काफी देरी हुई। सुनवाई शुरू होने पर मणिपुर सरकार ने पीठ को बताया कि उसने मई में जातीय हिंसा भड़कने के बाद 6,523 प्राथमिकियां दर्ज कीं।

केंद्र तथा मणिपुर सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पीठ को बताया कि दो महिलाओं के यौन उत्पीड़न के मामले में राज्य पुलिस ने जीरो प्राथमिकी दर्ज की थी। जीरो एफआईआर न्यायाधिकार क्षेत्र से परे कहीं पर भी दर्ज कराई जा सकती है और उसे बाद में उस पुलिस थाने में जांच के लिए स्थानांतरित कर दिया जाता है जहां पर अपराध घटित हुआ था। मेहता ने शीर्ष न्यायालय को बताया कि मणिपुर पुलिस ने वीडियो मामले में एक नाबालिग समेत सात लोगों को गिरफ्तार किया है।

▸▸ **अबतक दर्ज करीब 6000 प्राथमिकियों में कितने लोगों को नामजद किया गया**



### पीड़ित महिलाओं के बयान न दर्ज करे सीबीआइ

इससे पहले, उच्चतम न्यायालय ने सीबीआई को मणिपुर में पीड़ित महिलाओं के बयान दर्ज न करने का निर्देश देते हुए कहा कि वह इस मामले से जुड़ी कई याचिकाओं पर अपराह्न दो बजे सुनवाई करेगा। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी परदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने महिलाओं की ओर से पेश वकील निजाम पाशा की दलीलों पर संज्ञान लिया। सीबीआई ने इन महिलाओं को आज अपने समक्ष पेश होने तथा बयान दर्ज कराने को कहा था। उच्चतम न्यायालय ने मणिपुर में संबंधित महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाने के वीडियो को सोमवार को भयावह करार देते हुए प्राथमिकी दर्ज करने में हुई देरी की वजह का पता लगाने का निर्देश दिया था। इसके अलावा न्यायालय ने जांच की निगरानी के लिए सेवानिवृत्त न्यायाधीशों की समिति या फिर विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित करने का सुझाव भी दिया था।

### राज्यसभा में 267 के तहत मणिपुर मुद्दे पर हो लंबी चर्चा : खड़गे

**नयी दिल्ली।** राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि विपक्षी दलों का संगठन (इंडिया) चाहता है कि सदन में नियम 267 के तहत मणिपुर मुद्दे पर लंबी चर्चा हो। खड़गे ने मंगलवार को संसद भवन परिसर में कहा कि सरकार नियम 167 के तहत अल्प समय के लिए चर्चा करानी चाहती है। इतने बड़े मुद्दे पर हम कुछ घंटों में चर्चा कैसे कर सकते हैं? ऐसे में विपक्षी दल चाहते हैं कि नियम 267 के तहत मणिपुर मुद्दे पर लंबी चर्चा कराई जाए। जिससे मामले पर सभी दल अपनी बात रख सकें। खड़गे ने कहा कि हम चाहते हैं कि प्रधानमंत्री इस पर आकर सदन में बयान दें, लेकिन प्रधानमंत्री सदन में आकर बात करने को तैयार नहीं हैं। वो चुनाव प्रचार में हैं। वह अलग-अलग राज्यों में जा रहे हैं। आज हमको धमकाया जा रहा है। हमें कहा जा रहा है कि अगर आप बार-बार उठे तो आपको 'बड़ी शिक्षा' मिलेगी। ये सब चेयरमैन के मुंह से सरकार करवा रही है। खड़गे ने कहा कि राज्यसभा सदस्य रजनी पाटिल को एक सेशन के लिए सस्पेंड कर दिया गया, लेकिन अभी तक उनका सस्पेंशन रिवोक नहीं किया। संजय सिंह ने सवाल पूछा तो उन्हें सस्पेंड कर दिया। विपक्ष के बोलने पर सत्ता पक्ष के लोग उठ कर चिल्लाते हैं और हमारा माइक बंद कर दिया जाता है।

# बादशाहपुर में भड़की हिंसा भोजनालय में लगायी आग

एजेंसी

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम के बादशाहपुर में मंगलवार दोपहर भीड़ ने एक भोजनालय में आग लगा दी और उससे सटी दुकानों में तोड़फोड़ की। पड़ोसी नूंह जिले में विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के जुलूस पर हमले के बाद हुई सांप्रदायिक हिंसा के एक दिन बाद हिंसा का यह ताजा मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया कि दमकल की एक टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया।

बादशाहपुर में भीड़ ने एक समुदाय विशेष की कुछ दुकानों में तोड़फोड़ की और एक मस्जिद के सामने जय श्री राम के नारे भी लगाए। पुलिस ने बताया कि बादशाहपुर बाजार भी बंद कर दिया गया।अधिकारियों ने कहा कि ताजा हिंसा की जानकारी मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची, लेकिन तब तक दंगाई अपनी बाइक और अन्य वाहनों पर सवार होकर फरार हो चुके थे। कुछ संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है।

थाना प्रभारी सतीश कुमार ने कहा कि कुछ युवक बाजार में हंगामा करने की कोशिश कर रहे थे और जय श्री राम के नारे लगा रहे थे। हम घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति को संभाल लिया। हिंसा में अब तक पांच लोगों की मौत हो चुकी है।



### नूंह की घटना बड़े षड्यंत्र का हिस्सा, उपद्रवियों को बख्शा नहीं जायेगा : खट्टर

**नयी दिल्ली।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने नूंह हिंसा में किसी बड़े षड्यंत्र का अंदेशा जताते हुए मंगलवार को कहा कि इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना में शामिल किसी भी उपद्रवी को बख्शा नहीं जाएगा। मुख्यमंत्री ने राज्य के गृह मंत्री अनिल विज के साथ नूंह की वर्तमान स्थिति का जायजा लेने के लिए शीर्ष अधिकारियों के साथ चंडीगढ़ में एक बैठक करने के बाद कहा कि पूरी घटना किसी बड़े षड़यंत्र का हिस्सा लगती है। खट्टर ने कहा, ह्यह्यघटना में नूंह क्षेत्र से बाहर के शामिल लोगों की पहचान की जा रही है। अब तक 44 प्राथमिकी दर्ज की गई है तथा 70 लोगों को नामजद कर हिरासत में लिया गया है। जांच के बाद जो भी दोषी होंगे, उन पर कार्रवाई की जाएगी। किसी भी उपद्रवी को बख्शा नहीं जाएगा।

# पाकिस्तान के सेना कानून में संशोधन

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की संसद ने सैन्य कानूनों में संशोधन करते हुए सेना तथा देश की सुरक्षा से संबंधित संवेदनशील जानकारी का खुलासा करने पर पांच साल तक की जेल की सजा का प्रावधान किया है।

पिछले सप्ताह सीनेट द्वारा इसी विधेयक को पारित किए जाने के बाद निवर्तमान नेशनल असेंबली ने सोमवार को कठोर पाकिस्तान सेना अधिनियम, 1952 में प्रस्तावित संशोधनों का समर्थन किया। दोनों सदनों से समर्थन के बाद राष्ट्रपति आरिफ अल्वी के हस्ताक्षर से यह विधेयक कानून बन जाएगा। पूर्व प्रधानमंत्री और विपक्षी नेता इमरान खान के समर्थकों को कठघरे में लाने के मौजूदा सरकार के प्रयासों के तहत कदम उठाया गया है। कथित भ्रष्टाचार के मामले में इमरान की गिरफ्तारी के बाद उनके समर्थकों ने नौ मई को कई प्रमुख सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमला किया था। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के अध्यक्ष खान को बाद में रिहा कर दिया गया।

**संवेदनशील जानकारी लीक करने पर पांच साल की जेल**

### भाजपा ने पूरे देश में नफरत का केरोसिन फैला दिया है : राहुल

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी और उसके साथ खड़ी ताकतों ने पूरे देश में नफरत का केरोसिन फैला दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि सिर्फ मोहब्बत ही देश में लगी आग को बुझा सकती है।

राहुल गांधी ने हरियाणा के कुछ क्षेत्रों में हुई हिंसक झड़पों और आरपीएफ के एक कांस्टेबल द्वारा चार लोगों की हत्या किए जाने की घटनाओं की पृष्ठभूमि में भाजपा पर निशाना साधा है। उन्होंने ट्वीट किया कि भाजपा, मीडिया और उनके साथ खड़ी ताकतों ने पूरे देश में नफरत का केरोसिन फैला दिया है। सिर्फ. मोहब्बत ही देश में लगी इस आग को बुझा सकती है।

# यूक्रेन ने फिर मॉस्को पर ड्रोन से किया हमला

## जेलेंस्की के गृह नगर में रूस के मिसाइल हमले में छह की मौत

एजेंसी

**मॉस्को।** पिछले डेढ़ साल से युद्ध की विभीषिका में झुलस रहे रूस और यूक्रेन और आक्रामक हो गए हैं। यूक्रेन ने तीन दिन में दूसरी बार मंगलवार सुबह मॉस्को पर ड्रोन हमला किया। इस बार यूक्रेन ने रूस की राजधानी की ऊंची इमारतों को निशाना बनाया। रशियन सैन्य अधिकारियों ने कहा कि इस ड्रोन को मार गिराया है। इस दौरान एक अन्य ड्रोन ऊंचे टॉवर से टकरा गया। इससे पहले 30 जुलाई को यूक्रेन के ड्रोन ने मॉस्को की दो इमारतों को निशाना बनाया था। रूस के रक्षा मंत्रालय ने में कहा कि उसके बलों ने कीव के एक और आतंकवादी हमले को विफल कर दिया और शहर के केंद्र के पश्चिम में उपनगरों में दो ड्रोन गिरा दिए।



**रूस की राजधानी मॉस्को में ऊंची भवनों को यूक्रेन ने बनाया निशाना।**

**गोलीबारी में चार की मौत:** इस बीच क्रेमलिन समर्थित अधिकारियों ने कहा कि पूर्वी यूक्रेन में रूस के कब्जे वाले डोनेट्स्क क्षेत्र के कम से कम चार निवासी सोमवार को यूक्रेनी गोलाबारी में मारे गए। हमलों में अपार्टमेंट और यात्री बसों को नुकसान पहुंचा।

इधर मॉस्को में ड्रोन हमले के बाद रूस ने यूक्रेन पर हमले तेज कर दिए हैं। इस बार रूस ने यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की के गृह नगर क्रिवी रिह को निशाना बनाया। आवासीय क्षेत्र में ताबड़तोड़ मिसाइलें दागीं। इन हमलों में कम से कम छह लोगों की मौत हो गई। मृतकों में एक दस साल की लड़की भी शामिल हैं। रूस की प्रतिक्रिया राष्ट्रपति जेलेंस्की की चेतावनी के बाद आई है। जेलेंस्की ने कहा था कि अब रूस पर हमले और तेज किए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों यूक्रेन ने रूस की राजधानी मॉस्को को निशाना बनाकर तीन ड्रोन हमले किए थे।

# चंदू चैंपियन में कार्तिक आर्यन का फर्स्ट लुक रिलीज

**मुंबई।** कार्तिक आर्यन स्टारर कबीर खान के निर्देशन में बन रहीं अपकमिंग स्पोर्ट्स ड्रामा चंदू चैंपियन ने अपनी घोषणा के बाद से ही लोगों का ध्यान आकर्षित किया है। ऐसे में जबकि हार न मानने वाली इस असाधारण रियल लाइफ स्टोरी को देखने का उत्साह तेज है, निर्माता ने फिल्म से चंदू बने कार्तिक आर्यन का पहला लुक रिवील कर दिया है, जिसे देख वास्तव में लोगों को गर्व महसूस होगा। चंदू के रूप में कार्तिक आर्यन का फर्स्ट लुक आखिरकार सामने आ गया है, जिसमें सुपरस्टार को पूरी तरह से किरदार में डूबा हुआ दिखाया गया है। छोटे बाल और भारत का ब्लेजर पहने कार्तिक ने फिल्म के लिए पहले कभी न देखा गया लुक अपनाया है। इसने वास्तव में फिल्म की रिलीज के लिए उत्साह को एक पायदान ऊपर बढ़ा दिया है।इस फिल्म की शूटिंग कुछ दिनों पहले लंदन में साजिद और वर्धा नाडियाडवाला की मौजूदगी में शुरू हुई है। फिल्म के मुहूर्त शॉट के दौरान कबीर खान और कार्तिक आर्यन के साथ स्पेशल गेस्ट मिनिस्टर ऑफ कल्चर, मीडिया एंड स्पोर्ट्स आरटी माननीय स्टुअर्ट एंड्रयू भी सेट पर मौजूद थे।

बता दें, यह कार्तिक और कबीर की पहली और नाडियाडवाला ग्रैंडसन एंटरटेनमेंट के साथ दूसरी साझेदारी होगी। यह वास्तव में एक बड़ी घोषणा है क्योंकि इंडस्ट्री के तीन दिग्गज एक खिलाड़ी की असल जिंदगी की दिलचस्प कहानी लाने के लिए एक साथ आए हैं। साजिद नाडियाडवाला और कबीर खान द्वारा संयुक्त रूप से निर्मित, चंदू चैंपियन का निर्देशन कबीर खान द्वारा किया जा रहा हैं। इस फिल्म में कार्तिक आर्यन मुख्य भूमिका में हैं।




### रितेश का गाना हर-हर महादेव हो रहा वायरल

**मुंबई।** सुपर स्टार रितेश पांडेय और सारेगामा हम भोजपुरी का नया गाना हर-हर महादेव ने भोजपुरी भक्ति संगीत की दुनिया में माहौल बना दिया है। यह गाना तेजी से वायरल हो रहा है। इस गाने के म्यूजिक वीडियो में रितेश पांडेय का तांडव नृत्य भी मुख्य आकर्षण है, जो उनके फैंस और भोजपुरी म्यूजिक लवर्स को बेहद पसंद आ रहा है। गाने की मेकिंग काफी उत्कृष्ट है और बाबा भोलेनाथ की भक्ति में झूमने को मजबूर कर देने वाला है। इसलिए यह गाना तेजी से वायरल हो रहा है। रितेश पांडेय ने अपने गाने को लेकर कहा कि 'हर हर महादेव' ऐसा जयघोष है, जिसे हम बचपन से सुनते आए हैं। आज हमने उसे अपने गाने के माध्यम से प्रस्तुत किया है। उन्होंने कहा कि सारेगामा हम भोजपुरी के साथ काम करने का अनुभव हमेशा शानदार रहा है। इस बार भी हमने मिलकर एक क्लास भक्ति गाना बनाया है, जो शिवभक्तों के साथ तमाम संगीत प्रेमियों को पसंद आने वाला है। बता दें कि रितेश पांडेय इस सावन कई गाने लेकर आ चुके हैं, जिनमें उनका यह लेटेस्ट गाना है। इस गाने को अब तक 2 मिलियन लोगों ने देख लिया है और तेजी से वायरल हुआ है।




VERMA PRESS ® वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®

श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| • Hindi | ₹ 140 | • Hindi | ₹ 140 |
| • English | ₹ 140 | • English | ₹ 140 |
| • Mathematics | ₹ 140 | • Mathematics | ₹ 140 |
| • Science | ₹ 140 | • Science | ₹ 140 |
| • Social Science | ₹ 140 | • Social Science | ₹ 140 |
| • Sanskrit | ₹ 120 | • Sanskrit | ₹ 120 |
| • Hindi – B | ₹ 140 | • Hindi – B | ₹ 80 |
| • Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | • Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| • English Grammar– II | ₹ 120 | • English Grammar– II | ₹ 120 |
| • Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | • Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| • Hindi Practical | ₹ 55 | • Hindi Practical | ₹ 55 |
| • English Practical | ₹ 55 | • English Practical | ₹ 55 |
| • Maths. Practical | ₹ 65 | • Maths. Practical | ₹ 55 |
| • Science Practical | ₹ 65 | • Science Practical | ₹ 70 |
| • S. Science Practical | ₹ 65 | • S. Science Practical | ₹ 65 |
| • Sanskrit Practical | ₹ 55 | • Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| • Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | • Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| • Science Practical (Combined) | ₹ 90 | • Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| • Mathematics | ₹ 200 | • Mathematics | ₹ 130 |
| • Science | ₹ 200 | • Science | ₹ 200 |
| • Social Science | ₹ 200 | • Social Science | ₹ 130 |
| • Maths. Practical | ₹ 80 | • Maths. Practical | ₹ 80 |
| • Science Practical | ₹ 80 | • Science Practical | ₹ 80 |
| • S. Science Practical | ₹ 80 | • S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!



# एनईपी 2020: भारत का ज्ञान क्रांति की दिशा में मार्गदर्शन



**धर्मेन्द्र प्रधानः**

**(- केंद्रीय शिक्षा एवं कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री)**

ज्ञान शक्ति है। भारत की समृद्ध ज्ञान क्षमता वेदों और उपनिषदों में स्पष्ट है, जो सदियों से ज्ञान के विशाल स्रोत के रूप में कार्य कर रहे हैं। नालंदा और तक्षशिला जैसे हमारे प्राचीन भारतीय विश्वविद्यालयों के साथ, भारत अतीत में एक अंतरराष्ट्रीय ज्ञान का केंद्र रहा है। समय के साथ, भारत की ज्ञान शक्ति और संपदा ने मुगल, मंगोल, ब्रिटिश, डच और पुर्तगालियों सहित बहुत लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा, जिन्होंने इतिहास की विभिन्न अवधियों में भारत पर आक्रमण किया, जिसके परिणामस्वरूप भारत के ज्ञान संपदा की भी अत्यधिक हानि हुई। लेकिन यह सर्वविदित और स्वीकृत तथ्य है कि आक्रमणकारी हमारी भूमि को लूट सकते थे और हमारे विश्वविद्यालयों को नष्ट कर सकते थे, लेकिन वे हमारी भूमि के गुरुओं और योगियों से सदैव पराजित हुए।

दूसरी औद्योगिक क्रांति के दौरान ब्रिटेन ने दुनिया का नेतृत्व किया, जबकि तीसरी औद्योगिक क्रांति का नेतृत्व अमेरिका ने किया।

इन अपेक्षित परिवर्तनों के बीच, 2014 में, माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत की शिक्षा प्रणाली को 21वीं सदी की वैश्विक ज्ञान महाशक्ति में बदलने का दृष्टिकोण सामने रखा। 260 मिलियन से अधिक स्कूल जाने वाले बच्चों और 40 मिलियन से अधिक उच्च शिक्षा प्राप्त छात्रों के साथ, भारत की शिक्षा प्रणाली वैश्विक स्तर पर सबसे बड़ी शिक्षा प्रणालियों में से एक है। आम जनता सहित हितधारकों के साथ व्यापक चर्चा के पश्चात, 34 वर्षों के अंतराल के बाद राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 का शुभारंभ किया गया। जैसे-जैसे हम 29 जुलाई, 2023 के करीब पहुंच रहे हैं, हम शिक्षा पर एक 'महाकुंभ' 2-दिवसीय अखिल भारतीय शिक्षा समागम के साथ राष्ट्रीय शिक्षा नीति की तीसरी वर्षगांठ मना रहे हैं।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के पिछले तीन वर्ष महत्वपूर्ण उपलब्धियों के साक्षी बने हैं। भारत के इतिहास में पहली बार, प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा (ईसीसीई) को औपचारिक स्कूली शिक्षा प्रणाली में एकीकृत किया गया है, इस साक्ष्य को मान्यता देते हुए कि बच्चे के संपूर्ण मस्तिष्क का 80 प्रतिशत से अधिक विकास 8 वर्ष की आयु से पहले होता है। इसके अतिरिक्त, 3-8 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए बुनियादी स्तर के पहले राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा (एनसीएफ-एफएस) के विकास में खेल-आधारित शिक्षाशास्त्र पर बल दिया गया है। इस रूपरेखा में बातचीत, कहानियां, संगीत, कला, शिल्प, खेल, क्षेत्रीय प्राकृतिक यात्राएं और सामग्री एवं खिलौनों के साथ इंटरैक्टिव खेल जैसी विभिन्न गतिविधियां शामिल हैं। इस दृष्टिकोण के एक उदाहरण के रूप में जादुई पिटारे (जादुई बक्सा) को स्कूलों को अपनाने के लिए तैयार किया गया है।

एनसीएफ-एफएस पर आधारित कक्षा 1 और 2 के लिए पाठ्यपुस्तकें जारी की गई हैं, जो 2026 तक मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान प्राप्त करने के लिए राष्ट्रीय निपुण भारत मिशन की पूरक हैं। स्कूली शिक्षा के लिए आगामी नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क फॉर स्कूल एजुकेशन (एनसीएफ-एसई) के अनुरूप लगभग 150 नई पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध कराई जाएंगी। ये अमृत काल की पुस्तकें होंगी

## नयी शिक्षा नीति 2020: विकसित भारत की ओर अग्रसर मार्ग

और एनईपी-2020 के तहत बहुभाषी शिक्षा के दृष्टिकोण को बढ़ावा देते हुए इन्हें कम से कम 22 भारतीय भाषाओं में विकसित किया जाएगा।

प्रधानमंत्री ई-विद्या के माध्यम से पाठ्य-पुस्तकों के डिजिटल संस्करणों को सुलभ बनाया जा रहा है, जिससे न्यायसंगत और ऑन-डिमांड पहुंच सुनिश्चित की जा रही है। एनईपी की सही भावना का प्रतिनिधित्व करने वाले उभरते भारत के लिए पीएम श्री स्कूल भी पूरे देश में स्थापित किए जा रहे हैं।

इसके अलावा, एक एकीकृत राष्ट्रीय क्रेडिट फ्रेमवर्क (एनसीआरएफ) पेश किया गया है जो स्कूल, उच्च और कौशल शिक्षा एवं प्रशिक्षण क्षेत्रों में औपचारिक और अनौपचारिक शिक्षा को क्रेडिट रखता है। एनसीआरएफ विभिन्न स्तरों पर एकाधिक प्रवेश और निकास को सक्षम बनाता है, जिससे छात्रों को अपने जीवन में किसी भी समय उच्च शिक्षा प्रणाली में फिर से प्रवेश करने की अनुमति मिलती है। मान्यता के लिए क्रेडिट छात्र के अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट (एबीसी) में जमा हो जाएगा।

प्रौद्योगिकी छात्रों को ऑनलाइन डिग्री कार्यक्रम हासिल करने में सक्षम बना रही है, शिक्षार्थियों को अधिक सुग्राहयता प्रदान कर रही है और विशेष रूप से दूरदराज के क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच बढ़ा रही है। अब स्वयं पोर्टल पर ऑनलाइन पाठ्यक्रमों के माध्यम से भी क्रेडिट अर्जित किया जा सकता है और जल्द ही, भारत में अपनी तरह की एक डिजिटल यूनिवर्सिटी स्थापित की जाएगी।

मांग-आधारित कौशल को सक्षम करने, एमएसएमई सहित नियोक्ताओं के साथ जुड़ने और उद्यमिता योजनाओं तक पहुंच की सुविधा के लिए एकीकृत इकोसिस्टम को और भी मजबूत किया गया है। हम कौशलपूर्ण उम्मीदवारों की वैश्विक गतिशीलता को सुविधाजनक बनाने पर भी कार्य कर रहे हैं। युवाओं को अंतरराष्ट्रीय मानक कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने और कुशल कार्यबल के लिए विदेशी अवसरों को बढ़ाने के उद्देश्य से 30 भारत अंतर्राष्ट्रीय कौशल केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं। उद्योग 4.0 की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विशेष रूप से तैयार 330 से अधिक वर्तमान समयानुरूप पाठ्यक्रम विकसित किए गए हैं।

> एनईपी 2020 ने सामान्य शिक्षा के साथ अपने एकीकरण और मुख्यधारा के माध्यम से व्यावसायिक शिक्षा पर विशेष जोर दिया है। हम स्कूल स्तर पर कौशल कार्यक्रम का शुभारंभ करने के लिए समग्र शिक्षा और कौशल भारत मिशन के बीच सामंजस्य बना रहे हैं। छात्रों और स्कूल छोड़ने वाले विद्यार्थियों को व्यापक कौशल और व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान करने के लिए स्कूलों में 5000 कौशल केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं।

शिक्षण में भाषा संबंधी बाधाओं को दूर करने के लिए, कई उच्च शिक्षा संस्थान अब कई भारतीय भाषाओं में तकनीकी कार्यक्रम प्रस्तुत कर रहे हैं। एआई अनुवाद उपकरण विभिन्न भारतीय भाषाओं में पाठ्य-पुस्तकों के अनुवाद की सुविधा प्रदान कर रहे हैं। जेईई, एनईईटी और सीयूईटी जैसी प्रमुख प्रवेश परीक्षाएं अब 13 भाषाओं में उपलब्ध हैं।

शिक्षा के अंतर्राष्ट्रीयकरण के क्षेत्र में, भारत के संस्थान विदेशों में परिसर स्थापित कर रहे हैं जबकि आईआईटी मद्रास का जांजीबार-तंजानिया में अपने नियोजित परिसर के साथ वैश्विक रूप से विस्तार हो रहा है, इस महीने के प्रारंभ में प्रधानमंत्री मोदी की उपस्थिति में संयुक्त अरब अमीरात में आईआईटी दिल्ली के परिसर को स्थापित करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर भी हस्ताक्षर किए गए। उल्लेखनीय विदेशी विश्वविद्यालय भी गुजरात की गिफ्ट सिटी में अपने परिसर स्थापित कर रहे हैं, और निकट भविष्य में विदेशों में एक स्कूल बोर्ड सहित अन्य भारतीय संस्थानों की उपस्थिति का और विस्तार करने की महत्वाकांक्षी योजनाएँ हैं।

अमृत काल के अंतर्गत विकसित भारत का स्वप्न, अमृत पीढ़ी की आकांक्षाओं को पूरा करके ही साकार किया जा सकता है।

# आर्थिक रूप से आगे बढ़ती महिलायें





**प्रिया राज**

'परिदृश्य बदल रहा है। महिलाओं की भागीदारी सभी क्षेत्रों में उल्लेखनीय रूप से बढ़ रही है।' ये कुछ चुनिन्दा पंक्तियां हैं जो यदाकदा अखबारों में, टीवी न्यूज चैनल पर, और नेताओं के मुंह से सुनी जाती रही है। अपने क्षेत्र में खास उपलब्धियां हासिल करने वाली कुछ महिलाओं का उदाहरण देकर हम महिलाओं की उन्नति को दर्शाते हैं। पर अगर आप ध्यान दे तो कुछ अदभुत करने वाली महिलाएं तो हर काल में रही है। सीता से लेकर द्रौपदी, रजिया सुल्तान से लेकर रानी दुर्गावती, रानी लक्ष्मीबाई से लेकर इंदिरा गांधी एवं किरण बेदी एवं सानिया मिर्ज़ा। परन्तु महिलाओं की स्थिति में कितना परिवर्तन आया? और आम महिलाओं ने परिवर्तन को किस तरह से देखा?

दरअसल असल परिवर्तन तो आना चाहिए आम लोगों के जीवन में। जरुरत है उनकी सोच में परिवर्तन लाने की। उन्हें बदलने की। आम महिलाओं के जीवन में परिवर्तन, उनकी स्थिति में, उनकी सोच में परिवर्तन। उनके खिलाफ अपराध बढ़ रहे हैं। शहर असुरक्षित होते जा रहे हैं। कुछ चुनिंदा घटनाओं एवं कुछ चुनिंदा लोगों की वजह से कई सारी अन्य महिलाओं एवं लड़कियों के बाहर निकलने के दरवाजे बंद हो जाते हैं। जरुरत है बंद दरवाजों को खोलने की। रौशनी को अंदर आने देने की। प्रकाश में अपना प्रतिबिम्ब देखने की। उसे सुधारने की । निहारने की। निखारने की। इसी कड़ी में एक और दरवाजा है आत्मनिर्भरता। आर्थिक आत्म निर्भरता। उन्हें बचपन से सिखाया जाता है कि खाना बनाना जरूरी है। जरुरत है कि सिखाया जाये कि कमाना भी जरूरी है। आर्थिक रूप से सक्षम होना भी जरूरी है। परिवार के लिये नहीं वरन अपने लिए। पैसे से खुशियां नहीं आती, पर बहुत कुछ आता है जो साथ खुशियां लाता है।अगर शिक्षा में कुछ अंश जोड़ें जाये जो आपको किताबी ज्ञान के साथ व्यावहारिक ज्ञान भी दे। आपके कौशल को उपयुक्त बनाये। आपको इस लायक बनाये कि आप अपना खर्च तो वहन कर ही सके। तभी शिक्षा के मायने सार्थक होंगे। जरूरी नहीं कि हर कमाने वाली लड़की डॉक्टर या शिक्षिका हो। वे खाना बना सकती है। पार्लर चला सकती है। कपड़े सी सकती हैं। उन्हें ये सब आता है। वे ये सब करती हैं। पर सिर्फ घर में। उनके इसी हुनर को घर के बाहर लाना है। आगे बढ़ाना है। ये एक सोच है। जरूरत है इस सोच को आगे बढ़ाने की। उनके कौशल को उनकी जीवन रेखा बनाने की। ताकि समय आने पर वे व्यवसाय कर सके। अपना परिवार चला सके। ये उन्हें गति देगा। दिशा देगा। आत्माभिमान देगा। आत्मविश्वास देगा। वे दबेगी नहीं। डरेगी नहीं। ये एक खुशहाल भविष्य की कामना है। अमल करें। अभी करें।

# अपने आप पर भरोसा, सफलता की गांरटी

**आत्मविश्वास से आशय स्वंय पर विश्वास एवं नियंत्रण से है। हमारे जीवन में आत्मविश्वास का होना उतना ही आवश्यक है जितना किसी फूल में खुशबू का होना। आत्मविश्वास के बगैर हमारी जिंदगी एक जिन्दा लाश के समान हो जाती है। कोई भी व्यक्ति कितना भी प्रतिभाशाली क्यों न हो, वह आत्मविश्वास के बिना कुछ नहीं कर सकता। आज युवाओं के इस देश में सिर्फ मनोबल बढ़ाये रखने की आवश्यकता है।**

आत्मविश्वास ही सफलता की नींव है, आत्मविश्वास की कमी के कारण व्यक्ति अपने द्वारा किये गए कार्य पर संदेह करता है और नकारात्मक विचारों के जाल में फंस जाता है। आत्मविश्वास उसी व्यक्ति के पास होता है जो स्वंय से संतुष्ट होता है एंव जिसके पास दृढ़ निश्चय, मेहनत, लगन, साहस, वचनबद्धता आदि संस्कारों की सम्पत्ति होती है।

- सबसे पहले अपना लक्ष्य तय करें एवं उन्हें पूरा करने के लिए वचनबद्ध रहें। जब आप अपने द्वारा बनाये गए लक्ष्य को पूरा करते हैं तो यह आपके आत्मविश्वास को कई गुना बढ़ा देता है।
- ऐसे लक्ष्य बनाएं जिसे आप प्राप्त कर सकें क्योंकि जब आप ऐसे लक्ष्य बनाते हैं जिसे आप पूरा नहीं कर सकते तो यह आपके मनोबल को गिरा देते हैं और आपका स्वंय पर विश्वास कम हो जाता है। लक्ष्य स्पष्ट होना चाहिए।
- खुश रहकर खुद को प्रेरित करें। असफलता से दुखी न होकर उससे सीख लें।
- हमेशा आसान काम पहले करें और मुश्किल काम बाद में। क्योंकि जब आप पहले आसान कार्य अच्छे से कर लेते हैं तो दबाव कम हो जाता है और आत्मविश्वास बढ़ता है जिससे मुश्किल कार्य भी आसान बन जाता है।
- जब भी सोंचे तो सकारात्मक ही सोचें। इससे आत्मबल में वृद्धि होती है। विनम्र रहें एंव दिन की शुरुआत किसी अच्छे कार्य से करें।
- इस दुनिया में नामुनकिन कुछ भी नहीं है। आत्मविश्वास का सबसे बड़ा दुश्मन किसी भी कार्य को करने में असफलता होने का डर है एवं डर को हटाना है तो वह कार्य अवश्य करें जिसमें आपको डर लगता है।
- वह कार्य करें जिसमें आपकी रुचि हो एंव कोशिश करें कि अपने करियर को उसी दिशा में आगे ले, जिसमें आपकी रुचि हो।
- दूसरों की देखा-देखी मत कीजिए, वह पहनिए जो आपको अच्छा लगे या मन को भाये। कपड़े कम खरीदिये लेकिन अच्छे खरीदिये।
- व्यवहारकुशल बनें और हमेशा नम्रता व मुस्कराहट के साथ व्यवहार करें। इससे न केवल आपका आत्मविश्वास में बढ़ोतरी होगी, बल्कि इससे आपके अच्छे मित्रों की संख्या भी बढ़ेगी। अच्छे मित्र हमेशा मदद करने के लिए तैयार रहते हैं और आपके सुख दुख में हमेशा आपके साथ होते हैं।
- वर्तमान में जियें। क्योंकि न तो भूतकाल एंव न ही भविष्यकाल पर हमारा नियंत्रण है। बच्चों से दोस्तीं करें और आत्मचिंतन करें।



ध्यान, योग एवं प्राणायाम करें। अपने लिए समय निकालें और कुछ समय एकांत में बिताएं। स्वंय से बात करें और यह महसूस करें कि आप एक बेहतर इन्सान हैं।



**सोनाली भट्टाचार्या**

- अपनी सफलताओं को याद करें और कल्पना करें कि आप कुछ भी कर सकते हैं और आपके लिए नामुकिन कुछ भी नहीं।
- हमेशा चिंतामुक्त रहने की आदत बनायें, रचनात्मक तरीके से सोचें और कुछ न कुछ नया करते रहें। दिन में कुछ समय संगीत सुनने, खेलने अथवा रचनात्मक कार्यों के लिए जरूर निकालें।
- आत्मनिर्भर बनें एंव जितना हो सके अपने कार्य स्वंय करने की कोशिश करें। आत्मनिर्भरता से आपका लेवल बढ़ता है।
- उस बारे में सोचना बंद कर दें जिस पर हमारा नियंत्रण न हो। अगर आप उस बातों या परिस्थितियों की वजह से दुखी हो जाते है जो आपके नियंत्रण में नहीं है तो इसका परिणाम समय की बर्बादी व भविष्य पछतावा है जिससे आपका मनोबल गिरता है।
- आप अपने लक्ष्य के प्रति अडिग रहें और अपना सौ प्रतिशत मेहनत व लगन से बड़े से बड़ा मुश्किल कार्य आसान हो जाता है। अगर लक्ष्य को प्राप्त करना है तो बीच में आने वाली बाधाओं को पार करना होगा, मेहनत करनी होगी, बार बार दृढ़ निश्चय से कोशिश करनी होगी।
- असफल लोगों के पास बचने का एकमात्र साधन यह होता है कि वे मुसीबत आने पर अपने लक्ष्य को बदल देते हैं। इससे ऐसे लोगों से बचें।अगर आपको सफल होना है तो अपने लक्ष्य पूरे करने की आदत बनाईये न कि उन्हें बार बार बदलने की, अगर आपका अपने लक्ष्य के प्रति दृढ़ निश्चय नहीं है तो आपके आत्मबल का गिरना तय है। **(अधिवक्ता झारखंड उच्च न्यायालय सह मोटिवेटर हैं।)**

### लोग क्या कहेंगे,यह मत सोचिये

**सबसे बड़ा यही रोग है कि लोग क्या कहेंगे। ज्यादातर लोग कोई भी कार्य करने से पहले कई बार यह सोचते हैं कि वह कार्य करने से लोग उनके बारे में क्या सोचेंगे या क्या कहेंगे और इसलिए वे कोई निर्णय ले ही नहीं पाते एवं सोचते ही रह जाते हैं एंव समय उनके हाथ से पानी की तरह निकल जाता है। ऐसे लोग हमेशा डर-डर के जीते हैं और बाद में पछताते हैं। इसलिए दोस्तों ज्यादा मत सोचिये जो आपको सही लगे वह कीजिये क्योंकि शायद ही कोई ऐसा कार्य होगा जो सभी लोगों को पसंद आये।**

# जॉब की अनिश्चितता से आप डरें नहीं डटें रहें





**के खुशी**

यदि आपको कभी लगता है कि आपकी कंपनी आपको नौकरी से निकाल सकती है तो ऐसा मत मानिये कि किसी प्रकार का नौकरी लॉस इंश्योरेंस आपको नई नौकरी पाने के दौरान कुछ महीनों तक सहारा देता रहेगा।

इस बात के आसार भी हो सकते हैं कि आप इसकी पात्रता भी ना रखते हों। टेक्नॉलॉजी सेक्टर में छंटनी का दौर चल रहा है। ऐसे में कर्मचारी ऐसे किसी विकल्प की तलाश में हैं जिससे उन्हें नौकरी खोने का भी बीमा मिल सके। आइये इसके बारे में कुछ और बातें जानते हैं...

- स्टैंड अलोन जॉब लॉस कवर उपलब्ध नहीं हैं। किसी भी प्रकार की बीमा कंपनी ऐसी पॉलिसी नहीं चलाती है। अन्य पॉलिसियां जो एक्सीडेंट और गंभीर बीमारी को कवर करती हैं, उसमें यह उपलब्ध है।
- यह केवल उन तीन सबसे बड़ी ईएमआइ के लिए हैं जो कि अपनी आय का पचास प्रतिशत किश्त में चुकाते हैं।
- एक से तीन महीने का समय वेटिंग पीरियड में आता है, इसका क्लेम केवल उसी समयावधि के लिए किया जा सकता है।
- छंटनी के मामले में पॉलिसी तभी लागू होती है जब नियोक्ता विलय या अधिग्रहण के चलते आपकी छंटनी कर दे। इसके लिए आपको छंटनी का लिखित प्रमाण चाहिये। बिना प्रमाण के लिए यह क्लेम मान्य नहीं होगा।
- कई पॉलिसियां ऐसी होती हैं जो कि इस तरह के क्लेम को मान्य नहीं करती। इसके अलावा विभिन्न बीमा में छंटनी को एक सूची के जरिये देखा जाता है।
- यदि नौकरी के रिस्क को लेकर कोई क्लेम पेश किया जाता है तो इसमें बहुत सारी शर्तें देखना होंगी।
- नौकरी के लॉस कवर का सीमित क्षेत्र देखते हुए इसका कोई विकल्प उपलब्ध नहीं है।
- छंटनी का प्रमाण रखना बेहद जरूरी है क्योंकि वही चीज आपके काम आएगी।